नई दिल्ली

बुधवार, दिसंबर 17, 2025

पौष मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी

वर्ष : 29, अंक : 244

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 23
न्यून. 11

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


विजय दिवस पर महामहिम की शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि...

## राष्ट्रपति भवन में बनाई गई 'पीवीसी' विजेताओं की पहली दीर्घा का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन



**इस अवसर पर रक्षा मंत्री, सीडीएस समेत तीनों सेनाप्रमुखों की राष्ट्रपति भवन में रही मौजूदगी**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को विजय दिवस के मौके पर राष्ट्रपति भवन में विशेष रूप से तैयार की गई देश के 21 परमवीर चक्र (पीवीसी) विजेताओं की पहली दीर्घा (गैलरी) का उद्घाटन किया है। जो उनके द्वारा इस महत्वपूर्ण अवसर पर समस्त देशवासियों को दी गई एक अविस्मरणीय और अनुकरणीय भेंट है। इस खास मौके पर राष्ट्रपति भवन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह और नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के.त्रिपाठी मौजूद थे। राष्ट्रपति भवन ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 16 दिसंबर को जिस परमवीर दीर्घा का उद्घाटन किया है। उसमें युद्धकाल के सर्वोच्च सैन्य अलंकरण पीवीसी से सम्मानित सभी 21 विजेताओं के चित्र ▸▸ शेष पेज 5 पर

*हरिभूमि ने इस विषय पर एक खबर को मंगलवार को ही अपने दिल्ली समेत अन्य संस्करणों में प्रमुखता से प्रकाशित कर अपने सुधी पाठकों तक पहुंचा दिया था।*

### विजय दिवस मनाने की वजह

गौरतलब है कि भारत में हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसके पीछे इसी दिन 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को बुरी तरह से परास्त करने के बाद मिली प्रचंड जीत को समर्पित है। 16 दिसंबर 1971 भारत के सैन्य इतिहास वो ऐतिहासिक तारीख है। जब पाकिस्तान ने अपने करीब 93 हजार सैनिकों के साथ भारत के समक्ष आत्मसमर्पण करते हुए अपनी बेहद शर्मनाक हार दुनिया के सामने स्वीकार की थी और उसी के साथ ही विश्व मानचित्र पर बांग्लादेश के रूप में एक नया और अलग देश सबके सामने उभरा था। विजय दिवस के मौके पर तीनों सेनाओं के देशभर में मौजूद सैन्य प्रतिष्ठानों, यूनिटों में शहीदों की याद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### गुलामी की मानसिकता से मिलेगा छुटकारा

राष्ट्रपति भवन के मुताबिक, भवन के जिन गलियारों में यह परमवीर दीर्घा बनाई गई है। वहां पहले ब्रिटिश सहायक अधिकारियों के चित्र लगे होते थे। लेकिन अब भारत के राष्ट्रीय नायकों के चित्र प्रदर्शित करने की यह पहल औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागने और भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत और शाश्वत परंपराओं को गर्व से अपनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

### युद्धकाल का सर्वोच्च सम्मान

परमवीर चक्र भारत रत्न के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित सम्मान है। जिसे युद्धकाल में किसी सैन्यकर्मी द्वारा दुश्मन के सामने प्रदर्शित की जाने वाली उच्च-कोटि की शूरवीरता, त्याग और बलिदान के लिए प्रदान किया जाता है। आजादी के बाद से लेकर अब तक 21 सैन्य ▸▸ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रपति ने किया ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र

विजय दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही उन्होंने लिखा, विजय दिवस के अवसर पर मैं भारत माता के वीर सपूतों को सादर नमन करती हूं। उनके साहस, पराक्रम और मातृभूमि के लिए अनन्य निष्ठा ने राष्ट्र को सदा गौरवान्वित किया है। सैन्य योद्धाओं की वीरता और राष्ट्रप्रेम देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे। राष्ट्रपति ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा ▸▸ शेष पेज 5 पर

---

**जॉर्डन के क्राउन प्रिंस का पीएम मोदी को विशेष सम्मान...**

» अपनी गाड़ी खुद चलाकर जॉर्डन संग्रहालय से लेकर हवाईअड्डे तक छोड़ने गए अल हुसैन, संग्रहालय का व्यक्तिगत दौरा किया

# प्रधानमंत्री की जॉर्डन यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच निष्कर्ष रूप में सामने आए 5 दस्तावेज

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी जॉर्डन यात्रा में शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ उच्च-स्तरीय बैठकों के अलावा मंगलवार को क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला-द्वितीय के साथ भी मुलाकात की। भारत के शीर्ष नेता की इस यात्रा के निष्कर्ष के रूप में दोनों देशों के बीच पांच अहम दस्तावेज सामने आए हैं।

जिनमें 2 एमओयू, 1 समझौता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम से जुड़ा चार वर्षीय नवीनीकरण दस्तावेज के साथ ही सफल डिजिटल समाधानों को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए एक आशय पत्र पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। पीएम मोदी और क्राउन प्रिंस ने साथ में जॉर्डन के प्राचीन और ऐतिहासिक संग्रहालय का व्यक्तिगत दौरा किया। जिसमें जॉर्डन के क्राउन प्रिंस ने भारतीय पीएम को एक विशेष भाव के साथ सम्मान देते हुए न केवल उन्हें अपनी ▸▸ शेष पेज 5 पर

## संपन्न हुई प्रधानमंत्री की जॉर्डन यात्रा





### संग्रहालय से की ऐतिहासिक संबंधों की खोज

पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में बताया कि महामहिम युवराज अल हुसैन के साथ जॉर्डन संग्रहालय का दौरा दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों की खोज के अलावा विकास और विरासत से भी जुड़ा हुआ है। संग्रहालय में ही मैंने और युवराज ने साझा सांस्कृतिक संबंधों और दीर्घकालिक ऐतिहासिक संबंधों के मामले पर चर्चा की। मैंने संग्रहालय के न्यासी मंडल की उपाध्यक्ष राजकुमारी सुमाया बिन्त अल हसन के साथ संग्रहालय का ये निजी दौरा किया।

### द्विपक्षीय संबंधों को सामरिक साझेदारी के स्तर पर ले जाने के लिए सहमत भारत- इथोपिया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इथोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के बीच मंगलवार को अदीस अबाबा में हुई द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में भारतीय पीएम ने दोनों देशों के संबंधों को सामरिक साझेदारी के स्तर तक लेकर जाने की घोषणा की है। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह देश अफ्रीकी डिप्लोमैसी का मुख्य केंद्र है। एक समावेशी विश्व के साझा विजन से प्रेरित होकर भारत ▸▸ शेष पेज 5 पर

भारत-जॉर्डन एक विश्वस्तरीय भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला साझेदार बनने के उद्देश्य से मिला सकते हैं हाथ

## अगले पांच वर्षों में जॉर्डन के साथ व्यापार को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाएगा भारतः प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

*अम्मान में मंगलवार को आयोजित किए गए भारत-जॉर्डन व्यापार मंच को संबोधित करते हुए बोले पीएम मोदी*

दुनियाभर में जारी आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों के जटिल दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अम्मान में जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय के साथ 'भारत-जॉर्डन व्यापार मंच' को संबोधित किया। जिसमें सबसे पहले उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को ▸▸ शेष पेज 5 पर

### आर्थिक गलियारे का निर्माण संभवः किंग अब्दुल्ला

जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला ने भी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह ही दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने की वकालत की है। शीर्ष नेताओं ने दोनों देशों के उद्योगपतियों से आह्वान किया कि वे इस क्षेत्र में संभावनाओं, अवसरों से प्रगति और समृद्धि हासिल करें। उन्होंने कहा, जॉर्डन के मुक्त ▸▸ शेष पेज 5 पर

---

पवन खेड़ा बोले- कोर्ट के फैसले से साबित हो गया है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ फर्जी केस मोदी-शाह की बदले की भावना से पैदा हुआ था

## नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट का फैसला सत्य की जीतः कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

**मोहम्मद खान ने कहा- इस केस में कभी दम था ही नहीं, मोदी सरकार इतने संसाधन और समय लगाने के बावजूद भी केस नहीं बना पा रही है, क्योंकि झूठ के पैर नहीं होते**

कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड मामले में



कोर्ट के फैसले को सत्य की जीत करार देते हुए कहा है कि इससे यह साबित हो गया है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ केस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित था। विदित हो दिल्ली की विशेष अदालत ने ईडी की द्वारा दाखिल चार्जशीट को खारिज कर दिया। विशेष अदालत ने कहा किसी निजी व्यक्ति के द्वारा शिकायत के आधार पर बुना गया ये मामला मेंटेबल नहीं। बहुप्रचारित इस केस में सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन्स, डोटेक्स मेरचेंडीसे और सुनील भंडारी पर आरोप तय होना था जिसे विशेष ▸▸ शेष पेज 5 पर

भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मिले सीएम सैनी, नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में की मुलाकात

## कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन के नेतृत्व में भाजपा ऊंचाई के नए शिखर को छुएगीः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचकर भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। इसके उपरांत मीडिया से



बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा ऊंचाई के नए शिखर को छुएगी। उन्होंने कहा कि नबीन वरिष्ठ और जमीन से जुड़े कार्यकर्ता हैं। उनकी युवाओं से बेहद स्नेह है और युवाओं में पकड़ भी है। वे भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं, जिन्हें भाजपा की उच्च स्तर की जिम्मेदारी, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जगत प्रकाश ▸▸ शेष पेज 5 पर

---

# वांतारा की विशेष यात्रा पर लियोनेल मेस्सी ने अनंत अंबानी के साथ पवित्र भारतीय परंपराओं एवं वन्यजीवों के बीच अविस्मरणीय अनुभव साझा किए...



अनंत अंबानी द्वारा मेस्सी का आलिंगन करते हुए

















अनंत अंबानी द्वारा मेस्सी से हाथ मिलाकर बातचीत करते हुए

**जामनगर, भारत।** वैश्विक फुटबॉल आइकन लियोनेल मेस्सी ने अनंत अंबानी द्वारा स्थापित वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र वांतारा का विशेष दौरा किया। इस केंद्र में परंपरानुसार हर पहल की शुरुआत सनातन धर्म के अनुरूप आशीर्वाद लेने से होती है, जो प्रकृति के प्रति श्रद्धा और सभी जीवित प्राणियों के प्रति सम्मान पर बल देता है। मेस्सी की यह यात्रा इसी सांस्कृतिक लोकाचार की झलक थी—उन्होंने पारंपरिक हिंदू अनुष्ठानों में भाग लिया, वन्यजीवों का अवलोकन किया और देखभालकर्ताओं तथा संरक्षण टीमों से संवाद किया। यात्रा के दौरान उनकी गतिविधियों में वह विनम्रता और मानवीय संवेदनशीलता परिलक्षित हुई, जिसके लिए वे व्यापक रूप से पहचाने जाते हैं, और वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के चलते अनंत अंबानी के साथ उनके आत्मीय संबंध और मित्रता भी उजागर हुई।


मेस्सी अपने इंटर मियामी के साथी खिलाड़ियों लुइस सुआरेज़ और रोड्रिगो डी पॉल के साथ पहुंचे, जहाँ उनका भव्य पारंपरिक शैली में स्वागत किया गया। स्वागत में जीवंत लोकसंगीत, आशीर्वाद और शुभ भावना का प्रतीक पुष्पवर्षा, तथा औपचारिक आरती शामिल थी। फुटबॉल दिग्गज ने मंदिर में महा आरती में भी भाग लिया, जिसमें अंबे माता पूजा, गणेश पूजा, हनुमान पूजा और शिव अभिषेक सम्मिलित थे। इस अवसर पर विश्व शांति और एकता की प्रार्थना की गई, जो भारत की सभी जीव-जंतुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान की शाश्वत परंपरा के अनुरूप है। स्वागत के बाद मेस्सी ने वांतारा के विशाल संरक्षण-परिसर का निर्देशित भ्रमण किया। यह परिसर बचाए गए बड़े बिलौटों (बिग कैट्स), हाथियों, शाकाहारी जीवों, सरीसृपों और दुनिया भर से लाए गए कम उम्र के पशुओं के पुनर्वास व देखभाल का केंद्र है। उन्होंने ग्रीन एनर्जी कॉम्प्लेक्स और दुनिया के सबसे बड़े रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स का भी दौरा किया, जहाँ संचालन के पीछे मौजूद विशाल पैमाने और दूरदृष्टि को देखकर उन्होंने प्रशंसा व्यक्त की।शेरों, तेंदुओं, बाघों और अन्य लुप्तप्राय प्रजातियों के देखभाल केंद्र में मेस्सी ने समृद्ध और प्राकृतिक माहौल में फल-फूल रहे जानवरों के साथ समय बिताया; कई जानवर उत्सुकतापूर्वक उनके पास भी आए। इसके बाद उन्होंने हर्बिवोर केयर सेंटर और रिपटाइल केयर सेंटर का दौरा किया, जहाँ उन्होंने विशेष पशु-चिकित्सा देखभाल, अनुकूलित पोषण, व्यवहार-आधारित प्रशिक्षण और सुव्यवस्थित पशुपालन प्रोटोकॉल के तहत जानवरों की उत्कृष्ट देखरेख देखी—जो वन्यजीव कल्याण में वांतारा के वैश्विक नेतृत्व को दर्शाती है। यात्रा के दौरान उन्होंने मल्टी-स्पेशियलिटी वाइल्डलाइफ हॉस्पिटल भी देखा, जहाँ उन्होंने वास्तविक समय में नैदानिक और शल्य-चिकित्सकीय प्रक्रियाओं का अवलोकन किया, और बाद में ओकापी, गैंडे, जिराफ और हाथियों को खाना भी खिलाया। वैश्विक दृष्टि से उन्होंने देश में वन्यजीव देखभाल और संरक्षण को आगे बढ़ाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता की भी सराहना की। फॉस्टर केयर सेंटर, जो अनाथ और संवेदनशील/कमज़ोर छोटे जानवरों के लिए समर्पित है, वहाँ मेस्सी ने उनके संघर्ष और पुनर्निर्माण की प्रेरक यात्राओं के बारे में जाना। एक भावुक और हृदयस्पर्शी क्षण में अनंत अंबानी और राधिका अंबानी ने मिलकर एक शेर के शावक का नाम "लियोनेल" रखा—यह नाम अब आशा और निरंतरता का प्रतीक बन गया है, जो फुटबॉल दिग्गज के सम्मान में दिया गया। दौरे का सबसे खास आकर्षण एलिफेंट केयर सेंटर रहा, जहाँ मेस्सी मणिकलाल से मिले—एक बचाया गया हाथी का बच्चा, जिसे दो साल पहले उसकी बीमार माँ प्रतिमा के साथ लकड़ी उद्योग में कठोर श्रम से मुक्त कराया गया था। एक ऐसी घटना में जिसने पूरे केंद्र का दिल जीत लिया, मेस्सी ने मणिकलाल के साथ अचानक एक फुटबॉल-आधारित एनरिचमेंट गतिविधि में भाग लिया और खेल व खेलभावना की सार्वभौमिक भाषा का सुंदर प्रदर्शन किया। हाथी के बच्चे ने इस गतिविधि पर उत्साह से प्रतिक्रिया दी और खेल-खेल में ऐसे अंदाज दिखाए, जिनसे उसकी उभरती क्षमताएँ झलकती थीं—यह पल मेस्सी की भारत यात्रा के सबसे यादगार क्षणों में से एक बन गया। अनंत अंबानी ने वांतारा आने और जानवरों व मानवता के प्रति निस्वार्थ रूप से प्रेरणा देने के लिए मेस्सी का आभार व्यक्त किया। इसके उत्तर में मेस्सी ने स्पेनिश में कहा, "वांतारा जो करता है, वह सचमुच बहुत सुंदर है—जानवरों के लिए किया जाने वाला काम, उन्हें मिलने वाली देखभाल, और जिस तरीके से उन्हें बचाकर सुरक्षित रखा जाता है। यह वास्तव में प्रभावशाली है। हमने यहाँ बहुत अच्छा समय बिताया, पूरे समय खुद को पूरी तरह सहज महसूस किया, और यह एक ऐसा अनुभव है जो आपके साथ बना रहता है। इस अर्थपूर्ण कार्य को प्रेरित करने और समर्थन देने के लिए हम निश्चित रूप से फिर से आएँगे।"

यात्रा के अंत में मेस्सी ने नारियल उत्सर्ग और मटकी फोड़ जैसे पारंपरिक अनुष्ठानों में भाग लिया, जो सद्भावना और शुभ आरंभ का प्रतीक माने जाते हैं। समारोह शांति और कल्याण के मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ, जिसने उन साझा मूल्यों को रेखांकित किया जो वांतारा के मिशन को मेस्सी की वैश्विक विरासत से जोड़ते हैं। विश्वभर में सामाजिक कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बच्चों के कल्याण के लिए समर्पित लियो मेस्सी फाउंडेशन का नेतृत्व करने वाले मेस्सी ने वांतारा के उद्देश्य के साथ गहरा जुड़ाव व्यक्त किया और जानवरों के लिए करुणामय, विज्ञान-आधारित देखभाल की उसकी दृष्टि की सराहना की।

## इलाके में दहशत का माहौल, पुरानी रंजिश व लेनदेन में हत्या का शक

# जाफराबाद में दो भाइयों की गोलियों से भूनकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर पूर्वी जिले के जाफराबाद इलाके में दो भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि उसे सोमवार देर रात एक बजकर 40 मिनट पर गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। पुलिस को एक व्यक्ति मौके पर ही मृत मिला जबकि दूसरे को गंभीर हालत के चलते अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। आपसी रंजिश या लेनदेन के विवाद में हत्या का शक जताया गया है। पुलिस परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर हमलावरों की धरपकड़ की कोशिश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार मृतकों के नाम जाफराबाद निवासी 31 वर्षीय फजील और 33 वर्षीय भाई नदीम हैं। नदीम को जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हमने प्राथमिकी दर्ज कर ली और फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा घटनाक्रम का पता लगाने में मदद करने के लिए साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस ने हमलावरों का पता लगाने के लिए कई टीमें गठित की हैं और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिये हैं।

### दो दर्जन से अधिक राउंड फायर हुये

पुलिस सूत्रों से पता चला कि हमलावरों ने दो दर्जन से ज्यादा राउंड फायर किये। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। परिवार का आरोप है कि फुफेरे भाईयों ने वारदात को अंजाम दिया है। दोनों भाईयों में नदीम दिव्यांग था। दोनों भाई पिता अब्दुल के साथ गली नंबर 30/8 जाफराबाद के चौहान बांगर में रहते थे। जाफराबाद थाने में सेक्शन 103(1)/3(5) बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## 23 वर्षीय महिला घर पर मृत मिली आत्महत्या का शक



**नई दिल्ली।** प्रेम नगर इलाके में 23 वर्षीय एक महिला अपने घर में मृत पाई गई। पुलिस को संदेह है कि उसने आत्महत्या की है। मृतका का नाम अंजली सिंह बताया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का सही कारण साफ हो पाएगा।

पुलिस के अनुसार अंजली के पिता विनोद कुमार सिंह (51) ने बताया कि घटना के समय वह और उनकी पत्नी काम पर गए हुए थे, जबकि उनका बेटा और दूसरी बेटी भी घटना के समय घर पर नहीं थे। परिवार के अनुसार, सोमवार को जिस कमरे में अंजली का शव पड़ा मिला, वह अंदर से बंद था। पुलिस ने बताया कि अंजली का शव कमरे में बिस्तर पर मिला। प्रारंभिक जांच से पता चला कि अंजली ने फंदे से लटक कर कथित तौर पर आत्महत्या की। ऐसा संदेह है कि कपड़े से बनाया गया फंदा अंततः ढीला हो गया होगा या फट गया, जिसके परिणाम स्वरूप वह बिस्तर पर गिर गई होगी। परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि अंजली इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से पुस्तकालय विज्ञान पाठ्यक्रम की अंतिम वर्ष की छात्रा थी। लगभग एक सप्ताह पहले उसकी अंतिम वर्ष की परीक्षा के परिणाम घोषित हुआ था, जिसमें वह असफल रही थी। इसके बाद से वह तनाव में थी। पुलिस ने बताया कि परिवार ने किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का आरोप नहीं लगाया है और यह भी कहा कि प्रारंभिक जांच के दौरान शव पर कोई बाहरी चोट का निशान या सुसाइट नोट नहीं मिला है।

## रेस्टोरेंट में झगड़े के बाद दो भाईयों से मारपीट, एक को चाकू मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ हमले में युवती समेत पांच लोग थे शामिल

मुखर्जी नगर इलाके में स्थित एक रेस्टोरेंट में दो भाईयों पर नशे में धुत युवती समेत पांच लोगों ने जमकर मारपीट की। उन्हें रेस्टोरेंट एरिया में बंद करने की भी कोशिश की गई। बाहर निकलने पर एक युवक को चाकू मार दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने पीड़ित के भाई के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। वारदात के कुछ ही घंटे बाद पांचों आरोपियों को पकड़ लिया गया। आरोपियों में महिला के साथ एक नाबालिग भी शामिल बताया गया है। अन्य के नाम रमेश (26), गौतम (23) और सत्यम (25) हैं। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

उत्तर पश्चिमी जिले के एडिशनल डीसीपी सिकंदर सिंह ने बताया कि सोमवार देर रात मुखर्जी नगर पुलिस को चाकूबाजी व मारपीट की घटना के संबंध में पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर कोई नहीं मिला। पता चला कि घायल को एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया है। इसके बाद पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचे, जहां घायल का इलाज चल रहा था। पीड़ित के भाई ने पुलिस को बयान दिया। उसने बताया कि वह अपने भाई के साथ सोमवार रात करीब 12:10 बजे खाना खाने के लिए गुरुद्वारे के पास मुखर्जी नगर में एक रेस्टोरेंट गया था। रेस्टोरेंट में एक लड़की ने नशे की हालत में 4-5 लड़कों के साथ मिलकर उनसे झगड़ा किया। उन्होंने दोनों को रेस्टोरेंट एरिया के अंदर बंद करने की कोशिश की। हालांकि, वे भागने में कामयाब रहे। इसके बाद रेस्टोरेंट के पास उन लड़कों ने उसके भाई को पकड़ लिया और उस पर चाकू से हमला किया। हमले के दौरान लड़की युवक को जान से मारने के लिए उकसा रही थी। किसी तरह उनके चंगुल से बचकर दोनों अपने पीजी पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसएचओ राजीव शाह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद पांचों आरोपियों को पकड़ लिया गया।

## रोडरेज में युवक पर जानलेवा हमला, कार तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वसंत कुंज साउथ थाना इलाके में रोडरेज के दौरान एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। लोहे की छड़ों से उसकी कार में भी तोड़फोड़ की गई। पीड़ित किसी तरह जान बचाने में सफल रहा और भागकर जानकारी पुलिस व अपने परिवार को दी। बाद में घायल सागर (23) को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सागर (23) के रूप में हुई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान की कोशिश में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार सागर ए-ब्लॉक, शांतिकुंज, वसंत कुंज इलाके में रहता है। उसका अपना कारोबार है। उसने शिकायत में बताया कि वह जिम करने के लिए साकेत सिटी मॉल जा रहा था। चर्च रोड पर रेड लाइट होने के चलते उसने अपनी कार रोकी। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों कार चालकों में बहस हुई। आरोपी चालक के साथ तीन युवक भी कार में मौजूद थे। इसके बाद चारों युवकों ने पीड़ित को गाड़ी से बाहर खींच लिया और लोहे की रॉड, बेस बॉल बैट और ईंटों से हमला कर दिया। हमले के दौरान वह किसी तरह कार में बैठकर मौके से भागा। इसके बाद उसने पुलिस व अपने पिता को मामले की सूचना दी। वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### मास्टरमाइंड समेत 10 लोग गिरफ्तार

## डिजिटल धोखाधड़ी और जबरन वसूली करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी जिले की शाहीन बाग पुलिस ने डिजिटल धोखाधड़ी और जबरन वसूली करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। मास्टरमाइंड समेत 10 लोग गिरफ्तार किये गये। इनके नाम धर्मेंद्र चौहान (34), सोमवीर सैनी (29), मो. एहतेशामुल हक (35), संतोष कुमार खंडाई (32), मुहम्मद बुगारी पीपी (32) मुहम्मद शाहिद टी (30), नितेश कुमार (22), देव उर्फ सोनू एसपी (21), इम्तियाज (19) और महेश्वर पुंटिया उर्फ अजय पुंटिया (24) बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपियों को दिल्ली, केरल, मुंबई, ओडिशा, पंजाब, यूपी और हरियाणा में छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया है। एक आरोपी मुंबई एयरपोर्ट से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह दुबई जा रहा था। आरोपियों के खिलाफ एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज 66 शिकायते लिंक हुई है। इनमें 50 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई थी। दरअसल सात दिसंबर को इस सबंध में शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता तनबीर अहमद ने बताया कि उन्हें व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए धमकी देकर अज्ञात लोगों ने करीब एक लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने खुद को कर्नाटक पुलिस का अधिकारी बताया था और दावा किया कि उनका आधार नंबर और मोबाइल नंबर गंभीर अपराध में लिंक पाया गया हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर मनी ट्रेल का पता लगाया। इसके बाद सात राज्यों में छापेमारी के बाद यह गैंग पकड़ा जा सका।

## एसआई रिश्वत लेता रंगे हाथ चढ़ा विजिलेंस टीम के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



विजिलेंस ब्रांच ने रोहिणी जिले के प्रेम नगर थाने के एसआई भरत दहिया को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वह फेवर में रिपोर्ट बनाने के एवज में शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। बाद में उसे 10 हजार के साथ पकड़ा गया। डीसीपी विजिलेंस विष्णु कुमार ने बताया कि दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने भ्रष्ट पुलिस वालों के खिलाफ जो मुहिम चलाई है उसे जारी रखते हुए यह कार्रवाई की गई है। गाजियाबाद के एक शख्स ने विजिलेंस शाखा में शिकायत दी थी। उसने आरोप लगाया कि रोहिणी जिले के प्रेम नगर थाने में तैनात एसआई भरत ने शिकायत करने वाले की मां से जुड़े एक मामले में फेवरेबल रिपोर्ट बनाने के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी है। शिकायत करने वाले ने पहले पांच हजार की रकम दी थी, जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी हो गई थी। पैसे न देने पर वह परिवार को और मामलों में फंसाने के लिए नई धाराएं जोड़ने की धमकी दे रहा था। सोमवार शाम को विजिलेंस ने प्रेम नगर थाने में एक ट्रैप लगाया। शिकायतकर्ता एसआई भरत के ऑफिस गया। रिश्वत मांगने पर पुलिस स्टेशन में ही एसआई को दस हजार रुपये दिये गये। विजिलेंस टीम ने तुरंत एसआई भरत दहिया को पकड़ लिया और उसके पास से रिश्वत की 10 हजार रुपये की रकम बरामद कर ली।

## टीजीटी प्रमोशन में सीटेट अनिवार्यता पर शिक्षक संगठनों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के शिक्षक संगठनों में उस समय भारी रोष फैल गया, जब शिक्षा निदेशालय (डीओई) द्वारा जारी किए गए हालिया नोटिफिकेशन में टीजीटी प्रमोशन के लिए सीटेट को अनिवार्य कर दिया गया। शिक्षक न्याय मंच नगर निगम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खत्री ने दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार से दिल्ली के शिक्षकों के लिए निवेदन किया है कि ऐसे आदेश शिक्षक समाज पर ना थोपें जाएं जिनका कोई आधार ना हो शिक्षकों ने एनसीटीई और शिक्षा विभाग की सभी अहर्ता और अनिवार्यता को पूरा करते हुए डीएसएसएसबी की परीक्षा उत्तीर्ण कर शिक्षक की नौकरी प्राप्त की है अब उनकी नौकरी के 15, 20 साल बाद नए कानून उन पर लागू नहीं होते। अगर नए कानून शिक्षकों पार लागू किए जाते हैं तो सभी माननीय जज, सभी आईएएस, आईपीएस और सभी अधिकारियों के लिए इस प्रकार की परीक्षा लागू की जाएं। शिक्षक न्याय मंच के सेंट्रल जोन प्रभारी रामअवतार मीणा ने भी सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

## एनडीएमसी ने प्रोजेक्ट सॉर्ट के ज़रिए कूड़ा प्रबंधन को किया मज़बूत

■ अध्यक्ष केशव चंद्रा के नेतृत्व में किया जा रहा है कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन (आईपीसीए) के साथ मिलकर, अपने पूरे अधिकार क्षेत्र में प्रोजेक्ट सॉर्ट (एसओआटी - रीसाइक्लिंग और ट्रीटमेंट के लिए कचरे को अलग करना) लागू कर रही है। एनडीएमसी प्रशासन ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि एनडीएसमी के अध्यक्ष केशव चंद्रा के नेतृत्व, मार्गदर्शन और दृष्टिकोण के तहत सतत और विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि यह पहल मदरसन ग्रुप की एक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल है, जिसे स्वर्ण लता मदरसन ट्रस्ट का सपोर्ट है, और इसे पालिका परिषद के तहत आवासीय सोसाइटी, शैक्षणिक और इंस्टीट्यूशनल कैंपस, कमर्शियल मार्केट और कम्युनिटी कूड़ा प्रोसेसिंग फैसिलिटी में लागू किया जा रहा है। एनडीएमसी प्रशासन ने बताया कि इस पहल के तहत, पालिका परिषद की खास जगहों पर विकेन्द्रीकृत कम्पोस्टिंग एरोबिन लगाए गए हैं, जिनमें गोल्फ लिंक, काका नगर, सरदार पटेल विद्यालय, सेंट थॉमस स्कूल, वाईडब्लूसीए, लेडी इरविन कॉलेज, पीएसओआई क्लब, दिल्ली हाट, आईएनए, सांगली मेस और सेंट्रल पार्क शामिल हैं। अब तक, 13 जगहों पर 34 हजार किलोग्राम गीले कचरे को संभालने की कुल कैपेसिटी वाले 85 कम्पोस्टर लगाए गए हैं। इन एरोबिन के ज़रिए, 15 मीट्रिक टन से ज़्यादा गीले कचरे को पहले ही ऑन-साइट प्रोसेस करके पोषक तत्वों से भरपूर ऑर्गेनिक खाद में बदला जा चुका है, जिसका इस्तेमाल पालिका परिषद के साथ-साथ लोग बागवानी के लिए भी कर सकते हैं।

## टाटा पावर ने 'सोलर एंबेसडर' पहल की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में बिजली आपूर्ति करने वाली बिजली कंपनी टाटा पावर-डीडीएल ने भारत सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 'सोलर एंबेसडर' पहल की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य रेजिडेंशियल रूफटॉप सोलर सिस्टम को लेकर आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना और इसके अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करना है। टाटा पावर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल के तहत 20 विशेष रूप से प्रशिक्षित युवाओं को सोलर एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया गया है। ये सोलर एंबेसडर विभिन्न समुदायों के साथ मिलकर लोगों को रूफटॉप सोलर के लाभ, प्रक्रिया और सरकारी सब्सिडी की जानकारी देंगे, जिससे अधिक से अधिक घर सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। बताया गया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर इस पहल का शुभारंभ टीपीएसडीआई सेनपीड ग्रीन एनर्जी स्किल सेंटर, रोहिणी में किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के विशेष विद्युत सचिव रवि दधीच मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा टाटा पावर-डीडीएल के सीईओ द्विजदास बसाक सहित कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## जल्द यूपीआई से कर सकेंगे ट्रैफिक चालान का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




नागरिकों की सुविधा बढ़ाने और डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने के मकसद से दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सभी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म पर भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) के साथ ट्रैफिक चालान पेमेंट को इंटीग्रेट करने की घोषणा की है। यह पहल कैशलेस ट्रांजैक्शन, पारदर्शिता और कुशल ट्रैफिक प्रवर्तन को बढ़ावा देने के लिए संगठन की लगातार प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एडिशनल सीपी सत्य वीर कटारा ने बताया कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस सभी प्रमुख यूपीआई एप्लिकेशन के माध्यम से जल्द बीबीपीएस आधारित चालान पेमेंट शुरू करेगी, जिससे वाहन मालिकों को एक सुरक्षित, सहज और उपयोगकर्ता के अनुकूल डिजिटल पेमेंट अनुभव मिलेगा। इससे रोजाना के चालान पेमेंट की संख्या बढ़ने और पेमेंट के फिजिकल तरीकों पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है। इस संबंध में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से हस्ताक्षर किए गये। जरूरी दस्तावेज़ और प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद बीबीपीएस प्लेटफॉर्म के साथ तकनीकी इंटीग्रेशन जल्द ही शुरू किया जाएगा। यह पहल भारत सरकार के डिजिटल इंडिया विजन और प्रौद्योगिकी संचालित समाधानों के माध्यम से ट्रैफिक प्रबंधन को आधुनिक बनाने के दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के चल रहे प्रयासों के अनुरूप है। कटारा ने कहा कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस नवीन तकनीकी हस्तक्षेपों को अपनाने के लिए समर्पित है जो सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार करते हैं। साथ ही स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करते हैं और राजधानी में सुरक्षित और अधिक कुशल सड़क प्रबंधन में योगदान करते हैं।

### राहगीरों ने मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री से की तत्काल हटाने की मांग

# 'डीटीसी बस स्टैंडों पर कटे सूचना बोर्ड बने जानलेवा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के विभिन्न डीटीसी बस स्टैंडों पर यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए लगाए गए सूचना बोर्ड अब जनहित के बजाय बस यात्रियों व राहगीरों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। असामाजिक तत्वों द्वारा इन सूचना बोर्डों को काट दिए जाने के बाद नीचे निकले लोहे के नुकीले और कटे हिस्से पैदल यात्रियों के लिए गंभीर हादसों को न्योता दे सकते हैं। इन दिनों स्थिति यह है कि दिल्ली के उपराज्यपाल के लोक निवास के आसपास सहित कई प्रमुख इलाकों में ये कटे हुए सूचना बोर्ड राहगीरों की राह में बाधा बने हुए हैं। खासकर रात के समय या भीड़भाड़ के दौरान इनसे टकराने का खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं इन खतरनाक लोहे के ढांचों से बाल-बाल बची हैं।

### क्षतिग्रस्त सूचना बोर्डों को तुरंत पूरी तरह हटाया जाए

पैदल यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने इस गंभीर समस्या को लेकर दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार से गुहार लगाई है कि ऐसे क्षतिग्रस्त सूचना बोर्डों को तुरंत पूरी तरह हटाया जाए या सुरक्षित तरीके से बदला जाए। लोगों का कहना है कि यह समस्या केवल आम नागरिकों तक सीमित नहीं है, बल्कि दिव्यांग जनों के लिए यह और भी अधिक जोखिम भरी साबित हो रही है।

### टूटे ढांचों को बिना देरी के हटाया जाए

यात्रियों का कहना है कि लंबे समय से मांग की जा रही है कि बस स्टैंडों को दूरूस्त किया जाए लेकिन संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने मांग की है कि पूरे शहर में जहां भी डीटीसी बस स्टैंडों के नाम पर एक पत्ती लगी है, उन्हें बदला जाए और बस स्टैंड स्थापित किए जाएं। साथ ही सूचना बोर्डों की तत्काल जांच कराई जाए और जहां भी कटे या टूटे ढांचे हैं, उन्हें बिना देरी हटाया जाए।

### यात्रियों व राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें सरकार

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में सरकार और परिवहन विभाग से अपेक्षा की जा रही है कि वे इस गंभीर खतरे को समझते हुए तुरंत कदम उठाएं और यात्रियों व राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **शकील, पुत्रः** रूक्साद, **पताः** झुग्गी न. 214, जी–ब्लॉक, जहांगीर पुरी, दिल्ली, ने **FIR No.: 299/2013, दिनांक: 24.08.2013, U/s: 325 IPC, थानाः जहांगीर पुरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **शकील,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **शकील,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 299/2013, दिनांक: 24.08.2013, U/s: 325 IPC, थानाः जहांगीर पुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **शकील,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ज्योति नैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07**
**जिला उत्तर, कमरा न. 06, प्रथम तल**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/16734/NW/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C. / 84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **अरशद उर्फ अरशद खान, पुत्रः** सलीम खान, **पताः** मकान न. बी–23 / 11, रमेश नगर, दिल्ली, **और भीः** मिगलानी बिल्डिंग, भू–तल, नियर दर्पण सिनेमा हॉल, थाना– कुतुबशेर, सहारनपुर, यू.पी., ने **FIR No.: 257/2007, U/s : 419/420/467/471/511/474/201 IPC, 84(2)(ii)** भारतीय **नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023,** थानाः एनआर–1 / **काइम ब्रांच, प्रशांत विहार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **अरशद उर्फ अरशद खान,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **अरशद उर्फ अरशद खान,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 257/2007, U/s : 419/420/467/471/511/474/201 IPC, 84(2)(ii)** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, **2023,** थानाः एनआर–1 / **काइम ब्रांच, प्रशांत विहार, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **अरशद उर्फ अरशद खान,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री वसुन्धरा आज़ाद, एलडी.**
**मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**जिला पश्चिम, कमरा न. 146, प्रथम तल**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/16702/Crime/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शबनम, पत्नीः** पप्पू **पताः** बी–4 / 170, यमुना विहार, दिल्ली ने मुकदमा **CC No. 46547/15 U/s 323/356/379/427/452 IPC, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शबनम** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शबनम** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **CC No. 46547/15 U/s 323/356/379/427/452 IPC, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** की उक्त अभियुक्त **शबनम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पंकज राय**
**न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–01**
**कमरा नं. 73, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/16597/NE/2025**
**(Court Matter)**

## सीएम ने निर्माणाधीन बारापुला ब्रिज फेज़-3 का किया निरीक्षण

# मॉनसून से पहले साफ होगा सुनहरी नाला, सालों बाद निकाली गई गाद: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दक्षिणी स्थित सुनहरी नाला मानसून से पहले पूरी तरह से साफ कर लिया जाएगा। सालों बाद इस नाले से हजारों मीट्रिक टन गाद निकाली गई और निरंतर इस नाले से गाद निकालने का काम जारी है। यह बात मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सुनहरी नाले से निकाली जा रही गाद के कार्य का निरीक्षण करने के दौरान कही।

इसके अलावा उन्होंने दक्षिण दिल्ली और पूर्वी दिल्ली को जोड़ने वाले निर्माणाधीन बारापुला ब्रिज, फेज-3 के निर्माण कार्य की भी मौके पर जानकारी ली। इस निरीक्षण में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता, गति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार पिछली सरकारों द्वारा छोड़ी गई लिगेसी (पुरानी) समस्याओं का समाधान कर रही है। पूर्व सरकार कई अधूरी व अवैज्ञानिक योजनाएं छोड़कर गई हैं, जिनमे ये दोनों भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री के इस निरीक्षण कार्य में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह व संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुनहरी नाला (बारापुला ड्रेन) से जुड़ी कॉलोनियों को हर मानसून में भारी जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता रहा है, जिसके समाधान के लिए इस एक किलोमीटर लंबे नाले से 50 हजार मीट्रिक टन गाद निकाली जानी है, जिसमें से करीब 14 हजार मीट्रिक टन गाद निकाल ली गई है। इस नाले की सफाई के लिए न तो उचित आउटलेट और स्लैब सिस्टम बनाए गए, जिस कारण भारी मात्रा में गाद जमा होने से आसपास की कॉलोनियों को मानसून के दौरान गंभीर जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली मेट्रो रेल निगम इसकी सफाई कर रहा है और उम्मीद है कि अगले साल मानसून से पहले इस नाले का पूरी तरह साफ कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरे मामले का ऑडिट किया जाएगा, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि भविष्य की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किए बिना इतने बड़े ड्रेन का निर्माण कैसे किया गया।

### निर्माणाधीन बारापुला फेज-3 कॉरिडोर दिल्ली की यातायात व्यवस्था को देगा नई दिशा

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन बारापुला फेज-3 कॉरिडोर की प्रगति की भी समीक्षा की और कहा कि यह परियोजना दिल्ली की यातायात व्यवस्था को नई दिशा देगी। यह एलिवेटेड कॉरिडोर सराय काले खां को मयूर विहार-एक से जोड़ेगा। इसके तहत सराय काले खां से मयूर विहार तक डक्ट सहित उन्नत सड़क का निर्माण किया जाएगा। लगभग 13.3 किलोमीटर लंबे इस 6-लेन कॉरिडोर में 4.3 किलोमीटर लंबी साइकिल ट्रैक की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त, परियोजना में 500 मीटर लंबा 6-लेन का एक्स्ट्रा डोज ब्रिज शामिल है, जो देश का पहला ऐसा पुल होगा, जिसमें दोनों ओर डेडिकेटेड वॉकवे और साइकिल ट्रैक बनाए गए हैं।

### पिछली सरकार की लापरवाही से परियोजना में हुई देरी : प्रवेश

इस अवसर पर दिल्ली के पीडब्ल्यूडी व जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस परियोजना में लगातार पिछली सरकार द्वारा की गई लापरवाही के कारण वर्षों की देरी हुई। वर्तमान सरकार ने मामले पर लगातार निगरानी रखी और अब सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त हो चुकी हैं। परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बारापुला कॉरिडोर ईस्ट दिल्ली (मयूर विहार) से साउथ दिल्ली (एम्स) के बीच कनेक्टिविटी को सुगम बनाएगा और सिग्नल-फ्री कॉरिडोर प्रदान करेगा।

---

**वैध पीयूसीसी के बिना नहीं मिलेगा ईंधन**

# बीएस-5 से कम के वाहनों की नो एंट्री : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




■ दिल्ली सरकार ने पेट्रोल, डीजल और सीएनजी पंपों के सभी डीलरों को दिए निर्देश

दिल्ली में 18 दिसंबर से बिना वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) वाले वाहनों को पेट्रोल पंपों से ईंधन नहीं मिलेगा। वहीं दिल्ली के बाहर रजिस्टर्ड और बीएस-5 से कम श्रेणी के सभी वाहनों को ग्रैप-3 और ग्रैप-4 लागू होने पर दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली सचिवालय में प्रैसवार्ता में दी।

सिरसा ने कहा कि वाहनों से निकलने वाले टेल पाइप उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए सभी पेट्रोल, डीजल और सीएनजी पंपों के डीलरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल वैध पीयूसीसी प्रस्तुत करने पर ही ईंधन दें। उन्होंने कहा कि दिल्ली की हवा की सुरक्षा के लिए, दिल्ली के बाहर रजिस्टर्ड और बीएस-6 से कम श्रेणी के सभी वाहनों को ग्रैप-3 और ग्रैप-4 लागू होने पर दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी प्रदूषण फैलाने वाले वाहन को दिल्ली में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ग्रैप-4 लागू होने पर किसी भी प्रकार का कंस्ट्रक्शन मटेरियल ले जाने वाला वाहन दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकेगा। मंत्री सिरसा ने कहा कि ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) और जमीनी स्तर पर जांच के माध्यम से पीयूसीसी और वाहन श्रेणी की पुष्टि की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सभी नागरिक अपना वैध पीयूसीसी सर्टिफिकेट साथ रखें और अनावश्यक परेशानी से बचें। सिरसा ने बताया कि मौजूदा सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए वैज्ञानिक और डेटा आधारित उपायों पर काम किया है। सिरसा ने कहा कि 11 महीनों में से 8 महीनों में पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर वायु गुणवत्ता दर्ज की गई है।

---

## दिल्ली को सहकारिता का नेशनल हब बनाएगी सरकार : इंद्राज सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार दिल्ली को सहकारिता का नेशनल हब बनाएगी। यहाँ देश भर के सहकारिता से जुड़े लोगों और उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा और दिल्ली सरकार इनकी मार्केटिंग के लिए भी प्लेटफार्म उपलब्ध कराएगी। यह बात दिल्ली सरकार के सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को नाबार्ड की ओर से स्टेट एम्पोरिया काम्प्लेक्स में आयोजित सहकार हाट के शुभारम्भ के अवसर पर कही। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारिता आंदोलन भारत के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की रीढ़ है और दिल्ली सरकार इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्री इंद्राज ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सहकार से समृद्धि संकल्प एक आन्दोलन बना और देश में सहकारिता क्षेत्र मजबूत हुआ। मंत्री इंद्राज ने कहा कि वर्ष 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहकारिता से जुड़े लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जब किसान, कारीगर और छोटे उद्यमी सशक्त होंगे, तभी देश आत्मनिर्भर बनेगा।इंद्राज ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी होने के साथ-साथ एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। दिल्ली से सहकारिता उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग का लाभ पूरे देश के किसानों और सहकारिता से जुड़े लोगों को मिलेगा। मंत्री इंद्राज ने कहा कि दिल्ली की हाउसिंग सोसायटी में मॉडर्न को-ऑपरेटिव स्टोर खोले जाने की योजना है। आने वाले समय में दिल्ली में कई सहकारिता स्टोर खोले जाएंगे, जहां हैंडलूम, हस्तशिल्प, कृषि और ग्रामीण उत्पादों को उचित बाजार मिलेगा। मंत्री ने इंद्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म भी विकसित करेगी, जहाँ सहकारिता से जुड़े लोग पंजीकरण कर अपने उत्पादों की मार्केटिंग कर सकेंगे। इससे छोटे उद्यमी और वे लोग भी जुड़ पाएंगे, जो अब तक सहकारिता से दूर रहे हैं।

### 'पूर्ववर्ती सरकारों में सोसायटीज और बैंक पूरी तरह रहे उपेक्षा के शिकार'

मंत्री इंद्राज ने बताया कि दिल्ली में 2000 से अधिक सोसायटीज हैं, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों में सोसायटीज और बैंक पूरी तरह उपेक्षा का शिकार रहे हैं। सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अब आवश्यक कानूनी संशोधनों पर कार्य किया जा रहा है। बैंकिंग स्ट्रक्चर, क्रेडिट सोसायटी और अन्य सहकारिता संस्थाओं में सुधार के लिए नाबार्ड के साथ लगातार चर्चा चल रही है, ताकि पारदर्शिता और सुविधाएं बढ़ाई जा सके।

---

# 'आप' ने प्रदूषण को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ थाली बजाकर दिल्ली सचिवालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ पर्यावरण मंत्री कृत्रिम वर्षा कराकर प्रदूषण कम करने वाले थे, लेकिन अभी तक तो उन्होंने कृत्रिम वर्षा नहीं कराई : भारद्वाज

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के प्रदूषण पर भाजपा सरकार को जगाने के लिए मंगलवार को थाली बजाकर दिल्ली सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज समेत विधायकों और नेताओं ने सीएम रेखा गुप्ता पर कटाक्ष करते हुए नारा लगाया कि प्रदूषण भाई तुमको जाना पड़ेगा। इस दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। भारद्वाज ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता गहरी नींद में सोई हुई हैं।

हमने उन्हें जगाने के लिए थाली और चम्मच बजाई है। अगर वह जाग गईं तो बहुत अच्छी बात है, नहीं तो दोबारा उन्हें जगाने की कोशिश करेंगे। अगर दिल्ली का प्रदूषण कम करना है तो भाजपा सरकार को फर्जीवाड़ा बंद करना होगा और ईमानदारी से काम करना चाहिए। सौरभ ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार को अब एक्यूआई पर काम करना होगा और यह सीखना होगा कि एक्यूआई क्या है? भाजपा सरकार एक्यूआई निगरानी केंद्रों पर फर्जीवाड़ा कर रही है। निगरानी केंद्रों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। जंगलों के अंदर नए निगरानी केंद्र लगाए जा रहे हैं, ताकि प्रदूषण का स्तर कम दिखे। भाजपा सरकार को समझना चाहिए कि फर्जीवाड़े से प्रदूषण कम नहीं होगा, क्योंकि सरकार की नाक के नीचे दिन-रात निर्माण कार्य चल रहा है। भाजपा मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा से भी हमारा सवाल है कि वे कृत्रिम वर्षा कराने वाले थे, लेकिन अभी तक तो नहीं हुई? भारद्वाज ने कहा कि दिसंबर के महीने में प्रदूषण बढ़ने का वैज्ञानिक कारण है। सुप्रीम कोर्ट ग्रैप के नियम इसलिए लेकर आया, ताकि प्रदूषण बढ़ते ही पाबंदियां लगाकर उसे रोका जा सके, लेकिन भाजपा सरकार ने आंकड़ों में फर्जीवाड़ा और निगरानी केंद्रों को बंद करना शुरू कर दिया। इस कारण जब एक्यूआई 800 होता है तो सरकार 350 बताती है और जब 1000 के पार होता है तो 400 ही बताती है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से पूरी दिल्ली त्राहि-त्राहि कर रही है, लेकिन ग्रैप की पाबंदियां भी लागू नहीं हो रही हैं।

---

### पालम और शाहबाद में अंडरपास बनने से लोगों को मिलेगी बड़ी राहत : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली में पालम रेलवे फाटक तथा शाहबाद रेलवे फाटक पर अंडरपास के निर्माण की मंजूरी से क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन अंडरपास के निर्माण के संबंध में संसद में उठाए गए सवाल पर सरकार ने दोनों फाटकों पर अंडरपास के बारे में सूचना साझा की है। पालम रेलवे फाटक पर अंडरपास के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है और शाहबाद अंडरपास के लिए भी टेंडर जारी कर दिए गए हैं। सांसद बिधूड़ी ने लोकसभा में यह सवाल उठाया था कि इन रेलवे फाटकों पर अंडरपास के निर्माण में क्या बाधा है और इन पर कुल कितनी राशि खर्च की जा रही है। उनके सवाल के जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि दिल्ली -रेवाड़ी खंड के पालम रेलवे फाटक पर अंडरपास का काम शुरू कर दिया गया है और इस पर करीब साढ़े 20 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसी प्रकार शाहबाद रेलवे क्रासिंग पर करीब 28 करोड़ रुपए की लागत से अंडरपास बनाया जा रहा है और इसके लिए भी टेंडर इनवाइट किए गए हैं।

---

## जनता के सहयोग से प्रदूषण पर किया जा रहा नियंत्रण : महापौर

**कूड़ा न जलाने और सार्वजनिक परिवहन अपनाने की अपील**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम (एमसीडी) ने व्यापक स्तर पर अभियान तेज कर दिया है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दावा करते हुए बताया कि दिल्ली नगर निगम की टीमें दिन रात ज़मीन पर उतरकर प्रदूषण हॉटस्पॉट्स पर लगातार कार्रवाई कर रही हैं और राजधानी में वायु प्रदूषण के खिलाफ़ सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि एमसीडी की टीमें प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों की पहचान कर उन पर सख्ती से कार्रवाई कर रही हैं, ताकि दिल्लीवासियों को स्वच्छ हवा मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि वायु प्रदूषण से निपटना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह एक साझा दायित्व है, जिसमें आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी बेहद ज़रूरी है। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने नागरिकों से अपील की कि वे खुले में कूड़ा न जलाएं, क्योंकि इससे वायु गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जहां संभव हो, लोग कारपूलिंग को अपनाएं और निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक उपयोग करें, ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके। निगम प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर निगरानी और सख्ती और बढ़ाई जाएगी। एमसीडी ने उम्मीद जताई है कि नागरिकों के सहयोग से दिल्ली में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

---

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत बच्चों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ सरकार इन बच्चों को लाभार्थी नहीं, परिवार का सदस्य मानती है : रेखा गुप्ता

■ पीएम, सीएम और डीएम करते हैं इन बच्चों की देखभाल

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत पंजीकृत बच्चों के साथ संवाद किया। दिल्ली सचिवालय में आयोजित यह संवाद कार्यक्रम उन बच्चों के लिए सहयोगात्मक, संरक्षणात्मक और संवेदनशील देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिन्होंने कोविड 19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता, कानूनी अभिभावक अथवा दत्तक माता-पिता को खो दिया है। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से आत्मीयता के साथ बातचीत की तथा उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास एवं भावनात्मक आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार इन बच्चों को केवल किसी योजना के लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार के सदस्य के रूप में देखती है।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट भेंट कर स्नेह व्यक्त किया तथा प्रत्येक बच्चे का उसके संबंधित जिला मजिस्ट्रेट से परिचय कराया, ताकि बच्चों को यह भरोसा मिल सके कि प्रशासन हर स्तर पर उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर संभाग आयुक्त श्री नीरज सेमवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव रश्मि सिंह, विभाग की निदेशक मिताली नामचून व सभी जिलाधिकारी सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के सभी प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें और अधिक सुदृढ़ करने के लिए दिल्ली सरकार की पूर्ण प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल तात्कालिक सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि इन बच्चों को सुरक्षित, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन की ओर आगे बढ़ाना है।

---

**कोर्ट और दिल्ली सरकार के आदेशों की उड़ रही धज्जियां**

# मजदूरों को सीवर के अंदर उतारकर कराई जा रही हाथ से सफाई



दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल के पास दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की सीवर लाइन में ठेकेदार द्वारा मंगलवार को दो मजदूरों को सीवर के अंदर उतारकर हाथ से सफाई कराए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। यह घटना न सिर्फ अमानवीय है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली सरकार के स्पष्ट आदेशों का सीधा उल्लंघन भी है। बिना किसी सुरक्षा उपकरण के मजदूरों को खतरनाक सीवर में उतार दिया गया, जहां जहरीली गैस, संक्रमण और जानलेवा हादसे का पूरा खतरा बना रहता है। इतनी घटनाएं होने के बाद और यह दृश्य देखकर क्षेत्रीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मामला सिर्फ एक इलाके का नहीं, बल्कि मानव गरिमा, कानून और संवैधानिक अधिकारों का प्रश्न है। यदि अब भी सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो ऐसे अमानवीय कृत्य आगे भी दोहराए जाते रहेंगे। वहीं, इस संबंध में डीडीए के क्षेत्रीय अधिशाषी अभियंता एस एस डोगरा ने कहा कि यह गलत है और इस मामले को देखते है।

### ठेकेदार व डीडीए पर होना चाहिए सख्त एक्शन : गहलोत

इस संबंध में दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष संजय गहलोत ने कहा कि मजदूरों को सीवर में उतारकर सफाई ना कराने के बार बार निर्देश दिए हैं और इतना होने के बाद भी इस प्रकार की लापरवाही जारी है तो यह बिलकुल गलत है और ठेकेदार व डीडीए के संबंधित अधिकारी पर जरूर सख्त एक्शन होना चाहिए।

### हादसे के बाद कौन होगा जिम्मेदार?

इस पूरे मामले ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या डीडीए अधिकारियों को इसकी जानकारी थी? बिना सुरक्षा उपकरण मजदूर को सीवर में उतारने की अनुमति किसने दी?

क्या ठेकेदार के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई हुई? यदि हादसा हो जाता, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता? इसके बावजूद नरेला में डीडीए के ठेकेदार द्वारा यह कृत्य प्रशासनिक लापरवाही और मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

---

### टटेसर गांव में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण, किसानों को दी टिकाऊ कृषि की जानकारी




**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को कंझावला इलाके के गांव टटेसर में प्राकृतिक खेती पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञ डॉक्टर समरपाल सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती के माध्यम से फसल उत्पादन करने के बारे में बताया, जिसमें जीवामृत, और अन्य प्राकृतिक उत्पादों का उपयोग करने के तरीके बताए गए। कृषि विज्ञान केंद्र के बागवानी विशेषज्ञ डॉक्टर राकेश कुमार ने बागवानी फसलों के उत्पादन की तकनीक के बारे में बताया। दिल्ली सरकार के कृषि प्रसार अधिकारी योगेंद्र छिकारा ने किसानों को दिल्ली में चल रही प्राकृतिक खेती परियोजना के बारे में बताया और उन्हें प्राकृतिक खेती करके उत्पादन में मुनाफा कमाने के तरीके बताए। इस अवसर पर किसान वीरेंद्र, श्रीकृष्ण, प्रदीप आदि ने भाग लिया और प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की।

---

## खेल जीवन में सिखाते हैं अनुशासन, आत्मसंयम और मेहनत : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



खेल जीवन में अनुशासन, आत्मसंयम और मेहनत सिखाते हैं। खेलों के माध्यम से विद्यार्थी न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त होते हैं। दिल्ली नगर निगम के बांकनेर वार्ड से निगम पार्षद, भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित दिनेश भारद्वाज ने बतौर मुख्य अतिथि आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस 'अभ्युदय 4.0' के आयोजन पर यह बाते स्कूली बच्चों को कही। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और खेलों की जानकारी भी दी। खेल दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, जोश और भव्यता के साथ किया गया। विद्यालय परिसर खेल भावना, अनुशासन और उत्साह से सराबोर नजर आया। विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन नरेंद्र कृष्ण शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, डायरेक्टर आकाश शर्मा, ऐश्वर्या शर्मा, मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य शिल्पी शर्मा एवं प्रिंसिपल निधि नेहरा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# फरीदाबाद ननि की पॉटहोल रिपेयर एंड मेंटेनेंस वैन को मिली विशेष सराहना

निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी दी कि केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन की समीक्षा बैठक के दौरान फरीदाबाद नगर निगम द्वारा संचालित सभी शहरों के लिए आदर्श बनी पॉटहोल रिपेयर एंड मेंटेनेंस वैन की विशेष रूप से सराहना की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

**दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक**

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए तैयार की गई शहर-विशेष कार्ययोजनाओं के सख्त और प्रभावी जमीनी क्रियान्वयन को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक दिल्ली में आयोजित हुई जिसमें फरीदाबाद निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने भाग लेते हुए आगामी साल का एक्शन प्लान प्रस्तुत किया।

निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी दी कि केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन की समीक्षा बैठक के दौरान फरीदाबाद नगर निगम द्वारा संचालित सभी शहरों के लिए आदर्श बनी पॉटहोल रिपेयर एंड मेंटेनेंस वैन की विशेष रूप से सराहना की गई।




## गड्ढों की त्वरित मरम्मत से धूल पर प्रभावी नियंत्रण

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस पहल को रोल मॉडल बताते हुए दिल्ली सहित अन्य शहरों में भी इस मॉडल को अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क गड्ढों की त्वरित मरम्मत से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होती है, बल्कि धूल प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव हो पाता है। बैठक में धूल नियंत्रण के लिए सडक़ों का एंड-टू-एंड पक्काकरण, टाइलिंग, सडक़ों के किनारे एवं खाली स्थानों पर पौधारोपण तथा पौधा वितरण जैसे कार्यों की भी सराहना की गई।

इसके साथ ही वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों, मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों, एंटी.स्मॉग गन और वॉटर स्प्रिंकलर के उपयोगता की विस्तृत समीक्षा की गई। ताकि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में ठोस और स्थायी सुधार सुनिश्चित किया जा सके। नगर निगम फरीदाबाद ने आश्वस्त किया कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक कदम भविष्य में भी निरंतर और प्रभावी रूप से जारी रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### एसीबी ने 5 हजार की रिश्वत लेते पटवारी काबू

**गुरुग्राम।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय में कार्यरत पटवारी को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एनएचएआई के डीसी रेट पर कार्यरत आरोपी पटवारी ने एक किसान से अधिग्रहण जमीन की रकम ट्रांसफर करने के नाम पर रिश्वत की मांग की थी। संजय की जमीन एनएचएआई ने अधिग्रहित की थी।




### गाजियाबाद के स्कूलों में हाइब्रिड मोड में पढ़ाई

**गाजियाबाद।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने आदेश जारी किया है कि गाजियाबाद के सभी स्कूलों में हाइब्रिड मोड में पढ़ाई कराई जाएगी। ये निर्देश पलूशन को मद्देनजर जारी किए गए हैं। यह आदेश कल 17 दिसंबर से लागू होंगे और अगले आदेश तक जारी रखा जाएगा। इससे पहले रविवार को जारी आदेश में 5वीं तक के स्कूल बंद कर ऑनलाइन पढ़ाने के निर्देश दिए थे।



### चेन स्नेचिंग के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने स्नैचिंग के मामले में आरोपी कृष्णा को गिरफ्तार किया है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया कि एक नवम्बर को वह अपनी परचून की दुकान पर बैठी थी, तभी वहां एक लड़का आया और उसके गले से चेन को तोड़ लिया और अपने दूसरे साथी के साथ बाइक पर बैठ कर भाग गया। शिकायत पर थाना पल्ला में मामला दर्ज किया गया था।



### दो वाहन चोर गिरफ्तार एक ऑटो बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने थाना सेक्टर 58 के एक ऑटो चोरी के मामले आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का ऑटो बरामद किया हैं, वहीं थाना खेड़ीपुल के एक ट्रैक्टर चोरी के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने आरोपी शौकीन को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-58 में एक ऑटो चोरी की शिकायत प्राप्त हुई थी।



## विभिन्न कैंप में 191 आवेदन हुए प्राप्त

# दो दिन में निगम खाते में फीस के रूप में मिली 6 लाख रु. से ज्यादा की राशि

ओल्ड जोन-3 में भी एसडीओ कार्यालय सूर्या विहार में कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

कैंप लगने से नागरिकों को पानी और सीवर कनेक्शन से संबंधित कार्यों में काफी सहूलियत मिली है। मंगलवार को ओल्ड जोन-1 में जेई महेंद्र की देखरेख में शास्त्री कॉलोनी स्थित बांके बिहारी मंदिर में पानी व सीवर कनेक्शन के लिए कैंप लगाया गया, जो कल भी जारी रहेगा। ओल्ड जॉन 3 में भी एसडीओ कार्यालय सूर्या विहार में कैंप का आयोजन किया गया।

फरीदाबाद नगर निगम द्वारा शहर में पानी व सीवर कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने और आमजन को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न जोनों में 5 स्थानों पर विशेष कैंपों का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 191 आवेदन प्राप्त हुए।

जबकि 15 दिसंबर को 184 आवेदन मिले थे जिनसे लगभग 6 लाख की राशि कनेक्शन के आवेदन के रूप में निगम को प्राप्त हुई है। दो दिन में निगम को कनेक्शन के आवेदन के साथ नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा के दिशा निर्देशों पर निगम की एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने जानकारी दी कि अलग-अलग डिवीजनों में कैंप के माध्यम से लोगों को कनेक्शन देने के लिए आवेदन लेने का काम चल रहा है। कैंप लगने से नागरिकों को पानी और सीवर कनेक्शन से संबंधित कार्यों में काफी सहूलियत मिली है।

### कैंप आज भी जारी रहेगा

ओल्ड जोन-1 में जेई महेंद्र की देखरेख में शास्त्री कॉलोनी स्थित बांके बिहारी मंदिर में पानी व सीवर कनेक्शन के लिए कैंप लगाया गया, जो कल भी जारी रहेगा। ओल्ड जोन-3 में भी एसडीओ कार्यालय सूर्या विहार में कैंप का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त एनआईटी जोन-2 में सैनिक कॉलोनी, शिव मंदिर सेक्टर-49 में क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी सुमन रतरा की देख-रेख भी कैंप का आयोजन किया गया, जहां कल भी नागरिकों की सुविधा के लिए कैंप लगाया जाएगा। एनआईटी जोन-3 में वार्ड नंबर.4, सेक्टर-23 ए स्थित सामुदायिक भवन में कैंप लगाया गया।



निगम के जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र जोशी ने कैंप का निरीक्षण किया। वहीं बल्लभगढ़ जोन-2 में जेई करण सिंह की देखरेख में नाहर सिंह कॉलोनी, बल्लभगढ़ स्थित जाट भवन में कैंप का आयोजन किया गया, जो कल भी लगाया जाएगा।

### आज और कल संजय कॉलोनी में कैंप

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन कैंपों का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने पानी व सीवर कनेक्शन से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण कराएं। आगामी 17 और 18 दिसंबर को यहां लगाए जाएंगे कैंप व कम्युनिटी सेंटर 33 फीट रोड संजय कॉलोनी एनआईटी जोन 3, रावल पब्लिक स्कूल फ्रेंड्स कॉलोनी बल्लभगढ़ जोन 1, एनआईटी जोन 1 के ब्लॉक कम्युनिटी सेंटर नियर विद्या निकेतन स्कूल, ओल्ड जोन तीन में कम्युनिटी सेंटर अशोक में भी 17 और 18 को कैंप लगाया जाएगा। इसके अलावा ओल्ड जोन-1 में न्यू बसेलवा कॉलोनी में बौहरे धर्मशाला पुरानी चुंगी पर भी 17 और 18 को निगम द्वारा यह कैंप लगाया।

## सूबेदार कॉलोनी व ऊंचा गांव की 8 गलियों में

# 18 लाख रुपए की लागत से डाली जाएगी सीवर लाइन



हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

मंगलवार को विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने सूबेदार कॉलोनी सैनिक स्कूल के निकट सीवर लाइन डालने के कार्य का विधिवत मुहूर्त किया। इसके पश्चात उन्होंने ऊंचा गांव में स्व.श्रीचन्द सैनी वाली गली में डाली जाने वाली सीवर लाइन के कार्य का भी शिलान्यास किया।

मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, नॉमिनेट पार्षद योगेश शर्मा, पार्षद किरण बाला, पूर्व पार्षद हरप्रसाद गौड़, महावीर सैनी, पवन सेनी, सुनील सैनी, सुषमा यादव, सीएम विंडो एमिनेंट सदस्य पवन कुमार सहित कॉलोनी के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सीवर संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी

विधायक शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा क्षेत्र की 8 गलियों में सीवर लाइन डाली जाएगी, जिस पर लगभग 18 लाख रुपए की लागत आएगी। सीवर लाइन बिछाने के उपरांत संबंधित गलियों का निर्माण कार्य भी कराया जाएगा, जिससे स्थानीय निवासियों को लंबे समय से चली आ रही सीवर संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। इसके उपरांत विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के ऊंचा गांव में आत्मनिर्भर भारत के संदेश को आगे बढ़ाते हुए स्वदेशी अपनाओ, हर घर स्वदेशी, अभियान के अंतर्गत स्टिकर लगाए और लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के प्रति जागरूक किया।

# 15 दिन, 717 ठिकानों पर छापेमारी 99 मामले दर्ज, 113 को किया गिरफ्तार

ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन 23 देसी कट्टा, 4 पिस्टल, 6 कारतूस, 13 किलो 399 ग्राम गांजा, 18.4 ग्राम स्मैक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

हरियाणा पुलिस द्वारा 1 दिसंबर से ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अवैध नशा, अवैध हथियार, शराब, जुआ, सट्टा व संगीन अपराधियों पर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस इस ऑपरेशन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रही है, पिछले 15 दिन में 717 ठिकानों पर छापेमारी कर 113 आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। इस दौरान 99 मामले दर्ज कर 23 देसी कट्टा, 4 पिस्टल, 6 कारतूस, 13 किलो 399 ग्राम गांजा, 18.4 ग्राम स्मैक, 783 बोतल देसी, 73 बोतल अंग्रेजी शराब, जुआ के 14210 रुपए बरामद किये हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस अभियान के दौरान संगीन अपराधों में संलिप्त 5000 के इनामी दीपक उर्फ मिट्टी निवासी फज्जूपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी थाना खेड़ीपुल के एक लूट के मामले में फरार चल रहा था। जिसके विरुद्ध लूट, मारपीट, एक्सटॉर्शन, हत्या का प्रयास, शस्त्र अधिनियम सहित 8 मामले दर्ज है। अपराध शाखा एवीटीएस सिकरौना की टीम ने वीरेंद्र उर्फ काका को गिरफ्तार किया है। वह गांव करनेरा में एक डकैती के मामले में वांछित था। जिसके विरुद्ध हत्या, एक्सटॉर्शन, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम सहित 13 मामले दर्ज हैं। वहीं अपराध शाखा सेंट्रल टीम ने कमल भड़ाना को भी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है, जिसके विरुद्ध मारपीट, हत्या के प्रयास, एक्सटॉर्शन, शस्त्र अधिनियम सहित 14 मामले दर्ज है।



### जरूरतमंदों को सहायतार्थ कंबल वितरित

फरीदाबाद पुलिस अपराधियों पर कार्रवाई करने के साथ-साथ मानवीय व सामाजिक कार्य भी कर रही है। फरीदाबाद पुलिस ने सर्दी के मौसम में करीब 250 के करीब जरूरतमंदों को सहायतार्थ कंबल वितरित किये गये तथा स्लम क्षेत्र में बच्चों को जूते, चप्पल भी वितरित किए गए हैं।

# टायर फैक्ट्री व इंडस्ट्रियल स्क्रैप में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्राम

साइबर सिटी गुरुग्राम में आग का तांडव देखने को मिला। मानेसर में सुबह इंडस्ट्रियल वेस्ट में आग लग गई। अभी आग बुझाने के लिए यहां दमकल की आधा दर्जन से भी अधिक गाडय़ों को भेजा गया तो दौलताबाद इंडस्ट्रियल एरिया में टायर फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही यहां भी दमकल की करीब 8 गाडय़ों को मौके पर भेजा गया जिन्होंने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। टायर फैक्ट्री में आग बुझाने में दमकल विभाग के लिए सडक़ रिपेयरिंग का कार्य बाधा बना। सडक़ मरम्मत कार्य चलने के कारण दमकल की गाडय़ों को करीब चार किलोमीटर लंबा रास्ता तय कर मौके पर पहुंचना पड़ा।



दरअसल, मानेसर एरिया के बार गुर्जर गांव के पास प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग साइट है। मंगलवार सुबह करीब सात बजे प्लास्टिक व रबड़ के सामान में आग लग गई। आग लगने के बाद धुआं उठने लगा और देखते ही देखते प्लास्टिक के सामान में आग फैल गई। मानेसर फायर स्टेशन में 7.15 बजे आग लगने की सूचना दी गई और 7.16 बजे पहली दमकल गाड़ी रवाना हुई। इसके बाद घटनास्थल पर सात दमकल गाडिय़ां भेजी गईं। इनमें मानेसर फायर स्टेशन से तीन, सेक्टर-29 फायर स्टेशन से दो, मारुति कंपनी व होंडा कंपनी से एक-एक गाड़ी पहुंची।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **राहुल पुत्रः** श्री नरेश चंदर **पताः** सी–126, पीरागढ़ी रिलीफ कैंप, पीरागढ़ी, दिल्ली ने **FIR No. 780/2024 U/s 221/132/190/(1)/3(5)/345(3) BNS & 25/27 A. Act थानाः पंजाबी बाग, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 780/2024 U/s 221/132/190/(1)/3(5)/345(3) BNS & 25/27 A. Act** थानाः पंजाबी बाग, **दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राहुल,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री प्रिया महेंद्र**
**एएसजे–09, कमरा नंबर 307 तीसरी मंजिल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/16867/WD/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **चंदन कुमार** पुत्र उमा शंकर, निवासी-मकान नंबर 443, गली नंबर 8, शालीमार गाँव, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 544/22 धारा 379/411 भा.द.स, थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चंदन कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **चंदन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **चंदन कुमार, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 544/22 धारा 379/411 भा.द.स, थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री अमरदीप कौर एल.डी.**
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
रूम नंबर 117
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/16626/NW/2025**

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल ब्लॉक में लिफ्ट का प्रावधान। | 12.12.2025 19.12.2025 | 7.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | गांव खरक रामजी (जीन्द) में आवासीय एक्मॉडेशन सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (1 अदद 20 पैसेंजर और 1 अदद 16 पैसेंजर लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 12.12.2025 19.12.2025 | 48.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | ऑप्टीकल एमिशन स्पेक्ट्रोमीटर (फेरस और नॉन-फेरस) सामग्रियों के कम्पोजीशन अलाऊ का निर्धारण। | 17.12.2025 15.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | 36 एमएलडी डब्ल्यूटीपी एससीएडीए जलघर हिसार कस्बा का प्रचालन और रखरखाव तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 15.12.2025 29.12.2025 | 321.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8569910916 ee2hissar@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज अम्बाला | (वीएएनजीवाई 2023-24) गांव टुंडली ब्लॉक अम्बाला-II में बाल्मिकी चौपाल के निकट हॉल का निर्माण। | 12.12.2025 18.12.2025 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज नारनौल | रामपुरा ब्लॉक अटेली नांगल-ग्राम सचिवालय का निर्माण + 10 कार्य। | 12.12.2025 19.12.2025 | 362.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 7 | वन विभाग सिरसा | वन मण्डल सिरसा में विभिन्न फॉरेस्ट स्ट्रिप अर्थात रोड कैनाल्स रेलवेज लाइंस इत्यादि के साथ साथ डीजीपीएस मशीन द्वारा डिमार्केशन। | बंद होने की तिथि 18.12.2025 | 4.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | उठान जल सेवाएं यांत्रिकी मण्डल, भिवानी के लिए एचडीपी पाइप्स 160 मिमी की आपूर्ति। | 17.12.2025 30.12.2025 | ईएमडी 1.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2528254 xenproc@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**　पीआरडीएच-11/2026/160/41222/I/88/7 दि. 16.12.25

**Haryana Government Gazette**
**EXTRAORDINARY**
Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 192-2025/Ext.] CHANDIGARH, THURSDAY, NOVEMBER 20, 2025 (KARTIKA 29, 1947 SAKA)

**हरियाणा सरकार**
**सिंचाई विभाग**
**घोषणा**
**दिनांक 20 नवम्बर, 2025**

क्रमांक नं० 2261/3-L.- क्योंकि हरियाणा के राज्यपाल की संतुष्टि हो गई है कि नीचे वर्णित भूमि सरकार द्वारा सरकारी खर्चा पर, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ बाबत गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना को जलापूर्ति के लिए गोरखपुर आर.सी.सी. बैरल चैनल का निर्माण, गांव गाजूवाला, सनियाना तहसील टोहाना, जिला फतेहाबाद और गांव उकलाना (कुन्दनपुरा) सब तहसील-उकलाना, जिला-हिसार के क्षेत्र के निर्माण के लिए भूमि ली जानी अपेक्षित है जिसके लिए प्रकाशन जमीन अधिग्रहण, नवीनीकरण व पुर्नस्थापना अधिनियम की धारा 11 के अधीन हरियाणा सरकार की अधिसूचना क्रमांक संख्या 723/3एल दिनांक 06 जून, 2025 के तहत पहले ही किया जा चुका है।
यह घोषणा, भूमि अर्जन अधिनियम (2013 का नं. 30) (अधिनियम 2013 के अनुसार) 2013 की धारा 19 के उपबन्धों के अधीन उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए जारी की जाती है, जिनका इससे सम्बन्ध है।
उपरोक्त धारा द्वारा प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, इस समय, कार्य में लगे हुए अधिकारियों तथा कर्मचारियों को अपने सेवकों सहित परिक्षेत्र में वर्णित भूमि पर प्रवेश तथा सर्वेक्षण करने तथा इस धारा के द्वारा अपेक्षित अनुज्ञान किसी अन्य कार्य करने के लिए प्राधिकृत है।
कोई हितबन्द व्यक्ति जिसे उपरोक्त परिक्षेत्र में किसी भूमि अर्जन करने पर कोई अक्षेप हो. इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिन के भीतर, तो अपने आक्षेप लिखित रूप से अधिनियम 2013 की धारा 15 (1) के अधीन भूमि अधिग्रहण कलेक्टर एवं जिला राजस्व अधिकारी, फतेहाबाद/हिसार के समक्ष दायर कर सकता है।
भूमि के नक्शों का निरीक्षण भूमि अधिग्रहण कलेक्टर एवं जिला राजस्व अधिकारी, फतेहाबाद/हिसार या कार्यकारी अभियन्ता, टोहाना जल सेवाएं मण्डल, टोहाना के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है।

HARYANA GOVT. GAZ. (EXTRA.), NOV. 20, 2025 (KRTK. 29, 1947 SAKA)

**विशिष्टियां**

| क्र नं. | जिला | तहसील | गांव | रकबा एकड़ में | हदबस्त न. | विवरण क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | फतेहाबाद | टोहाना | गाजूवाला | 0.59 | 76 | 46//10/1, 11/2, 22/1/2, 22/2/2 49//2/2,73//20/2/1,21/2 |
| 2. | फतेहाबाद | टोहाना | सनियाना | 2.40 | 68 | 172//20, 173//16, 23, 24, 25 184//24, 25/1/1, 25/1/2 185//6, 14, 15, 18, 19, 21/1 186//2, 3, 10 214/3/1, 3/2, 4, 9/1, 9/2, 10 215//14/1, 14/2, 15/1, 15/2, 18/1, 18/2, 19, 21 216//24, 25 220//14, 15 221//6, 7, 11, 12, 13 222//2/1, 2/2, 3, 10 |
| 3. | हिसार | सब तहसील उकलाना | उकलाना (कुन्दनपुरा) | 1.11 | 113 | 11/12/2, 13/2, 19/1, 21/2, 22/2 15/5/1, 12/2, 13/2, 19/1, 20/2 |
| | | | कुल | 4.10 | | |

(हस्ता०).... भूमि अधिग्रहण कलैक्टर एवं जिला राजस्व अधिकारी, फतेहाबाद
(हस्ता०).... भूमि अधिग्रहण कलैक्टर एवं जिला राजस्व अधिकारी, हिसार
(हस्ता०).... कार्यकारी अभियन्ता, टोहाना जल सेवाएं मण्डल, टोहाना
(हस्ता०).... अधीक्षक अभियन्ता, भाखड़ा जल सेवाये परिमण्डल, फतेहाबाद।

पीआरडीएच- 1069/11/109/2026/41211/88/7 दिनांक-16.12.2025

**खबर संक्षेप**

### वाराणसी व बैंकॉक के बीच उड़ानों की हुई घोषणा



**वाराणसी।** थाईलैंड और यूपी के बीच कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करते हुए, भारत की पहली अंतर्राष्ट्रीय वैल्यू कैरियर, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने एक फरवरी, 2026 से वाराणसी और बैंकॉक के बीच साप्ताहिक उड़ानों की शुरुआत की घोषणा की है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक, आलोक सिंह ने इस अवसर पर कहा, "बैंकॉक के लिए इस नॉन-स्टॉप सेवा की शुरुआत भारत के सबसे अधिक मांग वाले अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों में से एक तक सहज पहुंच प्रदान करती है।

### पूर्व सांसद को गिफ्ट में मिला डेढ़ करोड़ का घोड़ा



**गोंडा।** कैसरगंज के पूर्व सांसद को उपहार में मिला डेढ़ करोड़ रुपए का घोड़ा चर्चा विषय बना हुआ है। पंजाब के व्यापारियों ने जन्मदिन से पूर्व थैरो ब्रीड नस्ल का घोड़ा उपहार में दिया है। पूर्व सांसद के मुताबिक, घोड़े की उम्र सिर्फ दो वर्ष है। वह रेस प्रतियोगिता में 17 लाख रुपए जीत चुका है। पूर्व सांसद ने घोड़े के साथ एक वीडियो भी अपने फेसबुक अकाउंट पर साझा किया है।

### जीविका दीदियों की फिर होगी चांदी



**पटना।** बिहार में जीविका दीदियों की चांदी होने वाली है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10-10 हजार बांटे जाने के बाद अब नीतीश सरकार 60 हजार रुपए या इससे अधिक की सालाना आय वाली महिलाओं का सर्वे कराया जाएगा। महिला रोजगार योजना से जुड़ीं महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। इसके लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है।

# 150 किलोवाट तक फिक्स शुल्क व्यवस्था को मिल सकती है मंजूरी

उत्तर प्रदेश में 150 किलोवाट तक के नए बिजली कनेक्शन के लिए फिक्स्ड चार्ज प्रणाली जल्द लागू हो सकती है। इससे उपभोक्ताओं को भारी-भरकम स्टीमेट से निजात मिलेगी और प्रक्रिया पारदर्शी होगी।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में बिजली कनेक्शन लेने वाले लाखों उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। प्रदेश विद्युत नियामक आयोग जल्द ही 150 किलोवाट तक के नए बिजली कनेक्शन के लिए फिक्स्ड चार्ज प्रणाली को मंजूरी दे सकता है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से उपभोक्ताओं को ट्रांसफॉर्मर, पोल, केबल, कंडक्टर और लाइन के नाम पर बनने वाले भारी-भरकम और मनमाने स्टीमेट से निजात मिलेगी। साथ ही बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध हो जाएगी।

जानकारी के अनुसार, 18 दिसंबर को होने वाली सप्लाई रिव्यू पैनल सब-कमेटी की बैठक में इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लगने की संभावना है। प्रस्ताव के तहत 150 किलोवाट तक के कनेक्शन के लिए खंभे से 300 मीटर तक की दूरी में उपभोक्ताओं से एकमुश्त तय शुल्क लिया जाएगा। मौजूदा समय में बिजली कनेक्शन लेने के लिए ट्रांसफॉर्मर, लाइन, पोल और दूरी के आधार पर स्टीमेट तैयार किया जाता है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद स्टीमेट आधारित प्रणाली समाप्त हो जाएगी। जिससे अभियंताओं द्वारा मनमानी और सौदेबाजी की गुंजाइश खत्म होगी।

### भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगेगी



राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कनेक्शन को फिक्स चार्ज आधारित बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। नियामक आयोग से मंजूरी मिलते ही प्रोसेसिंग शुल्क, सिक्योरिटी राशि और मीटरिंग चार्ज जैसे अलग-अलग शुल्क समाप्त हो जाएंगे। इससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगेगी और अभियंता एक जैसे मामलों में अलग-अलग स्टीमेट बनाकर उपभोक्ताओं से सौदेबाजी नहीं कर पाएंगे।

**यूपी में बिजली कनेक्शन लेने वालों के लिए बड़ी राहत**

### अलग-अलग मदों में शुल्क नहीं देना होगा

प्रस्ताव में 150 किलोवाट तक के नए बिजली कनेक्शन के लिए उपभोक्ताओं को अलग-अलग मदों में शुल्क नहीं देना होगा। एक ही फिक्स चार्ज में प्रोसेसिंग फीस सिक्योरिटी राशि, मीटरिंग चार्ज समेत अन्य तकनीकी व प्रशासनिक खर्च शामिल होंगे। इसके बाद बिजली विभाग स्वयं खंभे से 300 मीटर तक सभी आवश्यक तकनीकी व्यवस्थाएं कर कनेक्शन उपलब्ध कराएगा। व्यवस्था के तहत कोई घरेलू उपभोक्ता 2 किलोवाट का कनेक्शन 100 मीटर की दूरी तक लेना चाहता है, तो केवल 5,500 रुपए जमा करने होंगे।

## मथुरा में 8 बसें-3 कारें टकराईं, 13 जिंदा जले,70 घायल

# मृत शरीर के टुकड़े 17 पॉलिथीन में ले गए परिजन, एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते हादसा

मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें भिड़ गईं। टक्कर होते ही गाड़ियों में आग लग गई। भाजपा नेता समेत 13 लोगों की जलकर मौत हो गई। 70 लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है, क्योंकि बसों में कटे हुए अंग मिले हैं।

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा के बलदेव में यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के हुए हादसे के बाद का मंजर डरावना है। घने कोहरे में एक के बाद एक टकराने से सात बसों और तीन कारों में लगी भीषण आग ने जमकर तबाही मचाई। अब तक 13 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। कई लाशें इस कदर जली हुई हैं कि उनकी पहचान करना भी मुश्किल है।

हादसा थाना बलदेव क्षेत्र में माइलस्टोन 127 पर हुआ। पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के 50 जवानों और 9 थानों की पुलिस ने 6 घंटे में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया। हादसे के चलते एक्सप्रेस-वे पर 3 किमी लंबा जाम लग गया था। हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। एडीएम प्रशासन अमरेश जांच का नेतृत्व करेंगे।

टक्कर के बाद राहगीर ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शी भगवान दास ने बताया कि टक्कर के बाद ऐसा लगा जैसे बम फटा हो। लोग बसों के शीशे तोड़कर बाहर कूद रहे थे। थोड़ी देर में बसें जलकर राख हो गईं। हमने बस से 8–9 लाशें निकालीं। आरोप है कि रेस्क्यू करीब एक घंटे बाद शुरू हुआ।



### गंभीर घायलों को आगरा मेडिकल कॉलेज रेफर किया

घायलों को 11 एम्बुलेंस से मथुरा जिला अस्पताल और वृंदावन संयुक्त जिला अस्पताल भेजा गया। गंभीर घायलों को आगरा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बसों से पुलिस ने खरोच-खरोच कर शवों को उठाया। वहीं, सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया। हादसे की जांच के लिए 4 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। 48 घंटे के अंदर टीम रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी।

### शीशा तोड़कर दोनों बच्चों को बाहर निकाला, खुद नहीं निकल पाई पार्वती

हमीरपुर राठ की रहने वाली 42 साल की पार्वती अपने दो बच्चों प्राची और शनि के साथ नोएडा से अपने पति गोविंद के पास लौट रही थी। अचानक बस टकरा गई और उसमें तेजी से आग लग गई। पार्वती ने बिना कुछ सोचे अपने दोनों बच्चों को बस का कांच तोड़कर बाहर निकाल लिया, लेकिन वह खुद नहीं निकल पाई।

**उन्नाव में भीषण सड़क हादसा**

### एक्सप्रेसवे पर कोहरे में पलटी कार, 4 की मौत

**कानपुर।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर लखनऊ की तरफ जा रही कार वाहन से टकराने के बाद डिवाइडर में टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। सभी गाजियाबाद के मोदीनगर के रहने वाले थे, एक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। आगरा से लखनऊ की तरफ जा रही कार मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर पहुंची थी कि घना कोहरा होने से किसी वाहन की टक्कर से करीब 500 मीटर दूर तक डिवाइडर से टकराई और कई बार पलटी खाकर चकनाचूर हो गई। हादसे में कार सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई।

## संगठन के बाद सरकार में भी पीडीए के काट

# यूपी में जल्द हो सकता है योगी कैबिनेट का विस्तार



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भाजपा ने जिस तरह से प्रदेश संगठन में पिछड़ी जाति के नए 'चौधरी' को कमान देकर विपक्ष के पीडीए समीकरण की काट की जमीन तैयार करने का संदेश दिया है, अब उसी तर्ज पर प्रदेश सरकार में भी बदलाव की कवायद की तैयारी है। हालांकि, मंत्रिमंडल विस्तार कब होगा और स्वरूप क्या होगा, इस पर सभी ने चुप्पी साध रखी है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि लखनऊ से लेकर दिल्ली तक मंत्रिमंडल विस्तार में पीडीए समीकरण को दुरुस्त करने का खाका तैयार करने पर मंथन शुरू हो गया है।

### भूपेंद्र का होगा समायोजन?

प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी से मुक्त होने के बाद भूपेंद्र चौधरी का सरकार में समायोजन तय माना जा रहा है। चौधरी को सरकार में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। इनके अलावा करीब आधे दर्जन नए चेहरों को मौका मिल सकता है। मंत्रियों की रिपोर्ट कार्ड की समीक्षा के आधार पर कई को संगठन में भी भेजा जा सकता है। मंत्रिमंडल विस्तार की सुगबुगाहट शुरू होने के साथ ही दावेदार विधायकों ने दिल्ली की दौड़ लगानी शुरू कर दी है।

### क्षेत्रीय संतुलन बनाने पर भी मंथन

सूत्रों का कहना है कि संभावित विस्तार में पीडीए पर फोकस के साथ ही क्षेत्रीय संतुलन बिठाने पर भी खास ध्यान रखा जाएगा। ऐसे में पश्चिम, बुंदेलखंड और मध्य यूपी को विशेष स्थान दिया जा सकता है।

### युवा विधायकों को दिया जा सकता है

सूत्रों का कहना है कि वर्ष 2027 के रण में विपक्ष के पीडीए को मजबूत टक्कर देने के लिए यह कवायद हो रही है। माना जा रहा है कि मौजूदा मंत्रिमंडल के सदस्यों में कुर्मी समेत अन्य पिछड़ी व दलित जाति के मंत्रियों का प्रतिनिधित्व व कद बढ़ सकता है। साथ ही कुछ मंत्रियों के स्थान पर ऊर्जावान व युवा विधायकों को मौका दिया जा सकता है। खास तौर से पार्टी से दूर हो रहे कुर्मी समाज पर मजबूत पकड़ बनाने के लिए इस वर्ग के नेताओं को प्रमोट किया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि पूरी तस्वीर तो मंत्रिमंडल विस्तार के बाद ही साफ होगी।

## पेज एक का शेष

### प्रधानमंत्री की जॉर्डन....

पर्सनल कार में बिठाकर संग्रहालय तक ले गए। बल्कि इस दौरान अल हुसैन ने गाड़ी भी खुद ही चलाई। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री की जॉर्डन यात्रा की औपचारिक समाप्ति के साथ ही उन्हें विदाई देने के लिए फिर से अपनी गाड़ी में बिठाकर हवाई अड्डे तक छोड़ने के लिए भी गए। दोनों के बीच इन खूबसूरत और आत्मीय पलों की तस्वीरों को भारत के शीर्ष नेता ने एक्स पर अपनी कुछ पोस्ट के जरिए साझा किया है।

**क्राउन प्रिंस ने पीएम को हवाईअड्डे तक पहुंचाया:** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में कहा, जॉर्डन की सफल यात्रा संपन्न हो गई है। भारत और जॉर्डन के बीच मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को प्रदर्शित करते हुए क्राउन प्रिंस ने प्रधानमंत्री मोदी को हवाईअड्डे तक पहुंचाया और उन्हें विदाई दी।

**क्राउन प्रिंस के प्रति पीएम ने जताया आभार:** पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में जॉर्डन की अपनी यात्रा को फलदायी बताते हुए किंग अब्दुल्ला और जॉर्डन के लोगों को उनकी असाधारण मित्रता के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि हमारी चर्चाओं ने नवीकरणीय ऊर्जा, जल प्रबंधन, डिजिटल परिवर्तन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और विरासत सहयोग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में दोनों देशों की साझेदारी को मजबूत बनाया है। हमने मिलकर जो परिणाम प्राप्त किए हैं। वे हमारे नागरिकों की प्रगति, समृद्धि के लिए नए मार्ग प्रशस्त करेंगे। प्रधानमंत्री ने क्राउन प्रिंस का जॉर्डन से विदा होते समय हवाईअड्डे पर आने के लिए आभार व्यक्त किया है।

**यह हैं पांच परिणाम दस्तावेज:** विदेश मंत्रालय ने बताया, प्रधानमंत्री की जॉर्डन यात्रा के 5 मुख्य परिणाम दस्तावेजों में नई-नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग के लिए किया गया एक समझौता ज्ञापन (एमओयू), दोनों देशों के बीच जल संसाधन प्रबंधन और विकास के क्षेत्र में सहयोग के लिए हुआ एमओयू शामिल है। पेट्रा और एलोरा की गुफाओं के बीच सांस्कृतिक संबंध जोड़ने एक समझौता भी दोनों देशों के बीच हुआ है। इसके अलावा 2025-2029 तक सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का नवीनीकरण और डिजिटल समाधानों को लेकर सफलतापूर्वक साझा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक आशयपत्र (लेटर ऑफ इंटेंट) पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं।

**जॉर्डन के संग्रहालय की विशेषता:** ज्ञात हो कि जॉर्डन का संग्रहालय देश का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण संग्रहालय है। जिसमें जॉर्डन के समूचे इतिहास की कलाकृतियां (पाषाण युग से आधुनिक काल तक) मौजूद हैं। संग्रहालय का मुख्य आकर्षण दुनिया की सबसे प्राचीन मानव मूर्तियों में से एक ऐन गजल की प्लास्टर मूर्तियां हैं। इसके अलावा इसमें मृत सागर स्क्रॉल और पेट्रा से मिली चीजें भी संरक्षित करके रखी हुई हैं। यह संग्रहालय को एक आधुनिक, इंटरैक्टिव और कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित है।

### द्विपक्षीय संबंधों को....

ने 2023 में यह सुनिश्चित किया कि अब अफ्रीकी संघ जी-20 का सदस्य बनेगा। इन्हीं सभी पहलुओं को मद्देनजर रखते हुए हम भारत-इथोपिया संबंधों को सामरिक साझेदारी के स्तर पर लेकर जा रहे हैं। यह कदम हमारे संबंधों को नई ऊर्जा, गति और गहराई प्रदान करेगा। पीएम ने कहा, भविष्य की अपार सम्भावनाओं को साकार करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप तैयार होगा। आज हमें हमारे सहयोग के प्रमुख आयामों जैसे अर्थव्यवस्था, नवाचार, तकनीक, रक्षा, स्वास्थ्य, क्षमता विकास और बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों में विचार- विमर्श करने का मौका मिला। हमने भारत में इथोपिया के लिए छात्रों के लिए छात्रवृत्ति को दोगुना करने का निर्णय लिया है। पहलगाम आतंकी हमले पर प्रधानमंत्री अली की संवेदनाओं और आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में आपके समर्थन के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। इस लड़ाई में मित्र देशों का हमारे साथ होना बहुत मायने रखता है। इथोपिया की यात्रा करके मुझे बहुत खुशी होती रही है। यह इथोपिया का मेरा पहला दौरा है। भारत, इथोपिया के बीच हजारों वर्षों के संपर्क और आदान-प्रदान होता रहा है। अनेक भाषाओं और समृद्ध परंपराओं से समृद्ध हमारे दोनों देश विविधता में एकता का प्रतीक हैं। दोनों शांति और मानव कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध लोकतांत्रिक शक्तियां हैं। हम ग्लोबल साउथ के सहयात्री और साझेदार भी हैं। वैश्विक मंचों पर भी हमारे बीच मजबूत सहयोग बना हुआ है और हम वहां पर भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं।

### अगले पांच वर्षों ....

मजबूत बनाने पर जोर देते हुए अगले पांच वर्षों यानी 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा है। वहीं, ये भी साफ किया कि भारत-जॉर्डन एक साथ मिलकर घरेलू से इतर पूरी दुनिया के लिए एक भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला साझेदार बनने के मकसद से हाथ मिला सकते हैं। उन्होंने कहा, दुनिया में कई देशों की सीमाएं तो कई के बाजार मिलते हैं। लेकिन हमारे संबंध ऐसे हैं। जहां ऐतिहासिक विश्वास और भविष्य के आर्थिक अवसर एक साथ मिलते हैं। पीएम ने बताया कि किंग अब्दुल्ला के साथ मैंने भौगोलिक स्थिति को अवसर और अवसर को विकास में तब्दील करने के मामले पर विस्तार से चर्चा की है। विदेश मंत्रालय ने 16 दिसंबर को जारी किए गए एक बयान के जरिए पीएम मोदी के भाषण को मीडिया से साझा किया है। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री बीते 15 दिसंबर को अपनी तीन देशों (जॉर्डन, इथोपिया और ओमान) की राजकीय यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में अम्मान पहुंचे थे। जहां उनकी जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय, प्रधानमंत्री डॉ.जाफर हसन और क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला-द्वितीय से मुलाकात हुई।

**जॉर्डन के रास्ते दुनिया नापेंगी भारतीय कंपनियां:** पीएम ने कहा कि किंग अब्दुल्ला के नेतृत्व में जॉर्डन एक ऐसा पुल बना है, जो विभिन्न क्षेत्रों के बीच सहयोग और तालमेल बढ़ाने में बहुत मददगार रहा है। हमारी द्विपक्षीय मुलाकात में मैंने कहा था कि भारत की कंपनियां जॉर्डन से होते हुए अमेरिका, कनाडा और अन्य देशों के बाजारों तक पहुंच सकती हैं। आज हम जॉर्डन के तीसरे सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार हैं। व्यापार की दुनिया में अंकों का महत्व होता है। लेकिन हम यहां अंकों को गिनने नहीं बल्कि दीर्घावधि साझेदारी बनाने आए हैं।

**इन क्षेत्रों के व्यापारिक दिग्गज हुए शामिल:** व्यापार मंच के कार्यक्रम में दोनों देशों के कई व्यापारिक दिग्गजों ने भाग लिया। जिसमें अवसंरचना, स्वास्थ्य, औषधि, दवा निर्माण, उर्वरक, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, वस्त्र, रसद, ऑटोमोबाइल, ऊर्जा, रक्षा और विनिर्माण जैसे क्षेत्र मुख्य हैं। एफआईसीसी और जॉर्डन चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि भी इस दौरान मौजूद रहे। पीएम मोदी ने कहा, भौगोलिक स्थिति जॉर्डन की ताकत है और भारत के पास कौशल तथा पैमाना दोनों हैं। दोनों की ताकत जब एक साथ आएगी तो हमारे नौजवानों के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे।

**जॉर्डन बाजारों-क्षेत्रों को जोड़ने वाला सेतु:** प्रधानमंत्री ने बताया कि दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सभ्यतागत संबंधों की मजबूत नींव पर वर्तमान साझेदारी टिकी हुई है। जो अत्यंत उत्साहजनक है। उन्होंने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि इसकी बदौलत ही जॉर्डन क्षेत्रों और बाजारों को जोड़ने वाला एक पुल बन गया है। साथ ही वो व्यापार, प्रगति को भी बढ़ावा दे रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर भारत की सफलता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जॉर्डन समेत समूचे विश्व में भारत ने अपने साझेदारों के लिए अपार व्यावसायिक अवसर प्रदान किए हैं। एक जमाना था जब गुजरात से पेट्रा के रास्ते यूरोप तक व्यापार होता था। हमारी भावी समृद्धि के लिए हमें इन कड़ियों को पुनः जोड़ना पड़ेगा।

**जॉर्डन की कंपनियों को पीएम का निमंत्रण:** उन्होंने 'लेट अस इन्वेस्ट टुगेदर, इनोवेट टुगेदर एंड ग्रो टूगेदर' जैसी पंक्ति के साथ जॉर्डन की कंपनियों को भारत के साथ साझेदारी करने और देश के कुल करीब 1.4 अरब उपभोक्ताओं वाले बाजार, मजबूत विनिर्माण आधार और टिकाऊ-पारदर्शी तथा पूर्वानुमानित वातावरण का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। पीएम ने भारत की अर्थव्यवस्था की 8 फीसदी से अधिक की वृद्धि का जिक्र करते हुए इस तथ्य पर जोर दिया कि ये बढ़ोतरी उत्पादकता-संचालित शासन और नवाचार संचालित नीतियों का परिणाम है। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, आईटी, फिनटेक, हेल्थटेक और एग्रीटेक जैसे क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए पीएम ने दोनों देशों के स्टार्टअप को इन क्षेत्रों में हाथ मिलाने का आग्रह किया है।

**स्वच्छ ऊर्जा बनी आवश्यकता:** पीएम नरेंद्र मोदी के मुताबिक, औषधि और चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्रों में भारत की शक्ति और जॉर्डन की सुविधाजनक भौगोलिक स्थिति एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं। जो जॉर्डन को इन क्षेत्रों में पश्चिम-एशिया और अफ्रीका के लिए एक विश्वसनीय केंद्र बना सकते हैं। कृषि, कोल्ड चेन, फूड पार्क, उर्वरक, अवसंरचना, ऑटोमोबाइल, ग्रीन मोबिलिटी और विरासत-सांस्कृतिक पर्यटन के क्षेत्रों में दोनों पक्षों के लिए व्यापारिक अवसरों के बारे में भी उन्होंने जानकारी दी। भारत की हरित पहलों के बारे में जॉर्डन के शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराते हुए नवीकरणीय ऊर्जा, हरित वित्तपोषण, विलवणीकरण व जल पुनर्चक्रण जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने का सुझाव दिया है। आज की दुनिया बिना हरित विकास के आगे नहीं बढ़ सकती है। स्वच्छ ऊर्जा केवल विकल्प मात्र नहीं बल्कि ये एक आवश्यकता बन चुकी है।

### आर्थिक गलियारे का ....

व्यापार समझौतों और भारत की आर्थिक शक्ति को जोड़कर दक्षिण-एशिया और पश्चिम-एशिया तथा उससे आगे के क्षेत्रों के बीच एक आर्थिक गलियारे का निर्माण किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में जॉर्डन के क्राउन प्रिंस हुसैन और जॉर्डन के व्यापार-उद्योग तथा निवेश मंत्री भी मौजूद थे।

### राष्ट्रपति भवन में ....

सम्मानपूर्वक प्रदर्शित किए गए हैं। गैलरी का उद्देश्य आगंतुकों को हमारे उन राष्ट्रीय नायकों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। जिन्होंने राष्ट्र रक्षा में अदम्य संकल्प और साहस का प्रदर्शन किया है। यह दीर्घा उन वीर योद्धाओं की स्मृति को सम्मान देने की एक पहल भी है। जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उद्घाटन कार्यक्रम के साथ ही राष्ट्रपति ने कुछ पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया। वहीं, इस कार्यक्रम के दौरान 1999 के कारगिल युद्ध के दो जीवित पीवीसी विजेता ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव और राइफलमैन संजय कुमार भी मौजूद रहे। बताते चलें कि हरिभूमि ने इस विषय पर एक खबर को मंगलवार को ही अपने दिल्ली समेत अन्य संस्करणों में प्रमुखता से प्रकाशित कर अपने सुधी पाठकों तक पहुंचा दिया था।

### नेशनल हेराल्ड मामले ....

अदालत ने मंगलवार को खारिज कर दिया। ईडी का आरोप है कि दो हजार करोड़ की संपत्ति इधर उधर की गई है। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा और कानूनी विभाग के सचिव मोहम्मद खान ने अदालत के फैसले के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईडी ने जो फर्जी केस बनाया था, आज उसकी पोल खुल गई है। पवन खेड़ा ने इस फैसले को सत्य की जीत बताते हुए कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ ईडी द्वारा दायर चार्जशीट का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा सरकारी जांच एजेंसियों को जिस प्रकार से प्राइवेट आर्मी की तरह इस्तेमाल हो रहा है, आज वह खुलकर सामने आ गया है। खेड़ा ने जोर देकर कहा कि यह साजिश इसलिए रची गई, क्योंकि राहुल गांधी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लगातार निडरता से आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब भी महंगाई, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, किसान जैसे मुद्दे उठाती है, तब उसके नेताओं का मुंह बंद करने के लिए षडयंत्र रचा जाता है। उन्होंने कहा कि यह साजिश केवल गांधी परिवार या कांग्रेस के खिलाफ नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र, संविधान और प्रत्येक भारतवासी के मौलिक अधिकारों के खिलाफ है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड को स्वतंत्रता संग्राम की धरोहर बताते हुए कहा कि यह आजादी की लड़ाई से जुड़ा है और इसे निशाना बनाने की लगातार कोशिशें की जा रही हैं। पवन खेड़ा ने ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग कठपुतली बनने को तैयार हो जाते हैं, वे न केवल अपने भविष्य के साथ, बल्कि देश के लोकतंत्र के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ करते हैं। वहीं कांग्रेस कानूनी विभाग के सचिव मोहम्मद खान ने कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस केस में कभी कोई दम था ही नहीं। उन्होंने कहा कि 12 वर्षों से अधिक समय तक विभिन्न जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया। आज ईडी के मामले की गति पूरी तरह खत्म हो चुकी है, क्योंकि अदालत ने दस्तावेजों और दलीलों का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार तमाम संसाधन और समय लगाने के बावजूद भी कोई केस खड़ा नहीं कर पाई, क्योंकि झूठ के पैर नहीं होते।

### कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष...

नड्डा और राजनाथ सिंह ने दी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नबीन भाजपा को और गति से आगे बढ़ाने का काम करेंगे। सैनी ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें एक साधारण कार्यकर्ता देश के उच्च पद पर बैठ सकता है। यह भाजपा में ही संभव है। दूर-दराज बैठा एक कार्यकर्ता भी शिखर की ऊंचाईयों पर बैठ सकता है, यह सिर्फ यहीं संभव है। बहुत से दल परिवारवाद से ग्रसित हैं और वे परिवारवाद से बाहर नहीं सोचते हैं। भाजपा में यदि कोई कार्यकर्ता देश के किसी भी कौने में पार्टी के लिए काम कर रहा है तो उसे राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर भी बैठा सकती है।

### युद्धकाल का सर्वोच्च ....

योद्धाओं को पीवीसी से सम्मानित किया गया है। इस सर्वोच्च सैन्य अलंकरण की स्थापना 26 जनवरी 1950 को भारत के गणराज्य घोषित होने की तारीख के साथ हुई थी। लेकिन यह 15 अगस्त 1947 से ही देश में लागू है।

### राष्ट्रपति ने किया....

कि सेना ने इस दौरान आत्मनिर्भरता, सामरिक दृढ़ता और आधुनिक युद्ध शैली के प्रभावी उपयोग का परिचय दिया है। जो पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत है। बल की स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण की पहल भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मैं सभी सैनिकों और उनके परिवारों को विजय दिवस की शुभकामनाएं देती हूं। जय हिंद! राष्ट्रपति के अलावा अपने सोशल मीडिया संदेशों के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ ही देशवासियों को विजय दिवस की बधाई दी। रक्षा मंत्री, सीडीएस और तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जाकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।



# सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे'को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर'पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'में समेटा गया है।

## लाइफ Style

# श्रद्धा

## हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

रणवीर सिंह की 'धुरंधर'इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।



## हॉलीवुड मसाला

# ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत



**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।




# इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्सः डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



# पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



# सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

## टीवी मसाला




# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!

**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन



इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।

# विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

### बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

### प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



### पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

### सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल): क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंटः द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

# भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

### द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

### भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



### पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



### लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।




### प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

### एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



### गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

### दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में समग्र औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा मप्र

## पीएम मित्र पार्क में 89 परिवारों के पुनर्वास का पहला चरण, 24 परिवारों को सौंपे गए पक्के घर

# औद्योगिक परियोजनाएं सिर्फ निवेश ही नहीं, समाज के समग्र विकास के लिए

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक परियोजनाओं को केवल निवेश के रूप में नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास से जोड़कर आगे बढ़ाया जा रहा है।

इसी सोच के साथ धार जिले के ग्राम भैंसोला में विकसित हो रहे देश के पहले पीएम मित्र पार्क में विस्थापित परिवारों के पुनर्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मित्र पार्क की भूमि पर निवासरत कुल 89 परिवारों के पुनर्वास के लिए एमपीआईडीसी द्वारा समीप ही सुव्यवस्थित आवासीय कॉलोनी विकसित की जा रही है।

इस पुनर्वास योजना के प्रथम चरण में 24 परिवारों को पक्के मकान बनाकर सौंपे गए और विधि-विधान के साथ उनका गृह प्रवेश कराया गया। शेष परिवारों को भी चरणबद्ध रूप से आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।



पीएम मित्र पार्क में विस्थापित परिवारों को सौंपे गए पक्के घर।

### 89 पक्के मकान, 140 भूखण्ड और पूर्ण सुविधाएं

पीएम मित्र पार्क के लिए विकसित की जा रही पुनर्वास कॉलोनी में कुल 89 टू बीएचके पक्के मकान तथा 140 विकसित भूखण्ड शामिल हैं। कॉलोनी में बिजली, नल से जल, सड़क, नाली और एसटीपी जैसी सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, पार्क और सामुदायिक भवन विकसित किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे परिसर को बाउंड्रीवॉल से कवर किया गया है। प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार औद्योगिक विकास करते हुए हर परिवार का ख्याल रखा जाएगा। इसी नीति के तहत पीएम मित्र पार्क के लिए प्रभावित परिवारों को केवल आवास ही नहीं बल्कि बेहतर जीवन उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### 13.48 करोड़ रुपए की पुनर्वास योजना होगी पूर्ण

यह संपूर्ण पुनर्वास परियोजना लगभग 13.48 करोड़ की लागत से विकसित की जा रही है। प्रत्येक मकान की लागत लगभग 6 लाख रुपए है। परियोजना को अप्रैल 2026 तक पूरा कर शेष सभी हितग्राहियों को चरणबद्ध रूप से मकान सौंपे जाएंगे। विकसित किए गए 140 भूखण्ड भविष्य में अन्य विस्थापन कार्यों के लिए उपयोग में लाए जाएंगे। देश के पहले पीएम मित्र पार्क में उद्योग स्थापना और पुनर्वास का यह संतुलित मॉडल यह दर्शाता है कि प्रदेश सरकार के लिए औद्योगिक प्रगति के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।

◂ प्रदेश में 45 रोड सेफ्टी एण्ड इन्फोर्समेंट प्वाइंट के माध्यम से जांच

## परिवहन विभाग के प्रवर्तन अमले को चालानी कार्रवाई के लिए मिली पीओएस मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

परिवहन विभाग ने प्रदेश में वाहन चेकिंग की पारदर्शी व्यवस्था लागू करने तथा सुशासन के उद्देश्य से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत राज्य के परिवहन चेकपोस्टों को बंद कर दिया है। इनके स्थान पर 45 रोड सेफ्टी एण्ड इन्फोर्समेंट चेकिंग प्वाइंट जांच का कार्य कर रहे हैं। जांच कार्य के लिए प्रवर्तन बल (इन्फोर्समेंटफोर्स) को बॉडीवॉर्न कैमरे उपलब्ध कराए गए हैं। इन कैमरों की निगरानी में पीओएस मशीन के माध्यम से वाहनों के विरुद्ध ऑनलाइन चालानी कार्रवाई की जा रही है।

राज्य में प्रवेश करने वाले अन्य राज्यों के वाहनों की ओर से ई-चेकपोस्ट मॉडल के माध्यम से ऑनलाइन मोटरयान कर जमा करने की सुविधा दी गई है। प्रवर्तन अमले की ओर से बॉडीवॉर्न कैमरे का उपयोग करने से वाहन चेकिंग के दौरान प्रत्येक कार्रवाई की मॉनीटरिंग वास्तविक समय में कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर के माध्यम से की जा रही है। परिवहन विभाग की इस व्यवस्था से न केवल वाहन चालकों में विश्वास बढ़ा है, बल्कि वाहन चेकिंग के दौरान आने वाली अवैध वसूली की शिकायतें भी काफी कम हो गई हैं। इस व्यवस्था से परिवहन विभाग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इण्डिया के सपने को साकार किया है। परिवहन विभाग के अमले को पीओएस मशीन उपलब्ध कराने से वाहनों के विरुद्ध की जाने वाली चालानी कार्रवाई को ऑनलाइन तथा कैशलेस रूप में किया जा रहा है। प्रदेश में मोटरयान परिवहन से संबंधित प्रावधानों के उल्लंघन पर स्व-चलित पद्धति ई-डिटेक्शन को नवम्बर-2025 से लागू कर दिया गया।

### भारतीय मजदूर संघ की कार्यशाला आयोजित

**भोपाल।** भारतीय मजदूर संघ मप्र द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष केपी सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री मप्र-छग सुनील किरवई, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यप्रांत के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया, क्षेत्र संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंच के केशव दुबोलिया सहित अन्य उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मध्यप्रदेश के 55 जिलो से संयोजकों सहित 86 कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

## पौष माह के कृष्ण पक्ष की सफला एकदशी पर मंदिरों एवं घरों में की गई भगवान की आराधना

# सफला एकादशी पर दीप जलाकर की गई भगवान विष्णु और बांके बिहारी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

पौष माह के कृष्ण पक्ष की सफला एकादशी सोमवार को राजधानी के बिड़ला मंदिर,श्रीजी मंदिर व बांके बिहारी लाल मार्कण्डेय मंदिर में विशेष-पूजा-पाठ की गई। भक्तों ने सौभाग्य व घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बांके बिहारी लाल मार्कण्डेय मंदिर में महिलाओं ने दीप जलाकर भगवान बांके बिहारी और विष्णु जी की पूजा-पाठ की। मां चामुंडा दरबार के पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को सफला एकादशी कहा जाता है। मान्यता है कि इस एकादशी का व्रत करने से सर्वत्र सफलता प्राप्त होती है। हिंदू धर्म में एकादशी की तिथि भगवान श्रीहरि को समर्पित की गई है। यही कारण है कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इस दिन किए गए उपायों से व्यक्ति का सौभाग्य जागता है और उसके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं।


इतवारा स्थित राधा वल्लभ मंदिर का दृश्य।

### खरमास शुरू, नहीं होंगे मांगलिक कार्यक्रम

**भोपाल।** आज से 14 जनवरी तक खरमास लग जाएगा, जिसके बाद मुहूर्त सीधे 4 फरवरी से शुरू होंगे, जो जुलाई तक चलेंगे, जिसमें मांगलिक कार्य नहीं होंगे। मां चामुंडा दरबार के पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 15 दिसबर से सूर्यदेव धनु राशि में संक्रमण कर लिया है। इसके चलते 16 दिसंबर से खरमास लग जाएगा। खरमास की वजह से 16 दिसंबर से विवाह, मुंडन व उपनयन संस्कार पर एक माह के लिए विराम लग जाएगा। 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक विवाह नहीं होंगे। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 15 दिसंबर से 2 फरवरी तक शुक्र का तारा अस्त होने से मुहूर्त नहीं है। 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक धनुर्मास रहेगा। 14 मार्च से 14 अप्रैल तक मीन मलमास होने से शादियां नहीं होंगी। 17 मई से 15 जून तक ज्येष्ठ अधिकमास होने से मुहूर्त नहीं हैं। 16 जुलाई से 8 अगस्त तक गुरु का तारा अस्त रहेगा। 25 जुलाई से 20 नवंबर तक देवशयन काल रहेगा। जुलाई में विवाह के दो, फरवरी एवं जून माह में जहां 6 दिन, मार्च, मई, नवंबर और दिसंबर में चार, अप्रैल में तीन दिन ही शादियां होंगी।

### एकादशी पर हुआ विशेष श्रृंगार, ठाकुर जी ने किया मुकुट धारण

पुत्रदा एकादशी के अवसर पर इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में ठाकुर श्री राधावल्लभ लाल का विशेष श्रृंगार एवं मुकुट धारण संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर भक्तों ने ठाकुर जी के दिव्य दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। शीत ऋतु में ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया जाता है, जिसके अंतर्गत फूलों की माला की जगह उन्हें कपड़े से बनी माला धारण कराई जाती है। साथ ही, ठाकुर जी के हाथों एवं पैरों में मोजे पहनाए जाते हैं, जिससे उन्हें शीत ऋतु में गरमाहट का अनुभव हो। पुत्रदा एकादशी के दिन ठाकुर जी ने विशेष मुकुट धारण कर भक्तों को मनोहारी दर्शन दिए। राधावल्लभ परंपरा के अनुसार मंदिर में दिन की शुरूआत प्रातः मंगला आरती से हुई। इसके पश्चात धूप, श्रृंगार एवं राजभोग आरती संपन्न हुई। सायंकाल पट खुलने के बाद धूप, संध्या एवं शयन आरती के उपरांत ठाकुर जी का शयन कराया गया।

### बाबा खाटू श्याम का किया विशेष श्रृंगार

मां वैष्णो धाम आदर्श नोदुर्गा मंदिर प्लेटिनम प्लाजा पर एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद भगवान खाटू श्याम को छप्पन भोग अर्पित किए गया। इसके बाद भजन संध्या की गई । बाबा की ज्योत प्रज्वलित की गई।


खाटू श्याम मंदिर



# उस्ताद ज़ाकिर हुसैन को दी संगीतमय श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नईदिल्ली

भारत के अग्रणी तबला वादकों में शुमार और भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रमुख ध्वज वाहक यशवंत वैष्णव नेस्वर सांझ म्यूज़िक अकादमी द्वारा प्रस्तुत मिलान म्यूज़िक फेस्टिवल 2025 में प्रभावशाली प्रस्तुति दी। यह आयोजन 14 दिसंबर 2025 कोइंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जो उस्ताद ज़ाकिर हुसैन की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें समर्पित एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि था। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित कलाकारों, संगीत के विद्यार्थियों और बड़ी संख्या में संगीत प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अकादमी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गुरमत संगीत से हुई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक भाव से भर दिया। इसके बाद युवा शिष्यों सिरजन चावला और अंशवीर सिंह ने तबला युगल की प्रस्तुति दी। उनकी जुगलबंदी में अनुशासित प्रशिक्षण और पंजाब घराने की विशिष्ट शैली साफ दिखाई दी, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम के उद्देश्य और भावना पर प्रकाश डालते हुए स्वर सांझ म्यूज़िक अकादमी के संस्थापक अरपित सिंह ने कहा कि मिलान केवल एक संगीत कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह पीढ़ियों को जोड़ने वाला एक ऐसा मंच है, जहां स्वर और मौन, अनुशासन और साधना का संगम देखने को मिलता है। इसके माध्यम से हम अपने गुरुओं का सम्मान करते हैं और अपनी परंपरा को आगे बढ़ाने का दायित्व निभाते हैं। कार्यक्रम के शास्त्रीय खंड में बिनीत सिंह ने गुरमत एवं शास्त्रीय संगीत की भावपूर्ण गायन प्रस्तुति दी।

### आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार, पुलिस कर रही जांच

# सड़क हादसे में शिक्षक की मौके पर ही मौत, बेटा गंभीर

ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को मारी जोरदार टक्कर




हरिभूमि न्यूज ▸▸ मरवाही

थानाक्षेत्र में मंगलवार सुबह घने कोहरे के चलते बड़ा सड़क हादसा हो गया। मरवाही माडाकोड मुख्य मार्ग पर ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे शिक्षक बक्शी दास की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका बेटा अंकित दास गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि अंकित दास आईटीआई का छात्र है। बस के छूट जाने के कारण पिता बक्शी दास उसे बाइक से कॉलेज छोड़ने निकले थे। इसी दौरान मरवाही माडाकोड मुख्य मार्ग पर घना कोहरा छाया हुआ था। जिससे विजिबिलिटी बेहद कम थी। इसी बीच सामने से आ रहे ट्रक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि शिक्षक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। आसपास के लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल बेटे को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। मृतक शिक्षक मरवाही विकासखंड के चिचगोहना गांव के निवासी थे जबकि उनकी पदस्थापना मरवाही विकासखण्ड के पडरिपानी गांव के स्कूल में थी। घटना की सूचना मिलते ही मरवाही पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मामले में पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है। ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। वहीं इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। तो घने कोहरे के कारण सड़क हादसों में के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कोहरे के दौरान यातायात पर विशेष सतर्कता और सुरक्षा इंतजाम की मांग की है।

### अतिक्रमण अमले ने प्रदान किया सहयोग

## बिना भवन अनुज्ञा शाखा की अनुमति के बने दो कमरे ढहाए



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

शहर के करोंद स्थित पंचवटी कॉलोनी में सोमवार भवन अनुज्ञा शाखा की बिना अनुमति ने बने दो कमरों को तोड़ने की कार्रवाई की गई। जेसीबी से निर्माण को अतिक्रमण अमले ने ढहा दिया। भवन अनुज्ञा शाखा को यहां अवैध रूप से बने निर्माण की शिकायत मिली थी। इसकी पहले जांच की गई। इस दौरान निर्माण कार्य अवैध पाया गया। इस पर कार्रवाई की गई। कोलार नहर के पास प्रियंका नगर में अवैध रूप से बने पांच छप्पर भी हटाए गए। निगम के अतिक्रमण दस्ते के सोमवार को सीएम हेल्पलाइन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से मिली शिकायतों पर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई की। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, बोर्ड, सब्जी, जैकेट, कपड़े, मौजे आदि की दुकानों व अवैध रूप से बनें छप्पर एवं चबूतरों को हटाया गया।


### आरोपियों ने गला दबाकर पेड़ पर लटकाया था किशोरी का शव

# करीब आठ साल पहले हुए अंधे कत्ल के मामले में पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कबीरधाम

पुलिस ने मंगलवार को आठ साल पुराने अंधे कत्ल का खुलासा किया है। इस मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कुकदूर थाना क्षेत्र का मामला है। एएसपी पुष्पेन्द्र कुमार बघेल ने बताया कि 17 मई 2017 को थाना कुकदूर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमनिया की 14 वर्षीय बालिका राजबाई गोड का शव कोलिहामाड़ा नाला के पास भेलवा पेड़ में उसकी चुनरी से फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला था।

पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण गला दबाने से दम घुटना बताया गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि मामला आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या का है।



इसके आधार पर 27 मई 2017 को अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 302, 201 दर्ज कर जांच में लिया गया। वर्ष 2025 में कबीरधाम पुलिस द्वारा पुराने अनसुलझे मामलों की पुनः समीक्षा के दौरान इस प्रकरण को प्राथमिकता पर लेते हुए पुनर्जीवित किया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण से जुड़े संदेहियों की पहचान कर उन पर लगातार निगरानी रखी गई।

### एक दर्जन से अधिक मामलों का हुआ खुलासा

पुलिस द्वारा विगत एक वर्ष के भीतर जिले के पुराने ब्लाइंड मर्डर के कुल 14 मामलों में सफलता अर्जित की गई है, जिनमें आरोपियों की गिरफ्तारी कर प्रकरणों का विधिवत खुलासा किया गया है। इन मामलों में थाना कवर्धा क्षेत्र का चर्चित डॉक्टर दंपति डबल मर्डर हत्याकांड, थाना तरेगांव व थाना पिपरिया के अंधे कत्ल प्रकरण प्रमुख रूप से शामिल हैं। पुलिस द्वारा वर्षों से लंबित व जटिल अंधे कत्ल प्रकरणों को प्राथमिकता पर लेते हुए एक के बाद एक सफलता प्राप्त की जा रही है।

**फेस्टिवल** | बेस्ट एक्टर के लिए कृष्णन नाटक को दिया गया अवार्ड

# बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड नाइट मालावाज़ी, चिड़िया और ड्रैगन हार्ट ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड इंटरनेशनल फ़िल्म फ़ेस्टिवल का छठा तीन दिवसीय आयोजन इस वर्ष भी मुंबई में आयोजित किया गया। बता दें कि यह आयोजन स्टेज एप के प्रायोजन तथा अपने सहयोगी ओमपुरी फ़ाउंडेशन व पहल फ़ाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में 12 से 14 दिसम्बर 2025 तक वेदा कुनबा थिएटर, अंधेरी वेस्ट, मुंबई में सम्पन्न हुआ। इसमें मालावाज़ी, चिड़िया और ड्रैगन हार्ट ने बाज़ी मारी। 12 दिसंबर को होने वाले पहला दिन महिलाओं को समर्पित रहा, जिसमें पूरे दिन स्त्री विषयक महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली फ़िल्मों का प्रदर्शन किया



गया। सबसे पहले प्रतिभा शर्मा की अनेक पुरुस्कारों से सम्मानित आमो आखा एक से डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन हुआ। आगे मशहूर डायरेक्टर अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित फ़िल्म थप्पड़ दिखाई गई। फेस्टिवल में फिल्मों की स्क्रीनिंग के बाद बेहतरीन कैटेगरी को अवार्ड देने का सिलसिला शुरु हुआ जिसके अंतर्गत मोबाइल फिल्म कैटेगरी में 'लॉस्ट लवर' को बेस्ट मोबाइल फिल्म का अवार्ड मिला। इसी में कैटेगरी में (डॉक्यूमेंट्री) 'सिरेमिक ट्रांसपोर्ट वर्कर्स' के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड याओलिसैहू को दिया गया। 'पॉप्ड ऑर अलाइव' को बेस्ट एनीमेशन फिल्म का सम्मान मिला, जबकि 'लेस' के लिए प्रबीर कुमार सामंता को बेस्ट एनीमेशन डायरेक्टर का अवार्ड मिला। म्युज़कि वीडियो में 'फेस टू फेस' के लिए संगीत वीडियो उसके डायरेक्टर डैनिएले इपोलिटो और इलायजा निगासी को अवार्ड दिया गया। वहीं बेस्ट सिंगर का अवार्ड 'गुज़ारा' के लिए डायरेक्टर अब्दुल सलीम लोधी को दिया गया। बेस्ट स्टूडेंट्स फ़ल्मि डायरेक्टर अवार्ड 'शिवि घाखेर' को उनकी फिल्म 'द लेडी बर्ड -एक से अनेक' के लिए तथा क्षितिज अरोड़ा को उनकी फिल्म 'चिल्ला खादरः नाव पर ज़िंदगी' के लिए संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। बेस्ट एक्टर के लिए कृष्णन नाटक को उनकी फिल्म 'बत्तो का बुलबुला और विंडो' के लिए अवार्ड मिला वहीं बेस्ट एक्ट्रेस के लिए आयुषी सयाई को 'हाफ सैलरी' और सायरा बानो को फिल्म 'मिराज' के लिए संयुक्त रूप से अवार्ड दिया गया।

### विधायक ललिता यादव रहीं मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद

# शाजिदा अमीर के सिर सजा स्वाद का ताज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छतरपुर

पिछले दो महीनों से बुंदेली महिलाओं की पाककला और आत्मविश्वास का उत्सव बन चुकी बुंदेली शेफ सीज़न 3 प्रतियोगिता का भव्य समापन रविवार को छतरपुर के एक निजी होटल में हुआ। ग्रैंड फिनाले में स्वाद, हुनर और जुनून की ऐसी जुगलबंदी देखने को मिली, जिसने पूरे बुंदेलखंड को एक बार फिर अपनी रसोई पर गर्व करने का मौका दिया। कड़े मुकाबले में झांसी की शाजिदा अमीर ने अपने लाजवाब बुंदेली व्यंजनों से जजेस को प्रभावित करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, पन्ना की नैंसी शिवहरे, जो वर्तमान में बेंगलुरु में रह रही हैं, ने प्रथम उपविजेता तथा छतरपुर की विभा अग्निहोत्री ने द्वितीय




उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। फिनाले में छह प्रतिभागी- विभा अग्निहोत्री, स्वप्निल मोदी, रश्मि ठाकुर, शाजिदा अमीर, नैन्सी शिवहरे और वाइल्ड कार्ड एंट्री के ज़रिए शामिल हुईं। रानू झा ने अपने हुनर का दमखम दिखाया। ग्रैंड फिनाले की शोभा बढ़ाने छतरपुर विधायक ललिता यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। वहीं निर्णायक की भूमिका में बुंदेली शेफ सीज़न 1 की विजेता शमिता सिंह और सीज़न 2 की विजेता ज़हीदा परवीन शामिल रहीं।

### सिंगापुर में भारतीय रेस्तरां खोलने की इच्छा जाहिर की

विजेता बनने के बाद शाजिदा अमीर ने कहा, यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, यह मेरी रसोई, मेरी परंपरा और हर उस बुंदेली महिला की है, जो अपने हुनर को दुनिया तक पहुँचाना चाहती है, जिसके बाद मैंने सिंगापुर मैं भारतीय रेस्तरां शुरू करके भारत और बुंदेलखंड का मान बढ़ाने का संकल्प लिया है।

## चिंतन

# भारत-जॉर्डन साझेदारी को मिलेगी नई गति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन यात्रा आर्थिक, रणनीतिक और कूटनीतिक दृष्टि से काफी अहम रही। इससे न केवल साझेदारी और सहयोग को गति मिलेगी, बल्कि आपसी रिश्ते भी और मजबूत होंगे। यह दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह भारत की एक्ट ईस्ट नीति का हिस्सा है और पश्चिम एशिया में भारत के प्रभाव को बढ़ाने के लिए एक अहम कदम भी है। अक्सर देखने में आ रहा है कि जब भी पीएम नरेंद्र मोदी विदेश दौरे पर रवाना होते हैं, तो यह केवल एक औपचारिक दौरा नहीं होता, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम भी होता है। जो देश के विकास और मजबूती को नया आयाम देता है। बता दें कि किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 37 वर्षों में जॉर्डन की यह पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा रही है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हुई इस यात्रा से भारत-जॉर्डन साझेदारी को नई गति मिली है और दोनों देशों के बीच विश्वास तथा आपसी समझ भी बढ़ी है। पीएम मोदी की यह यात्रा इसलिए भी महत्व रखती है कि जॉर्डन दुनिया के उन देशों में से एक है, जिसने स्वतंत्र देश के रूप में भारत से शुरुआती दौर में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। दोनों देशों के बीच सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए पहला द्विपक्षीय समझौता 1947 में हुआ था और 1950 में दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित हो गए थे। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध भी दशकों से मजबूत रहे हैं। दोनों देश शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति का जायजा लेने के लिए नियमित रूप से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल-हुसैन के साथ व्यापक बातचीत की। वहीं, जॉर्डन ने भी आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के रुख का समर्थन किया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। बता दें कि जॉर्डन भारत को फॉस्फेटिक उर्वरकों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। भारत की बढ़ती उर्वरक मांग को पूरा करने के लिए दोनों देशों की कंपनियों ने जॉर्डन में और निवेश करने के लिए बातचीत की। पीएम मोदी ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को पांच अरब डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर अहम चर्चा हुई। रुपे कार्ड के उपयोग सहित डिजिटल लेनदेन के एक आशय पत्र, स्वच्छ ऊर्जा विकल्प के रूप में नागरिक परमाणु ऊर्जा पर भी बात हुई। इसके अलावा पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए जॉर्डन के पेट्रा और भारत के एलोरा पर्यटन स्थलों के बीच संबंध स्थापित करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। जॉर्डन के बाद मोदी इथोपिया और ओमान का दौरा भी करेंगे। पीएम के विदेश दौरे दर्शाते हैं कि आज भारत को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। उनकी यह यात्रा भारत की उसी छवि को और सशक्त करती है। वैश्विक मुद्दों पर भारत की भूमिका को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की आवाज और प्रभाव बढ़ेगा।

# नशे के खिलाफ मालदीव मॉडल जरूरी



नशामुक्ति

डॉ. रमेश ठाकुर

**मालदीव ने अपनी मौजूदा और आगामी पीढ़ी को सेहतमंद रखने के लिए मुल्क को धूम्रपान मुक्त बनाने का बीड़ा उठा लिया है। कोई युवा धूम्रपान न कर सके, इसके लिए 'जेनरेशनल स्मोकिंग बैन' नाम का एक सख्त और बेहद कठोर कानून बनाया है। नशा-धुम्रपान की बढ़ती समस्या को देखकर अब इतना तो तय है जब तक मालदीव जैसे सख्त कानून नहीं बनाए जाएंगे, स्थिति में सुधार नहीं होगा। मालदीव की भांति ज्यादा से ज्यादा देश अपने यहां ऐसे ही कानूनों को पारित कर अमल में लाने की दरकार है। युवा पीढ़ी की सेहत को बचाने के लिए सभी मुल्कों को ऐसे कानून बनाने चाहिए। मालदीव का धूम्रपान पर अंतिम प्रहार दुनिया के लिए सबक है।**

मालदीव ने अपनी मौजूदा और आगामी पीढ़ी को सेहतमंद रखने के लिए मुल्क को धूम्रपान मुक्त बनाने का बीड़ा उठा लिया है। कोई युवा धूम्रपान न कर सके, इसके लिए 'जेनरेशनल स्मोकिंग बैन' नाम का एक सख्त और बेहद कठोर कानून बनाया है। कानून के मुताबिक वर्ष-2007 के बाद मालदीव में जन्में लोग अब भविष्य में कभी भी किसी सूरत में स्मोकिंग नहीं कर पाएंगे। अगर ऐसा किसी ने भूलवश किया, तो उसे भारी जुर्माना चुकाना होगा। कानून को पिछले महीने यानी 15 नवंबर से पूरे देश में लागू कर दिया गया है। मालदीव में अब तंबाकू-खैनी, गुटखा, बीड़ी सिगरेट, चरस-गांजा, अफीम या ई-सिगरेट को खरीदना और बेचना अपराध की श्रेणी में है।

कोई दुकानदार अगर खुदा न खास्ता चोरी छिपे किसी को तंबाकू बेचता पकड़ा गया, तो उसे 50,000 मालदीवियन रूफिया यानी 2.88 लाख रुपये का जुर्माना देना पड़ेगा। वहीं, ई-सिगरेट या वेपिंग करते पकड़े जाने पर 5,000 रूफिया यानी 29,000 हजार रुपये बतौर जुर्माना देने होंगे। दूसरी बार जुर्माना लगने पर ड्राइविंग लाइसेंस को हमेशा के लिए निरस्त करने का प्रावधान है। ये नियम मालदीव जाने वाले अन्य देशों के लोगों पर भी लागू है। इस अनोखे कानून का सबसे सुखद पहलू ये है कि उसे सत्ता और विपक्ष की आम सहमति से संसद में पारित किया गया। देश वासियों ने बाकायदा जश्न मनाया। कानून बनने की खुशी में पक्ष-विपक्ष के सांसदों ने मिलकर पार्टी भी आयोजित की और एक-दूसरे को बधाइयां दीं। दरअसल, धूम्रपान ऐसी आधुनिक बीमारी के रूप में उभर चुकी है जिसने तकरीबन प्रत्येक के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। वाजिब सवाल यहां ये उठता है कि आखिर धूम्रपान के विरुद्ध मालदीव की तरह कठोर कदम भारत में क्यों नहीं उठाया जा सकता?

किस बात की दिक्कत है। जबकि, डब्ल्यूएचओ के मुताबिक भारत में नशे से मरने वालों की संख्या सर्वाधिक है। भारत में कुछ प्रदेशों के युवा नशे में उड़ रहे हैं। घर के घर तबाह हैं। ऐसों को देखकर फिल्ममेकर 'उड़ता पंजाब' जैसी फिल्में भी बनाने लगे हैं। फिर भी कोई सुधार नहीं होता दिखता। नशेड़ियों का हर पल, हर जगह, उपहास उड़ता है। बावजूद इसके अपनी हरकतों से वो बाज नहीं आते? दुनिया में हर बरस 80 लाख मौतें होती हैं फिर भी कोई नहीं डर रहा। नशा-धुम्रपान की बढ़ती समस्या को देखकर अब इतना तो तय है जब तक मालदीव जैसे सख्त कानून नहीं बनाए जाएंगे, स्थिति में सुधार नहीं होगा। मालदीव की भांति ज्यादा से ज्यादा देश अपने यहां ऐसे ही कानूनों को पारित कर अमल में लाने की दरकार है। हिंदुस्तान तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक देश है। सरकार राजस्व का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से जुटाती है। भारत में तंबाकू-धूम्रपान से सालाना 13.5 लाख लोग असमय मरते हैं।

'सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन' के मुताबिक भारत सरकार प्रत्येक बरस अपने मरीजों पर 1.77 करोड़ रुपये खर्च करती है। ये जानते हुए भी कि तंबाकू कैंसर, फेफड़ों की बीमारी और हृदय रोग सहित कई पुरानी बीमारियों का प्रमुख कारण है। फिर भी लोग गुटखा-खैनी इस्तेमाल करते हैं। पंजाब पाकिस्तान के बॉर्डर से सटा है, जहां से चोरी छिपे हर दिन सैकड़ों किलो मादक पदार्थों की खेप पहुंचती हैं। तस्कर इसके



लिए ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं। देखा जाए तो मालदीव ने अपनी पीढ़ियों को बचाने के लिए जो इच्छाशक्ति दिखाई है, वह अन्य मुल्कों के लिए एक नायाब उदाहरण जैसा है। उनका यह निर्णय नशे से प्रभावित देशों को धूम्रपान से लड़ने के लिए ना सिर्फ हिम्मत देगा, बल्कि स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएगा। मालदीव का नशा मुक्ति पर लिया कठोर निर्णय निश्चित रूप से साहसिक कदम कहा जाएगा। ऐसा करके मालदीव विश्व का पहला मुल्क बना है, जहां साल 2007 के बाद जन्मा कोई इंसान कश से दूर रहेगा। मालदीव में धूम्रपान से सालाना मात्र 150 लोग ही जान गवाते हैं, फिर भी सरकार अपने नागरिकों के लिए इतनी फिक्रमंद है। कानून से जुड़ी एक अच्छी बात ये भी है कि यह नियम वहां पहुंचने वाले सैलानियों पर भी लागू रहेंगे। विश्व की सरकारें अगर ईमानदारी से जनहित की नीतियों पर मंथन करें, तो धूम्रपान पर मुक्ति पाना असंभव नहीं? मॉर्डन स्टेटस कहें, या पश्चिमी सभ्यता का विस्तार? देखा-देखी युवा नशे की लत में घुसते जा रहे हैं। मालदीव ही नहीं, विश्व का कोई देश इस समय अछूता नहीं बचा, जहां के टीनएजर्स इस समस्या की गिरफत में न समाए हों? इस मामले में एशिया पहले पायदान पर है जहां बड़े स्तर पर मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त जारी है। मालदीव सरकार द्वारा पारित 'जेनरेशनल स्मोकिंग बैन' दुनिया का पहला 'तम्बाकू मुक्त' कानून है। हालांकि, हिंदुस्तान में धूम्रपान पर पीढ़ीगत प्रतिबंध के संबंध में कोई विशेष कानून नहीं है। पर, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जैसे कई कानून पहले से हैं। इसके अलावा समय-समय पर प्रदेश सरकारें अपने स्तर पर प्रतिबंध लगाती रहती हैं। जैसे, इस समय पंजाब सरकार ने नशा मुक्ति को लेकर अभियान छेड़ा हुआ है। अभियान के तहत महीने भर से मादक पदार्थों की धरपकड़ जारी है। दुर्भाग्य से इस तरह के अभियान या प्रदेश सरकारों की सख्तियां कारगर साबित नहीं हो पाती। कुछ समय बाद ही दम तोड़ देती हैं। हमारे यहां कागजों में ही ऐसी पाबंदियों की भरमार हैं जिनमें शिक्षण संस्थाओं जैसे स्कूल-कॉलेजों के सौ मीटर दूरी तक पान-मसाला बेचने की मनाही होती है। लेकिन अब स्कूलों के भीतर भी मादक पदार्थ पकड़े जाने लगे हैं। बीते दिनों ग्रेटर नोएडा के एक नामी कॉलेज में छात्रों के पास से पुलिस ने नशे की ढेर सारी सामग्रियां बरामद की। वैश्विक स्तर धूम्रपान के विरुद्व लड़ाई लड़ने की जरूरत अब महसूस होने लगी है। इस लड़ाई में पहला कदम मालदीव ने बढ़ा दिया है।

अब कोई ये भी नहीं कहेगा कि 'बिल्ली के गले में कौन बांधे घंटी'। ऐसी पहल का इंतजार सभी को था लेकिन अब हो गई। कितनी सुखद खबर है कि दुनिया में पहली बार किसी देश ने तय किया कि उसकी आने वाली पीढ़ियां कभी सिगरेट, तंबाकू से अपने फेफड़े नहीं जलाएंगी। मालदीव की आबादी मात्र 5 से 7 लाख है और जीडीपी पूरी तरह पर्यटन पर निर्भर है। मालदीव स्वास्थ्य मंत्रालय ने आधिकारिक रूप से पुष्टि की है कि 1 नवम्बर 2025 से तंबाकू-मुक्त पीढ़ी कानून लागू हो चुका है। यह नियम विदेशी पर्यटकों पर भी लागू होगा। दुकानदारों को खरीदार की उम्र की अनिवार्य जांच करनी होगी। मालदीप ने वर्ष 2024 में 40 करोड़ सिगरेट आयात की थी। कमाई की परवाह न करते हुए भी मालदीव ने अपने यहां पहुंचने वाले सैलानियों पर भी कानून लागू किया है। साफ-सफाई और सुंदरता में उसका कोई मुकाबला नहीं कर सकता। हालांकि, वहां ई-सिगरेट और वेपिंग पर रोक करीब दशक भर पहले से थी। पर, अब पूर्ण प्रतिबंधित कर दिया है। युवा पीढ़ी की सेहत को बचाने के लिए सभी मुल्कों को ऐसे कानून बनाने चाहिए। मालदीव का धूम्रपान पर अंतिम प्रहार दुनिया के लिए सबक है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बदलाव

महेन्द्र तिवारी




# मनरेगा के बाद ग्रामीण रोजगार की नई रूपरेखा

ग्रामीण भारत के विकास की यात्रा में मनरेगा एक ऐतिहासिक पड़ाव रहा है। वर्ष 2005 में जब यह कानून अस्तित्व में आया था, तब देश के ग्रामीण समाज की जरूरतें, चुनौतियां और संरचना आज से बिल्कुल अलग थीं। उस समय व्यापक गरीबी, सीमित आजीविका के साधन और सामाजिक सुरक्षा के अभाव ने सरकार को एक ऐसे अधिकार-आधारित कानून की ओर प्रेरित किया, जो ग्रामीण नागरिक को काम का वैधानिक भरोसा दे सके। दो दशक बाद सरकार अब मनरेगा की जगह विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) या "विकसित भारत जी राम जी" नाम से नए कानून को लाने की तैयारी कर रही है। यह बदलाव केवल योजना का नहीं, बल्कि सोच और नीति के ढांचे का भी संकेत देता है। सरकार का दावा है कि नया कानून मनरेगा की कमजोरियों को दूर करेगा और ग्रामीण भारत को अधिक मजबूत, आत्मनिर्भर और भविष्य के प्रति सक्षम बनाएगा। 100 दिनों की जगह 125 दिनों की रोजगार गारंटी, साप्ताहिक भुगतान, डिजिटल निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नियंत्रण और टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण जैसे प्रावधान निस्संदेह आकर्षक लगते हैं। जल संरक्षण, जलवायु अनुकूलन, आजीविका आधारित अवसंरचना और बाजार से जुड़ाव जैसे क्षेत्रों पर जोर यह दर्शाता है कि सरकार अब ग्रामीण रोजगार को केवल राहत के उपाय के रूप में नहीं, बल्कि दीर्घकालिक विकास की रणनीति के रूप में देख रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना संग्रह में परिसंपत्तियों का पंजीकरण इस सोच को और स्पष्ट करता है कि गांवों में होने वाला हर कार्य राष्ट्रीय विकास की बड़ी तस्वीर से जुड़ा हो। यह भी सच है कि पिछले वर्षों में ग्रामीण भारत में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं। गरीबी दर में गिरावट, डिजिटल भुगतान की व्यापकता, आधार से जुड़ी सेवाएं और ग्रामीण आजीविका के नए अवसरों ने मनरेगा के मूल स्वरूप को कुछ हद तक अप्रासंगिक बना दिया है। मनरेगा के अंतर्गत दुरुपयोग, कागजों पर बने काम, मशीनों का अनुचित इस्तेमाल और फर्जी उपस्थिति जैसी शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। ऐसे में सरकार का यह कहना कि एक अधिक अनुशासित, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी ढांचे की जरूरत है, पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। फिर भी, इस नए कानून को लेकर सबसे बड़ा सवाल उसके मूल दर्शन से जुड़ा है। मनरेगा की आत्मा यह थी कि काम मांगने पर काम देना राज्य का कानूनी दायित्व है। यह अधिकार गरीब ग्रामीण नागरिक को प्रशासन के सामने खड़ा होने का नैतिक और कानूनी बल देता था। नए कानून में मांग आधारित व्यवस्था की जगह मानक वित्तपोषण को अपनाने की बात कही गई है, जिसमें राज्यों के लिए बजट की एक तय सीमा होगी। भले ही सरकार यह आश्वासन दे कि रोजगार का अधिकार सुरक्षित रहेगा और समय पर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा, लेकिन व्यवहार में यह व्यवस्था अधिकार की धार को कुछ कुंद करती दिखाई देती है। जब संसाधन पहले से सीमित होंगे, तो काम मांगने की स्वतंत्रता स्वतः ही सीमित हो सकती है। कृषि मौसम में 60 दिनों तक सार्वजनिक कार्यों को रोकने का प्रावधान भी दोहरे अर्थ रखता है। एक ओर यह किसानों के हित में बताया जा रहा है, ताकि बुआई और कटाई के समय मजदूरों की कमी न हो और कृषि लागत न बढ़े। दूसरी ओर, यह प्रावधान प्रशासनिक विवेक पर अत्यधिक निर्भर हो सकता है। यदि किसी क्षेत्र में खेती के मौसम के बावजूद बेरोजगारी की स्थिति बनी रहती है, तो मजदूर के पास काम मांगने का विकल्प सीमित हो जाएगा। बिना स्पष्ट दिशा-निर्देश और अपील की व्यवस्था के यह प्रावधान नियंत्रण का औजार भी बन सकता है। राज्यों पर वित्तीय बोझ का प्रश्न भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। केंद्र और राज्य के बीच 60:40 का वित्तीय अनुपात अपेक्षाकृत सक्षम राज्यों के लिए भले ही व्यावहारिक हो, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों के लिए यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यदि राज्य अपने हिस्से का भुगतान समय पर नहीं कर पाते, तो रोजगार और मजदूरी दोनों प्रभावित होंगी। ऐसे में यह स्पष्ट होना जरूरी है कि अंतिम जिम्मेदारी किसकी होगी और गरीब नागरिक को अपने अधिकार के लिए किस दरवाजे पर जाना होगा। पारदर्शिता और निगरानी के लिए प्रस्तावित तकनीकी उपाय सैद्धांतिक रूप से मजबूत हैं, लेकिन अधिकार की भावना कमजोर पड़ी और क्रियान्वयन में राज्यों व पंचायतों की भूमिका सीमित हुई, तो यह सुधार के नाम पर एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा कवच के क्षरण का कारण भी बन सकता है। विकसित भारत की नींव मजबूत तभी होगी, जब विकास के साथ अधिकार और विश्वास भी समान रूप से मजबूत रहें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित

दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया।

आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### श्रमिकों का बुढ़ापा भी सुरक्षित हो

देश की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने के लिए कृषि के बाद अगर कोई दूसरी चीज है तो वो है उद्योग जगत और उद्योग जगत को कामयाब बनाने में श्रमिकों का भी कोई कम योगदान नहीं होता है। यह अलग बात है कि आज आजाद देश में कुछ लोग श्रमिकों को अपना गुलाम समझते हैं और आज भी श्रमिकों को उनके उतने अधिकार नहीं मिलते जितने मिलने चाहिए। अब मोदी सरकार ने श्रमिकों को अपनी तरफ से राहत देने के लिए इन्हें और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई श्रम संहिता नीति को हरी झंडी दी है। लेकिन नई श्रम संहिता में सरकार ने श्रमिकों के बुढ़ापे को सुरक्षित करने और आर्थिक मदद के लिए श्रमिकों को उचित पेंशन का प्रावधान क्यों नहीं किया? उनका बुढ़ापा सुरक्षित होना चाहिए।

- प्रखर जोशी, दुर्ग

## ट्रेंड

### हमारे लिए देश पहले



तमाम विपक्षी दलों को समझना होगा कि एसआईआर विषय केवल चुनाव जीतने और हारने का नहीं बल्कि देश का विषय है। हमारे लिए देश पहले होना चाहिए इसके बाद बाकी विषय होना चाहिए।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### ग्राम-स्वराज का सपना



पीएम मोदी को दो चीजों से पक्की नफरत है महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से। मनरेगा, महात्मा गांधी के ग्राम-स्वराज के सपने का जीवंत रूप है। मगर, आज मोदी जी मनरेगा का नामो-निशान मिटाने पर आमादा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### सरकार मिशन मोड में



27 वर्षों से जिन समस्याओं से दिल्ली जूझ रही थी, उनके स्थायी समाधान में हमारी सरकार पूरी ईमानदारी से जुटी है। नालों की डी-सिल्टिंग का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। इस लक्ष्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### नेशनल हेराल्ड मामला




नेशनल हेराल्ड मामले में राउज़ एवेन्यू कोर्ट का फैसला मोदी सरकार के षड्यंत्रों पर करारा तमाचा है। कोर्ट ने ईडी की शिकायत खारिज कर यह साबित कर दिया है कि सोनिया गांधी व राहुल के खिलाफ यह केस राजनीतिक द्वेष से बनाया गया था।

- अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने फेंटानिल को 'सामूहिक विनाश का हथियार' बताया



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेंटानिल को 'सामूहिक विनाश का हथियार' करार देने वाले कार्यकारी आदेश पर सोमवार को दस्तखत कर दिए। ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका का राष्ट्रपति कार्यालय) में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, ज्वाइंट चीफ्स के चेयरमैन जनरल डैन केन, व्हाइट हाउस में सीमा से जुड़े मामलों के प्रमुख टॉम होमन और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में इस आदेश पर हस्ताक्षर किए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उनका प्रशासन 'फेंटानिल को आधिकारिक तौर पर सामूहिक विनाश के हथियार के रूप में वर्गीकृत कर रहा है, जो वास्तव में वही है। कोई भी बम वह काम नहीं कर सकता, जो यह (फेंटानिल) कर रहा है।' हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि नये कार्यकारी आदेश के अमल में आने के फेंटानिल की लत के शिकार लोगों और इसकी तस्करी में शामिल अपराधियों के लिए क्या मायने होंगे तथा इससे ट्रंप प्रशासन की नीति में क्या बदलाव आएगा। सामूहिक विनाश के हथियार शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर परमाणु, जैविक, रासायनिक या साइबर खतरों के लिए किया जाता है, जो किसी आबादी, बुनियादी ढांचे या पर्यावरण को भारी एवं स्थायी नुकसान पहुंचाने में सक्षम होते हैं। इराक पर अमेरिका के आक्रमण के बाद वाशिंगटन के सियासी गलियारों में इस शब्द पर जमकर बहस हुई है।

## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे – जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

### चुनाव सुधार पर राज्यसभा में विपक्षी धार को ऐसे कुंद किया सदन के नेता जेपी नड्डा ने

# 1952 से 2004 तक लगातार हुआ एसआईआर, तब ज्यादातर समय कांग्रेस की सरकारें थीं, दिवंगत हो चुके वोटर्स का सूची से हटना जरूरी






हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उच्चसदन में चुनाव सुधार पर हुई बहस का जवाब केंद्र सरकार की ओर से सदन के नेता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दिया। उन्होंने विपक्ष की ओर से उछाले गये एक एक सवाल का विस्तार से जवाब देते हुए कहा कि कई विपक्षी सांसदों ने कहा कि हम चर्चा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर चाहते थे मगर मंजूरी नहीं दी गई। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सदन के अंदर हर विषय पर चर्चा के लिए हमेशा तैयार रही है। सदन में उसी बात पर चर्चा हो सकती है जिस पर केंद्र सरकार जवाब दे सके। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, यानी एसआईआर पर उठने वाले सवालों का जवाब चूंकि संसद में आकर चुनाव आयोग दे नहीं सकता इसीलिये चुनाव सुधार पर चर्चा फिक्स की गई। उन्होंने बताया कि सोमवार से चल रही दस घंटे की चर्चा विभिन्न दलों के कुल 57 सांसदों ने अपनी बात रखी मैं 58वें वक्ता के रूप में अपनी बात रख रहा हूं।

सदन के नेता ने कहा कि देश में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 1952 से 2004 तक लगातार हुआ। तब ज्यादातर समय कांग्रेस की सरकारें थीं। मगर 2004 के बाद दस साल के कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान किया ही नहीं। जिससे 20 सालों तक ऐसे वोटरों का नाम मतदाता सूची में शामिल रहा जो सालों पहले दिवंगत हो चुके, जिन्होंने स्थायी तौर पर दूसरी जगह बसाहट कर ली।

इस दरम्यान पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाके में कई जगह सौ फीसदी वोटरों की संख्या अचानक बढ गई। जेपी नड्डा ने विपक्ष की ओर सवाल उछालते हुए कहा कि क्या इतने लंबे वक्त के बाद मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान नहीं चलाया जाना चाहिए? क्या विदेश से आए घुसपैठियों की पहचान का उन्हें मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाना चाहिए?

### बहानेबाजी नहीं हार के असली कारणों को ढूढें कांग्रेस

इस पर जबरदस्त पलटवार करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि तमिलनाडु में 58 सालों से कांग्रेस सत्ता में नहीं है। वैसे ही दिल्ली में 12 सालों से, पश्चिम बंगाल में 48 सालों से, बिहार में 35, उत्तरप्रदेश में 33, गुजरात में 33 और ओडिशा में 25 सालों से कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई है। अभी भी सत्ता नहीं मिलने के बहाने कभी वोट चोरी का इल्जाम लगाकर ढूंढा जा रहा है तो कभी ईवीएम को दोषी ठहराकर तो अब वीवीपैट के बहाने निकाले जा रहे हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अपनी लगातार हार का मूल्यांकन ठीक से करना चाहिए। भारतीय चुनाव आयोग जैसी विश्व में ख्यातिप्राप्त संवैधानिक संस्थाओं पर उंगली उठाकर हार को जीत में तब्दील नहीं किया जा सकता। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि चुनाव आयोग पर दोषारोपण के बजाये कांग्रेस पार्टी को इसकी खोज करनी चाहिए कि 25 जिले से गुजरने वाली वोट अधिकार यात्रा के बाद कांग्रेस आखिर 21 जिलों से गायब कैसे हो गई? सोमवार को प्रश्नकाल के बाद शुरू हुई चुनाव सुधार पर चर्चा मंगलवार को प्रश्नकाल के बाद भाजपा के सुरेंद्र सिंह नागर से फिर से शुरू हुई। कांग्रेस के दिग्विजय सिंह, इमरान प्रतापगढी, भाजपा के वंशीलाल गुर्जर ने भी बारी बारी से इस विमर्श को आगे बढाया।

### एसआईआर से नहीं, तरीके से है आपत्ति

सदन के नेता को बीच में टोकते हुए डीएमके संसदीय दल के नेता तिरुचि शिवा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि विपक्षी दलों को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान से परेशानी नहीं, परेशानी अभियान के तरीके से है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि वीवीपैट से निकलने वाली पर्चियों को बॉक्स में डालने के बजाय एजेंट्स के हाथों में दे दीजिए।

### ऑर्गेनिक फसल के नाम पर धोखाधड़ी

कांग्रेस के दिग्विजय सिंह ने आर्गेनिक फसल के नाम पर मप्र के खरगौन और निमाड के किसानों के हो रही धोखाधडी और व्यापारियों द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार का मामला उठाया। उन्होने कहा कि आर्गेनिक फसल के नाम पर अन-आर्गेनिक फसलों का फर्जी सर्टिफिकेट मिलीभगत कर बनवाया जा रहा है। विदेशों में आपूर्ति की जा रही है। विदेशों में फर्जीवाडा पकडा जा रहा है जिससे देश की बदनामी हो रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि कुल 11 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। मगर हैरानी बातये है कि 500 किसानों के समूह बनाकर आर्गेनिक फसल पैदा करने का दावा जिन व्यापारियों ने किया उनमें केवल 2 कृषि समूह के दावे सही पाये गये बाकी 498 फर्जी निकले। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इसकी विस्तृत जांच ईडी, सीबीआई से किया जाना चाहिए।

### राज्यसभा में स्ट्रीट डॉग्स पर हुए सवाल

मंगलवार को प्रश्नकाल में स्ट्रीट डॉग्स का मुद्दा प्रमुखता से उछला। सबसे पहले ये सवाल आम आदमी पार्टी की स्वाति मालीवाल ने उठाया। उन्होंने सभापति से शून्यकाल के दौरान मांग किया दिल्ली सरकार ने पूर्व में 7 लाख कुत्तों के वैक्सीनेशन और स्टर्लाजेशन का दावा किया था अगर ऐसा है तो फिर स्ट्रीट डॉग्स की समस्या इतनी विकराल कैसे हुई है? उन्होंने कहा कि पूर्व की आम आदमी सरकार का दावा और हकीकत पर विस्तृत जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह कुत्तों को अपर्याप्त जगहों वाले शेल्टर्स में डाला जा रहा है वो अमानवीय है। उप्र की तर्ज पर देशभर में द्रुत गति से स्ट्रीट डॉग्स को वैक्सीनेटेड करने और स्टर्लाइज्ड करने की मांग उन्होंने की। साथ ही गायों से दूध निकाल लेने के बाद उन्हें सडक पर छोड़ देने से आये दिन हो रहे एक्सीडेंट गाय के साथ जानमाल हानि का मामला भी उठाया।

### आशा-आंगनवाड़ी में मानदेय दोगुना करें

कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आशा वकर्स और आंगनवाडी सेविकाओं पर काम का ज्यादा बोझ और कम भुगतान के विषय को शून्यकाल के दौरान रखा। उन्होंने कहा विभिन्न तरह के काम के दबावों के बीच आशा दीदी और आंगनवाडी सेविकाएं अपना और अपने परिवार का ख्याल बेहतर तरीके से रख सकें इसके लिए उनके वेतन दोगुने किये जाने चाहिए। सभी खाली जगहों को भरा जाना चाहिए। नयी बहाली करनी चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके। वहीं, भाजपा की कविता पाटीदार ने इंदौर, दिल्ली जैसे अन्य ऐतिहासिक शहरों के संकरी गलियों में चलने वाले पुराने बाजारों को आग की आपदा से बचाने के लिए आधुनिक फायर फाइटिंग सिस्टम बहाल करने की मांग की।

## राज्यसभाः चर्चा के बाद राज्यसभा से विनियोग विधेयक 2025 ध्वनिमत से किया गया पास


### सभी राज्यों के विकास के लिए मोदी सरकार कृतसंकल्पः राज्यमंत्री चौधरी

राज्यसभा में अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा के बाद विनियोग विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही लगभग सवा चार लाख करोड़ रुपये की जनहित की विभिन्न परियोजनाओं को जमीन पर उतारने का रास्ताा साफ हो गया। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने विभिन्न दलों के सांसदों के चर्चा में भाग लेने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी सरकार किसी भी राज्य के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं कर रही है। उन्होंने विशेषकर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक के सांसदों द्वारा उठाये गये सवालों का जवाब आंकड़ों से देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के लिए केंद्रीय बजट 34 हजार 595 करोड़ रुपये था जो 2024-25 में बढ़कर 96 हजार 812 करोड़ कर दिया गया वैसे ही तमिलनाडु के लिए केंद्रीय बजट में हिस्सेदारी को 16 हजार 824 करोड़ से बढाकर 52 हजार 492 करोड़ रुपये कर दिया गया। केरल को 7 हजार 926 करोड़ से 24 हजार 772 करोड़ की लंबी छलांग दी गई है जब कि कर्नाटक के लिए केंद्रीय बजटीय प्रावधान 14 हजार 654 करोड़ से 46 हजार 933 करोड बढाया गया है। सदन को विकसित भारत की परिकल्पना पर देश को चलाने के प्रति आश्वस्त करते हुए वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के आने के बाद जहां विश्व भयंकर मंदी के दौर से अब भी गुजर रहा है वहीं भारत 8.2 फीसदी की दर से विश्व की चौथे नंबर की बडी अर्थव्यवस्था में शुमार है।

वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और इंफ्रास्ट्रक्चर पर देश में लगातार काम हो रहे हैं। शिक्षा पर कम कम व्यय के विपक्षी सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि देश में 2014 तक आईआईटी की संख्या थी 16 अब उसकी संख्या हो गई है 23, जाहिर है इसके लिए बजटीय प्रावधानों की जरूरत पडती है। उसी तरह आईआईएम 13 से बढकर 21, एनआईटी 20 से बढ़कर 31, आईआईटी 9 से बढ़कर 25 और केंद्रीय विश्विद्यालयों की संख्या 2014 की तुलना में 40 से बढ़ाकर 48 की गई है- ये दर्शाने को काफी है कि मोदी सरकार शिक्षा को बेहतर से बेहतरीन बनाने को कृतसंकल्प है।

## खबर संक्षेप

### पंजाब के तीन शहरों में शराब- मांस पर रोक



**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने राज्य के तीन प्रमुख धार्मिक शहरों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक शेखर ने बताया कि पंजाब के राज्यपाल को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि जिला अमृतसर का चारदीवारी क्षेत्र (वॉल्ड सिटी), जिला रूपनगर का श्री आनंदपुर साहिब नगर और जिला बठिंडा का तलवंडी साबो (श्री दमदमा साहिब) अब पंजाब राज्य के पवित्र शहर होंगे। फैसले के बाद इन इलाकों में शराब, तंबाकू और मांस जैसे उत्पादों की बिक्री और उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

### मंत्री माणिकराव कोकाटे पर गिरफ्तारी का खतरा



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के खेल मंत्री माणिकराव कोकाटे पर जिला सत्र न्यायालय के फैसले के बाद गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है। उनका मंत्री पद भी खतरे में है। सरकारी कोटे के 10 प्रतिशत फ्लैट्स के गबन के मामले में दो साल की जेल और 10,000 रुपये का जुर्माने की सजा को जिला सत्र न्यायालय ने बरकरार रखा है। इसी साल अगस्त में विधानसभा में रमी खेलते हुए वीडियो वायरल होने के बाद माणिकराव कोकाटे का विभाग बदला गया था। पहले माणिकराव कोकाटे के पास कृषि विभाग था, देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार की मुलाकात के बाद जिसे बदलकर खेल मंत्रालय दिया गया।

### सरकार को नाम बदलने की सनक, दिन बढ़ाये पर मजदूरी नहीं: प्रियंका

# थरूर बोले, 'देखो ओ दीवानो तुम ये काम न करो, राम का नाम बदनाम ना करो'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने विपक्ष के विरोध के बीच मंगलवार को लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' पेश किया, जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर लाया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025' पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना उनका अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि विधेयक को वापस लिया जाए या फिर संसदीय समिति के पास भेजा जाए। चौहान ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, ''महात्मा गांधी हमारे दिलों में बसते हैं।'' उनका कहना था कि मोदी सरकार महात्मा गांधी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित कई योजनाएं चला रही है।

ज्ञात हो कि 'वीबी-जी राम जी' बिल में 125 दिन रोजगार की गारंटी होगी जबकि मनरेगा में 100 दिन रोजगार की गारंटी होती थी। इस बिल में राज्यों की भी हिस्सेदारी तय की जा रही है जबकि मनरेगा में सिर्फ केंद्र की ही हिस्सेदारी होती थी। वहीं, विपक्ष इस नए बिल का विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार नया कानून बनाने की जगह सिर्फ पुराने कानून का नाम बदल रही है। मनरेगा में 15 दिनों में मजदूरी भुगतान का प्रावधान था जबकि नए कानून में हर हफ्ते मजदूरी भुगतान का प्रावधान। पहले खर्च सिर्फ केंद्र उठाती थी अब 10 से 40 प्रतिशत तक राज्यों को देना होगा। बुआई और कटाई के समय 60 दिनों तक रोजगार नहीं मिलेगा ताकि खेती के लिए मजदूर उपलब्ध हों। मनरेगा की जगह लेने वाले विधेयक पर लोकसभा में प्रियंका गांधी बनाम शिवराज सिंह चौहान आमने सामने दिखे। वहीं, देश में अप्रचलित एवं पुराने हो चुके 71 कानूनों को निरस्त और संशोधित करने के प्रस्ताव वाले 'निरसन और संशोधन विधेयक, 2025' को लोकसभा ने मंजूरी दी। सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि जलवायु परिवर्तन महिलाओं पर काम का बोझ बढ़ा रहा है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में उनपर यह जोखिम ज्यादा बढ़ रहा है।

लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में वार-पलटवार का दौर साफ तौर पर देखने को मिला। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को सदन में कुछ सदस्यों से चुटकी लेते हुए कहा कि सदन ''ध्यान लगाने'' का स्थान नहीं है और यदि वे अपने घर से ही ''ध्यान लगाकर'' आएंगे तो उचित रहेगा। उन्होंने सदन में आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाने के बाद यह टिप्पणी की। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि इससे रोजगार का कानूनी अधिकार कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में 90 प्रतिशत अनुदान केंद्र से आता था, लेकिन इस विधेयक में ज्यादातर प्रदेशों में अब 60 प्रतिशत अनुदान ही आएगा। इससे प्रदेशों की अर्थव्यवस्था पर बहुत भार पड़ेगा। ये उन प्रदेशों को और प्रभावित करेगा जिनकी अर्थव्यवस्था पहले से ही केंद्र की जीएसटी के बकाया का इंतजार कर रही है। प्रियंका ने कहा कि मुझे नाम बदलने की यह सनक समझ नहीं आती। इसमें खर्चा बहुत होता है इसलिए मुझे समझ नहीं आता कि वे बेवजह ऐसा क्यों कर रहे हैं। मनरेगा ने गरीब लोगों को 100 दिन के रोज़गार का अधिकार दिया था। यह बिल उस अधिकार को कमज़ोर करेगा... उन्होंने दिनों की संख्या तो बढ़ा दी है लेकिन मज़दूरी नहीं बढ़ाई है। पहले ग्राम पंचायत तय करती थी कि मनरेगा का काम कहां और किस तरह का होगा, लेकिन यह बिल कहता है कि केंद्र सरकार तय करेगी कि फंड कहां और कब देना है, इसलिए ग्राम पंचायत का अधिकार छीना जा रहा है। हमें यह बिल हर तरह से गलत लगता है।

### लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक' पेश, मनरेगा की जगह



### ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने आपत्तियों को खारिज किया

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' पेश किए जाने का विरोध किया और देव आनंद की मशहूर फिल्म 'हरे रामा हरे कृष्णा' के एक गीत का उल्लेख करते हुए सत्तापक्ष पर कटाक्ष किया कि ''देखो ओ दीवानो तुम ये काम न करो, राम का नाम बदनाम ना करो।'' कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि कई अप्रचलित एवं पुराने कानूनों के निरसन व संशोधन का प्रस्ताव करने वाला विधेयक गुलामी की मानसिकता से मुक्ति की ओर बढ़ता कदम है। मेघवाल ने निरसन और संशोधन विधेयक, 2025 को सदन में चर्चा और पारित किए जाने के लिए रखते हुए कहा कि सरकार से समाज हित में कानून बनाने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन एक समय आता है जब ऐसा लगता है कि उस कानून की उपयोगिता नहीं है या वह अपनी प्रासंगिकता खो चुका है तो ऐसे कानूनों का निरसन किया जाना चाहिए। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि पिछले कुछ महीने में समुद्री निर्यात में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि कई देशों ने 'डंपिंग रोधी' शुल्क लगाया है। गोयल ने प्रश्नकाल में कांग्रेस सदस्य मणिकम टैगोर के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि सरकार समुद्री मछलियों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास कर रही है।

संसद परिसर में मीडिया से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि विकसित भारत – रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन विधेयक 2025 पर कहा, सरकार भले अपने दम और बल से नाम बदल सकती हैं, लेकिन वे महात्मा गांधी को इस देश की आत्मा से नहीं मिटा पाएंगे। कांग्रेस पार्टी इसका पूरी तरह विरोध करती है। देश भी इसका विरोध करेगा। भगवान राम के नाम पर कोई आपत्ति नहीं है; गांधी जी ने खुद 'हे राम' कहते हुए अपनी आखिरी सांस ली थी। राम के नाम पर किसी को क्या आपत्ति हो सकती है? लेकिन आप महात्मा गांधी को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं।

## कांग्रेस का 17 दिसंबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन मनरेगा का नाम बदलने के फैसले के खिलाफ सड़क पर उतरेगी पार्टी




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने के केंद्र सरकार के फैसले के विरोध में 17 दिसंबर को देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। कांग्रेस ने इस फैसले को गरीबों, मजदूरों और महात्मा गांधी की विरासत पर सीधा हमला करार दिया है। कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के करोड़ों परिवारों के लिए रोजगार की कानूनी गारंटी है। पार्टी का आरोप है कि सरकार नाम बदलने के बहाने इस अधिकार-आधारित योजना की मूल भावना को कमजोर करना चाहती है।

### मनरेगा समाप्त करने की साजिशः खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह सिर्फ नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि मनरेगा को धीरे-धीरे समाप्त करने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महात्मा गांधी के नाम और उनके विचारों को योजनाओं से हटाकर इतिहास को बदलने का प्रयास कर रही है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सरकार की यह नीति गरीब-विरोधी है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण भारत में बेरोजगारी, पलायन और गरीबी से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इसका नाम बदलना देश के मजदूरों के साथ अन्याय है। पार्टी के अनुसार, 17 दिसंबर को सभी प्रदेशों में जिला मुख्यालयों, राज्य राजधानियों और ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन, रैलियां और मार्च आयोजित किए जाएंगे।

कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ नारेबाजी करेंगे और ज्ञापन सौंपेंगे। कांग्रेस पार्टी के नेताओं का कहना है कि यदि सरकार ने इस फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पार्टी ने दावा किया है कि यह लड़ाई केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है।

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की है कि

- मनरेगा का नाम यथावत रखा जाए
- योजना के अधिकार-आधारित स्वरूप से कोई छेड़छाड़ न की जाए
- ग्रामीण रोजगार के लिए बजट और काम के दिनों में कटौती बंद की जाए।

### कहा- वायु प्रदूषण को लेकर तत्काल प्रभावी और पारदर्शी कदम

# एनसीआर में जानलेवा वायु प्रदूषण पर सरकार की चुप्पी बेहद चिंताजनकः कुमारी सैलजा

**केंद्र और राज्य सरकारों के बीच संवाद, समन्वय और साझा प्रयास की आवश्यकता**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि एनसीआर सहित दिल्ली और आसपास के पूरे क्षेत्र में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है, जिससे आम नागरिकों के लिए सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। यह स्थिति केवल किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों, बुजुर्गों, कामकाजी लोगों, श्रमिकों और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों सहित समाज के हर तबके के स्वास्थ्य पर गंभीर और दीर्घकालिक दुष्प्रभाव डाल रही है।

कुमारी सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि वायु प्रदूषण अब केवल पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा नहीं रहा, बल्कि यह एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुका है। इसके बावजूद केंद्र सरकार इस गंभीर स्थिति को लेकर न तो आवश्यक गंभीरता दिखा रही है और न ही जमीनी स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नजर आ रही है। ग्रैप जैसे तकनीकी शब्दों और कागज़ी योजनाओं की बातें तो होती हैं, लेकिन हकीकत में आम जनता को इससे कोई राहत नहीं मिल पा रही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी स्पष्ट किया है कि वायु प्रदूषण कोई राजनीतिक विषय नहीं है, बल्कि यह देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मामला है, जिस पर सभी को मिलकर समाधान निकालना चाहिए। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच गंभीर संवाद, बेहतर समन्वय और साझा प्रयास की आवश्यकता है।

सांसद कुमारी सैलजा ने सवाल उठाया कि पिछले 11 वर्षों से केंद्र सरकार वायु प्रदूषण के लिए किसानों को जिम्मेदार ठहराती रही है, लेकिन आज न तो दीपावली का समय है और न ही पराली जलाने की घटनाएं सामने आ रही हैं, फिर भी प्रदूषण का स्तर अत्यंत खतरनाक क्यों बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि सरकार यह स्पष्ट करें कि जब न फसल अवशेष जल रहे हैं और न ही त्योहारों से जुड़ा प्रदूषण है, तो फिर प्रदूषण के वास्तविक कारण क्या हैं और उन्हें नियंत्रित करने के लिए अब तक क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि संसद देश की सामूहिक चिंता और समाधान का सर्वोच्च मंच है, जहां विभिन्न राज्यों से चुने गए जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं पर गंभीर चर्चा कर सरकार को समाधान खोजने में सहयोग देना चाहते हैं। लेकिन वायु प्रदूषण जैसे गंभीर विषय पर सरकार की उदासीनता यह दर्शाती है कि वह इस संकट को अब भी प्राथमिकता देने को तैयार नहीं है।

### हरियाणा की अनदेखी के खिलाफ संसद परिसर में धरना

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 गुजरात में क्यों, सबसे ज्यादा पदक हरियाणा ने दिलायेः दीपेंद्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने संसद परिसर में पार्टी के अन्य सांसदों के साथ धरना दिया। उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 को हरियाणा में आयोजित कराने या राज्य को को-होस्ट बनाने की मांग उठाई। इस दौरान उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर हरियाणा के साथ लगातार भेदभाव करने का आरोप लगाया। उनके साथ सांसद जयप्रकाश, सतपाल ब्रह्मचारी और वरूण चौधरी भी थे।

दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा राज्य है, जिसने अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक योगदान दिया है। कॉमनवेल्थ, एशियाई और ओलिंपिक खेलों में भारत को मिलने वाले करीब आधे पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने दिलाए हैं, इसके बावजूद राज्य के खेल ढांचे की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने खेल बजट के आवंटन में भी हरियाणा के साथ अन्याय किया है।

हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले ही खेल बजट में हरियाणा के साथ भेदभाव करते हुए देश में सबसे कम बजट आवंटित किया है। जबकि कॉमनवेल्थ, एशियाई और ओलिंपिक में 50 प्रतिशत मेडल अकेले हरियाणा के खिलाड़ियों के हैं। खेल सुविधाओं को बढ़ाने की बजाय हरियाणा की अनदेखी की जा रही है।

सांसद हुड्डा ने कहा कि आज कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भाजपा ने गुजरात के अहमदाबाद का चयन किया और अब सारा खेल बजट गुजरात में खर्च किया जाएगा। हजारों करोड़ रुपए खर्च करके खेल सुविधाओं में विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खेल ढांचे की दुर्दशा के कारण खिलाड़ी हादसे का शिकार हो रहे है। दूसरी तरफ खेलो इंडिया में सबसे कम बजट हरियाणा को दिया गया।

# मुकेश अंबानी 2025 में सबको पछाड़ कमाई में बने नबंर-1, अदाणी तीसरे स्थान पर

## भारतीय निवेशक विदेशी बाजार में निवेश बढ़ा रहे

**नई दिल्ली।** भारतीय निवेशक अब सिर्फ एक-दो शेयर बाजारों में निवेश तक सीमित न रहते हुए अमेरिकी इक्विटी, सूचकांक और क्षेत्र आधारित ईटीएफ, निजी बाजार के अवसरों सहित विदेशी बाजारों में अपनी भागीदारी लगातार बढ़ा रहे हैं। वेस्टेड फाइनेंस की 'हाउ इंडिया इन्वेस्ट्स ग्लोबली 2025' शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। इससे पोर्टफोलियो बनाने के लिए अधिक सुनियोजित तरीका और वैश्विक बाजार में भागीदारी को लेकर बढ़ते भरोसे का पता चलता है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 में भारतीय घरेलू शेयर बाजार ने बड़े उद्योगपतियों के वैल्यूएशन में जबरदस्त उछाल की है। दलाल स्ट्रीट पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखनी को मिली। कंपनी शेयरों में आई इस तेजी से न सिर्फ कंपनी के निवेशकों को फायदा हुआ, बल्कि कंपनी चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में भी तगड़ा इजाफा देखने को मिला है।

- **रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में जबरदस्त तेजी से अंबानी की नेटवर्थ बढ़ी**

रिलायंस शेयरों में आए उछाल के चलते अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब में अपनी जगह बनाए हुए हैं और इस साल कमाई के मामले में वह सबसे आगे नजर आ रहे हैं। वहीं गौतम अदाणी तीसरे नंबर पर फिसल गए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार दूसरे स्थान पर आर्सेलरमित्तल के लक्ष्मी मित्तल ने जगह बनाई।

### अंबानी की संपत्ति में हुआ इजाफा



ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, मुकेश अंबानी साल 2025 में सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाले इकलौते भारतीय सेंटिबिलियनेयर हैं। शेयर बाजार में रिलायंस के शेयरों में इस साल अब तक 27 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। जिससे मुकेश अंबानी की संपत्ति में 15.3 अरब डॉलर यानी भारतीय रुपयों में करीब 1.3 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। शेयरों में आई इस तेजी ने उन्हें इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाला व्यक्ति बनाने में मदद की है।

### कमाई के मामले में ये बने नंबर 2



ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2025 में कमाई के मामले में मुकेश अंबानी के बाद दूसरा स्थान लक्ष्मी मित्तल का रहा है। लक्जमबर्ग स्थित ग्लोबल स्टील और माइनिंग कंपनी आर्सेलरमित्तल के मालिक लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल 11.7 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है, जिससे उनकी कुल नेटवर्थ बढ़कर 31.40 अरब डॉलर हो गई है।

### अदाणी की संपत्ति बढ़कर 85.2 अरब डॉलर रही



दिलचस्प बात यह है कि भले ही गौतम अदाणी देश के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं, लेकिन इस साल कमाई के लिहाज से वह दूसरे नंबर पर नहीं रहे। कमाई के मामले में गौतम अदाणी तीसरे स्थान पर रहे। उनकी संपत्ति इस कैलेंडर ईयर में 6.52 अरब डॉलर बढ़कर 85.2 अरब डॉलर हो गई। अदाणी पावर लिमिटेड, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड और अदाणी पोर्ट्स लिमिटेड जैसी अदाणी कंपनियों के शेयरों में 2025 में अब तक 23-36 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एसीसी लिमिटेड, एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड और एनडीटीवी के शेयरों में 13-35 फीसदी की गिरावट आई।

## आईटी सचिव कृष्णन ने कहा, सरकार नए कानून लाने से बचना चाहती है

# एआई को नियंत्रित करने के लिए 'बेहद आवश्यक' होने पर ही लाए जाएंगे नए कानून

### उभरती चुनौतियों से निपटने मौजूदा ढांचे का उपयोग किया जाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस. कृष्णन ने मंगलवार को कहा कि सरकार कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए नए कानून या नियम लाने से बचना चाहती है, जब तक कि यह 'बेहद आवश्यक' न हो। उन्होंने कहा कि उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम जैसे मौजूदा कानूनी ढांचे का इस्तेमाल किया जाएगा।

**हम किसी भी परिस्थिति में नवाचार के रास्ते में बाधा नहीं बनना चाहते**

उद्योग संघ एसोचैम की 'एआई लीडरशिप मीट' में कृष्णन ने कहा कि सरकार का नियामक दृष्टिकोण विचारशील एवं सावधानीपूर्वक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार में बाधा न डाले।

#### हमारे देश में कई कानून हैं

सचिव ने कहा, 'वैसे भी, हमारे देश में कई कानून हैं... इसलिए मेरी हमेशा यही प्रवृत्ति रहती है कि जब तक बिलकुल जरूरी न हो, कोई नया कानून या नियम न बनाया जाए। पहले यह देखने की कोशिश करें कि मौजूदा कानूनों के साथ क्या किया जा सकता है।'



#### एआई के विकास को संभव बनाएंगे

सचिव ने कहा, ''समय आने पर विनियमन की आवश्यकता होगी या नहीं, इस पर हम अन्य पहलुओं के साथ विचार करेंगे।'' उन्होंने कहा, '' हमारा जोर उन नियमों को लागू करने पर होगा जो कृत्रिम मेधा के विकास को संभव बनाएंगे।''

#### हमारा दृष्टिकोण बेहद व्यावहारिक रहा

कृष्णन ने कहा, अब तक एआई के नियमन के प्रति हमारा दृष्टिकोण बेहद व्यावहारिक रहा है और यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हम किसी भी परिस्थिति में नवाचार के रास्ते में बाधा नहीं बनना चाहते।'' उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिनियम और हाल ही में अधिसूचित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों में एआई के उपयोग से संबंधित काफी सारे मुद्दे पहले से ही शामिल किए गए हैं।

#### कुछ नौकरियां भले समाप्त हो नई सृजित होंगी

कृत्रिम मेधा (एआई) के कारण होने वाले नौकरियों के विस्थापन से संबंधित चिंताओं को लेकर कृष्णन ने स्वीकार किया कि कुछ नौकरियां भले ही समाप्त हो जाएं, लेकिन अन्य नौकरियां सृजित होंगी। उन्होंने तर्क दिया कि सैद्धांतिक एआई से वास्तविक अनुप्रयोगों और कार्यान्वयन की ओर बदलाव में भारत को एक विशिष्ट लाभ मिलता है।

#### हमारा मानव संसाधन अन्य देशों से बेहतर

कृष्णन ने कहा, '' हमारा मानव संसाधन भी अन्य कई देशों की तुलना में एआई बदलाव को संभालने के लिए बेहतर स्थिति में है और उनका वितरण भी बेहतर है।'' 'एआई लीडरशिप मीट', एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के लिए एक आधिकारिक पूर्व-समिति कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 'इंडिया एआई-इम्पैक्ट समिट' 2026 का आयोजन 19-20 फरवरी 2026 को नयी दिल्ली में किया जाएगा।

#### एआई एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है : आईबीएम

आईबीएम के भारत एवं दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि कि दुनिया एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गई है जहां कृत्रिम मेधा (एआई) केवल परिकल्पना न रहकर वास्तविक उत्पाद में तब्दील हो चुकी है और इसके प्रचार की बजाय इसको सही दिशा में आगे बढ़ाने की जरूरत है। यहां '9वीं एआई लीडरशिप मीट' में पटेल ने कहा कि एआई के प्रभाव को टिकाऊ बनाने के लिए उद्योग को शुरुआती उत्साह से आगे बढ़कर सुरक्षा, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का समर्थन करने वाले सुरक्षा उपायों को लागू करना होगा।

### डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर

# विदेशी पूंजी की निकासी, कमजोर रुपये से दबाव में बाजार, सेंसेक्स 533 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी, डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर चले जाने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख के बीच मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 533 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टीव में 167 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 533.50 अंक गिरावट के साथ 84,679.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 592.75 अंक गिरकर 84,620.61 अंक तक आ गया था। निफ्टी भी 167.20 अंक गिरकर 25,860.10 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में गिरावट का लगातार दूसरा दिन रहा। सोमवार को भी बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 5.03 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा इटर्नल, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस के शेयर भी नुकसान में रहे।

- **वैश्विक बाजारों में भी कमजोर रुख रहा**

#### वैश्विक धारणा से घरेलू शेयर बाजार नकारात्मक दायरे में

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "एफआईआई के लगातार बिकवाली करने और वैश्विक स्तर पर कमजोर धारणा के बीच डॉलर के मुकाबले रुपये में आई रिकॉर्ड गिरावट ने घरेलू शेयर बाजारों को नकारात्मक दायरे में धकेल दिया।"

#### एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक तेज गिरावट के साथ बंद हुए।

### इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से विमान ईंधन की बिक्री घटी

**नई दिल्ली।** इस महीने की शुरुआत में बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से दिसंबर के पहले पखवाड़े में विमान ईंधन (एटीएफ) की बिक्री चार प्रतिशत से अधिक घट गई। उद्योग के शुरुआती आंकड़ों से मंगलवार को यह जानकारी मिली। कोविड महामारी से पैदा हुए व्यवधानों से उबरने के बाद पिछले दो वर्षों से भारत में विमान ईंधन या एटीएफ की मांग लगातार बढ़ रही थी।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 84 BNSS/82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रकाश उर्फ सागर उर्फ साहिल पुत्र राज कुमार निवासी एल–376, लक्ष्मणपुरी, मुल्तानी ढांडा, पहाड़गंज, सेंट्रल दिल्ली, और सी–1256, चिनोट बस्ती मुल्तानी, ढांडा, पहाड़गंज, दिल्ली–55,** ने **FIR No. 2/2022 U/S 356/379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना कीर्ति नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रकाश उर्फ सागर उर्फ साहिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रकाश उर्फ सागर उर्फ साहिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतःइसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 2/2022 U/S 356/379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना कीर्ति नगर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रकाश उर्फ सागर उर्फ साहिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.01.2026** को इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री वसुंधरा आजाद**
**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**पश्चिम जिला, कक्ष संख्या 146, प्रथम मंजिल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/16749/WD/2025(Court Matter)**



**सूचना**

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**


### सोना 1,700 रुपये टूटकर 1.35 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच निवेशकों की मुनाफावसूली से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चार दिन की रिकॉर्ड तेजी मंगलवार को थम गयी और सोने की कीमत 1,700 रुपये लुढ़ककर 1,35,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 4,000 रुपये बढ़कर 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। पिछले चार दिनों में मूल्यवान धातु के दाम 6,000 रुपये बढ़े थे और रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने में मुनाफावसूली देखी गई...। वैश्विक बाजारों में सोना 4,275 के स्तर पर फिसल गई और दबाव में बनी रही।'' एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''घरेलू सोने की कीमतें नरम हुईं, जिससे चार दिन की बढ़त थम गई। हालांकि, ये नुकसान भारतीय रुपये में लगातार कमजोरी से काफी हद तक कम हो गए, जो रिकॉर्ड निचले स्तर पर था।''सराफा संघ के अनुसार, स्थानीय सराफा बाजारों में, चांदी की कीमतें भी 1,000 रुपये टूटकर 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं।

### बेरोजगारी दर नवंबर में घटकर सात माह के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.7 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2025 के बाद का सबसे निचला स्तर है। यह इससे पहले अक्टूबर 2025 में 5.2 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने कहा कि नवंबर 2025 में ग्रामीण बेरोजगारी दर घटकर नए निचले स्तर 3.9 प्रतिशत पर आ गई, जबकि शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई, जो अप्रैल 2025 में दर्ज किए गए इसके पिछले न्यूनतम स्तर के बराबर है। अप्रैल 2025 में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। बयान के अनुसार कुल मिलाकर रुझान श्रम बाजार की स्थितियों के मजबूत होने का संकेत देते हैं, जिन्हें ग्रामीण रोजगार में बढ़ोतरी, महिला भागीदारी में वृद्धि और शहरी श्रम मांग में क्रमिक सुधार का समर्थन मिला है। नवंबर 2025 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों और महिलाओं, दोनों के लिए बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।


**Horiticulture Departmaent, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:-ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में प्रशिक्षण के लिए आवेदन आंमत्रित**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में वर्ष 2025-26 में बागवानी विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की स्कीम मशरूम उत्पादन, संरक्षित संरचना में सब्जियों की देख-रेख व रख-रखाव पर प्रशिक्षण, सब्जियों की जैविक खेती तकनीक पर प्रशिक्षण और बागवानी फसलों में जैविक खेती से संबंधित 05 दिवसीय प्रशिक्षण करवाया जाना है। हरियाणा राज्य के सभी जिलों के किसान उद्यान विभाग की वेबसाईट (Kaushal.hortharyana.gov.in) के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षण कार्यकम हेतु प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ पर सीटों की संख्या 20 आवेदक प्रति प्रशिक्षण है। प्रशिक्षणार्थी का चयन ₹पहले आओ पहले पाओ₹ के आधार पर किया जाएगा। आवेदनकर्ता जरूरी दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान प्रथम दिन अपने साथ लेकर आएं। प्रशिक्षण के दौरान रात्री ठहराव की व्यवस्था नही होगी। प्रशिक्षण कार्यकम की सूचि पुन निर्धारित निम्न प्रकार से है:-

| कमांक | दिनांक | अवधि (दिन) | प्रशिक्षण विषय | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 29.12.2025-02.01.2026 | 05 | सब्जियों की संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण | 20 |
| 02 | 05.01.2026-09.01.2026 | 05 | ओपन फील्ड में बागवानी फसलों के उत्पादन पर प्रशिक्षण | 20 |
| 03 | 12.01.2026-16.01.2026 | 05 | नए बाग का पौधरोपण एवं फल उत्पादन एवं तकनीक पर प्रशिक्षण | 20 |
| 04 | 19.01.2026-23.01.2026 | 05 | सब्जियों की संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण | 20 |

अधिक जानकारी के लिए ट्रेनिंग ईचार्ज, डा० मुकेश शिवरान, विषय विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (9828499793) पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ता/-उप-निदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह
पीआरडीएच - 1149/11/1004/2026/41214/88/7 दिनांक 16/12/2025



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**

क्र./ परि.शा./न.नि./2025/3229/355 भिलाई दिनांक 12/12/2025

**// रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) //**

नगर पालिक निगम भिलाई नव निर्मित गारमेंट फैक्ट्री हेतु मशीनरी एवं अन्य सामग्री स्थापित करने एवं संचालन पी.पी.पी. मोड पर EOI दिनांक 05.01.2026 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त EOI दिनांक 08.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित एजेंसी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

कार्य की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में परियोजना शाखा एवं मुख्य कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com एवं www.uad.cg.gov.in संचालनालय की वेबसाईट से भी देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**



**उत्तर रेलवे**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

**File No. C-9/Parcel/DEE/Outsourcing Parcel Activates/2025**

दिल्ली डिवीजन, नॉर्दर्न रेलवे 'इंटरेस्ट की अभिव्यक्ति' आमंत्रित करता है, दिल्ली सराय रोहिल्ला पार्सल ऑफिस में रेलवे स्टेशन परिसर में पार्सल ऑफिस गतिविधियों के समग्र प्रबंधन के माध्यम से पार्सल सेवाओं की सुविधा के लिए।

अभिरुचि की अभिव्यक्ति की विस्तृत जानकारी उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति को जमा करने की अंतिम तिथि 31/12/2025 को 15:00 बजे तक है।**

**3880/2025**


**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


### और कितना गिरेगा रुपया? डॉलर के मुकाबले 91 के पार निकला

**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया लगातार चौथे दिन लुढ़क गया है। मंगलवार के कारोबार में डॉलर के मुकाबले 23 पैसे गिरकर पहली बार 91.1 के अहम स्तर पर चला गया। कारोबार के दौरान रुपया 91.14 के निचले स्तर तक फिसल गया। पिछले 10 कारोबारी सत्रों में रुपया 90 से गिरकर 91 तक पहुंच गया है। इसके अलावा, 2014 में मौजूदा सरकार के सत्ता में आने के बाद से रुपए की कीमत में 50 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की लगातार बिकवाली और अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर अनिश्चितता के कारण रुपए पर दबाव बना हुआ है। इससे पहले सोमवार को रुपया 90.78 के निचले स्तर पर बंद हुआ था, जो अपने पिछले बंद भाव से 29 पैसे की गिरावट थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज में रुपए की शुरुआत कमजोर रही और कारोबार के दौरान यह लगातार फिसलता चला गया।

- **मौजूदा सरकार के आने के बाद रुपए की कीमत 50 फीसदी से ज्यादा गिरावट दर्ज कर चुकी**


## राशिफल


**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृष** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।


**मिथुन** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।


**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।


**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।


**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**वृश्चिक** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।



**धनु** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।


**मकर** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**मीन** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।


## शब्द पहेली - 6080




**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 6079 का हल**





# आईपीएल ऑक्शन: ग्रीन पर 25.2 करोड़ की बोली, मगर 'मैक्सिमम फीस' नियम के चलते मिलेंगे सिर्फ '18 करोड़'

एजेंसी ▸▸ अबू धाबी

कैमरून ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। भले ही उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 25.20 करोड़ रुपए की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा, लेकिन नए 'मैक्सिमम फीस' नियम के चलते ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर को सिर्फ 18 करोड़ रुपए ही मिलेंगे।

'मैक्सिमम फीस' नियम को पिछले साल फ्रेंचाइजी की चिंता को दूर करने के लिए लाया गया था, क्योंकि कुछ विदेशी खिलाड़ी सप्लाई-डिमांड के असंतुलन का फायदा उठाने के लिए सिर्फ मिनी ऑक्शन के लिए ही खुद को रजिस्टर करवा रहे थे। इस नए नियम के मुताबिक, विदेशी खिलाड़ी को 18 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान नहीं किया जा सकता, जो 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी की तरफ से खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए सबसे ज्यादा ब्रैकेट था। अगर बोली 18 करोड़ रुपए से ज्यादा की होती है, तो अतिरिक्त रुपए का इस्तेमाल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) खिलाड़ियों की भलाई के लिए करेगा। हालांकि, यह नियम भारतीय खिलाड़ियों पर लागू नहीं होता।



कैमरून ग्रीन 25.20 करोड़ कोलकाता नाइट राइडर्स

## ग्रीन बने आईपीएल के तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी

कैमरून ग्रीन आईपीएल ऑक्शन के इतिहास में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था, जबकि श्रेयस अय्यर को आईपीएल 2025 के ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। कैमरून ग्रीन को आईपीएल 2023 के लिए मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिसके बाद उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 17.50 करोड़ में अपने साथ जोड़ा। अब कैमरून ग्रीन लगातार तीसरे सीजन नई टीम से खेलते नजर आएंगे। अबू धाबी के एतिहाद एरिना में आयोजित आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में कैमरून ग्रीन इतिहास रचते हुए लीग के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले आईपीएल 2024 के ऑक्शन में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था।

## वेंकटेश को 16.75 करोड़ का नुकसान, आरसीबी से जुड़े



ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर आईपीएल 2026 में आरसीबी के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। नीलामी में आरसीबी ने अय्यर को खरीदा। वेंकटेश अय्यर की बेस प्राइस 2 करोड़ थी। आरसीबी ने उन्हें 7 करोड़ में खरीदा। अय्यर के लिए नीलामी प्रक्रिया की शुरुआत एलएसजी ने 2 करोड़ से की थी। इसके बाद जीटी 2.20 करोड़ के साथ नीलामी में कूदी। दोनों के बीच चल रही रस्साकशी में आरसीबी ने 3 करोड़ के साथ एंट्री की। केकेआर और आरसीबी के बीच अय्यर के लिए कड़ी जंग देखने को मिली। केकेआर ने 6.80 करोड़ तक बोली लगाई। आरसीबी ने 7 करोड़ में बाजी जीत ली। हालांकि वेंकटेश अय्यर को 16.75 करोड़ का घाटा लगा है। पिछली नीलामी में केकेआर ने अय्यर को 23.75 करोड़ में खरीदा था। 30 साल के अय्यर 2021 से केकेआर से जुड़े हुए हैं। वह पहली बार आईपीएल में केकेआर के अलावा किसी दूसरी टीम की जर्सी में दिखेंगे। अय्यर ने 61 मैचों में 1 शतक और 12 अर्धशतक लगाते हुए 1,468 रन बनाए हैं और 3 विकेट लिए हैं।

## हसरंगा को एलएसजी और मिलर को कैपिटल्स ने खरीदा



मिनी ऑक्शन में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर वानिंदु हसरंगा और दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज डेविड मिलर को क्रमशः एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। वानिंदु हसरंगा ने अपना नाम 2 करोड़ वाले खिलाड़ियों की श्रेणी में पंजीकृत कराया था। हसरंगा को उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ पर लखनऊ



सुपर जायंट्स ने खरीदा। हसरंगा पूर्व में आरसीबी और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल चुके हैं। हसरंगा ने 37 आईपीएल मैचों में 46 विकेट लिए हैं। डेविड मिलर को उनकी 2 करोड़ की बेस प्राइस पर दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। मिलर को उनकी 2 करोड़ की बेस प्राइस पर दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। मिलर पूर्व में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), राजस्थान रॉयल्स, और गुजरात टाइटंस एलएसजी के लिए खेल चुके हैं।

## 'अनकैप्ड' खिलाड़ी प्रशांत पर सीएसके ने की धनवर्षा



प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा आईपीएल नीलामी के सबसे महंगे 'अनकैप्ड खिलाड़ी' बन गए हैं। पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इन दोनों युवा खिलाड़ियों को 14.2-14.2 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा है। बाएं हाथ के खिलाड़ी प्रशांत वीर का बेस प्राइज 30 लाख रुपए था। उन्हें खरीदने के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने सबसे पहले दिलचस्पी दिखाई। इसके बाद मुंबई इंडियंस बिड वॉर में कूद पड़ी। 1.30 करोड़ रुपए की बोली लगाते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने भी प्रशांत को अपने साथ जोड़ने में दिलचस्पी दिखाई। इस बीच राजस्थान रॉयल्स भी इस होड़ में शामिल हो गया। सनराइजर्स हैदराबाद ने 6.80 करोड़ रुपए की बोली लगाकर सभी को चौंकाया, लेकिन सीएसके ने आखिरकार प्रशांत को अपने साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल की। 20 वर्षीय प्रशांत वीर ने 2 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 2 विकेट हासिल किए हैं, जबकि 9 टी20 मुकाबलों में 16.66 की औसत के साथ 12 विकेट निकाले। इस खिलाड़ी ने 28 की औसत के साथ 112 रन भी बनाए हैं।

## 'अनकैप्ड' खिलाड़ी कार्तिक को चेन्नई सुपर किंग्स 14.20 करोड़ में खरीदा



दूसरी ओर, रणजी ट्रॉफी में शतक लगाने वाले 19 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को खरीदने के लिए मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने दिलचस्पी दिखाई। आखिरकार, चेन्नई सुपर किंग्स ने 30 लाख रुपए के बेस प्राइज वाले इस खिलाड़ी को 14.20 करोड़ रुपए की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ने में सफलता हासिल की।कार्तिक 8 फर्स्ट क्लास मुकाबले, 9 लिस्ट-ए मुकाबले और 12 टी20 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में 2 शतक, जबकि फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 3 शतक लगाए हैं।

## खबर संक्षेप

### पंजाब से हारा मध्यप्रदेश वेंकटेश ने जड़ा अर्धशतक

**अम्बी।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे हरफनमौला खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर ने मध्यप्रदेश के लिए प्रभावशाली अर्धशतक लगाया लेकिन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ग्रुप ए मुकाबले में पंजाब को दो विकेट से जीतने से नहीं रोक पाए। वेंकटेश ने 43 गेंद में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 70 रन बनाए, जिससे मध्यप्रदेश ने आठ विकेट पर 225 रन का मजबूत स्कोर बनाया। हालांकि पंजाब ने युवा हरनूर सिंह की 36 गेंद में 64 रन की पारी की बदौलत 19.1 ओवर में आठ विकेट पर 226 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेंकटेश को गेंदबाजी में उनके कप्तान रजत पाटीदार ने केवल एक ओवर दिया जिसमें उन्होंने 12 रन दिए।

### मुंबई ने राजस्थान को तीन विकेट से हराया

**पुणे।** अजिंक्य रहाणे के नाबाद 72 रन और सरफराज खान के 22 गेंद में 73 रन की मदद से मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ग्रुप बी के मैच में राजस्थान को तीन विकेट से हराया। रहाणे ने 41 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 72 रन बनाए लेकिन सरफराज ने 22 गेंद में 73 रन की पारी में सात छक्के और छह चौके जड़े। जीत के लिए 217 रन के लक्ष्य के जवाब में मुंबई ने विकेट गंवाने के बावजूद रनगति बनाए रखी और 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। रहाणे और सरफराज ने दूसरे विकेट के लिए 39 गेंद में 111 रन जोड़े। सरफराज को मानव सुतार ने आउट किया, जिन्होंने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट चटकाये । अंगकृष रघुवंशी (0), साइराज पाटिल (चार), सूर्यांश शेडगे (10) और कप्तान शारदुल ठाकुर (दो) के सस्ते में आउट होने के बाद रहाणे को अथर्व अंकोलेकर से सहयोग मिला।

### एससीओ युवा डेल्फिक खेलों के लिए भारत ने भेजा दल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय पाइथियन परिषद (आईपीसी) ने घोषणा की कि 57 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले युवा डेल्फिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। किर्गिस्तान के बिश्केक में 23 से 28 मार्च तक होने वाला यह आयोजन वैश्विक सांस्कृतिक कूटनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। भारतीय इतिहास में पहली बार कलाकारों की राष्ट्रीय टीम आधुनिक पाइथियन खेलों के बैनर तले किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। ओलंपिक जैसे प्रमुख खेल आयोजनों की तर्ज पर इस 57 सदस्यीय दल को विशिष्ट श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करना होगा।

# अंडर 19 एशिया कप में डबल सेंचुरी लगाने वाले पहले भारतीय बने कुंडू

भारत ने मलेशिया को 315 रन से हराया

एजेंसी ▸▸ दुबई

अंडर 19 एशिया कप में भारत के लिए ही नहीं किसी भी टीम के बल्लेबाज के सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड अब टूट चुका है। भारत के अभिज्ञान कुंडू ने मंगलवार को मलेशिया के खिलाफ 209 रन की ऐतिहासिक नाबाद पारी खेली और सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। उन्होंने इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले पाकिस्तान के समीर मिन्हास (177) और भारत के वैभव सूर्यवंशी (171) को पीछे छोड़ा।

वहीं वह अंडर 19 एशिया कप के 36 साल के इतिहास में डबल सेंचुरी लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भी बने। उन्होंने अपनी 125 गेंद की पारी में नाबाद 209 रन बनाए जिसमें 17 चौके और 9 छक्के शामिल थे। वह इसी के साथ मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा ओवरऑल रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने पाकिस्तान के समीर मिन्हास (220) को पीछे छोड़ा।



अभिज्ञान कुंडू 209*रन

### मलेशिया की टीम 93 रन पर आउट

दुबई। भारत ने अंडर 19 एशिया कप मैच में मलेशिया को 315 रन से हराया। यह रनों के अंतर से युवा वनडे में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2022 में भारत ने युगांडा को 322 रन से हराया था। भारत ने सात विकेट पर 408 रन जोड़े। मलेशिया की टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई।

### अंडर-19 एशिया कप 2025 के टॉप 5 बल्लेबाज

| खिलाड़ी | देश | मैच | पारी | रन |
|---|---|---|---|---|
| अभिज्ञान कुंडू | भारत | 3 | 3 | 265 |
| समीर मिन्हास | पाकिस्तान | 3 | 3 | 220 |
| वैभव सूर्यवंशी | भारत | 3 | 3 | 216 |
| अयान मिस्बाह | यूएई | 2 | 2 | 166 |
| जवाद अबरार | बांग्लादेश | 2 | 2 | 166 |

### अंडर 19 एशिया कप के शीर्ष स्कोरर

| | |
|---|---|
| अभिज्ञान कुंडू (भारत) | 209* (बनाम मलेशिया), 2025 |
| सौम्य सरकार (बांग्लादेश) | 209 (बनाम कतर), 2012 |
| समीर मिन्हास (पाकिस्तान) | 177* (बनाम मलेशिया), 2025 |
| मीत भवसर (कुवैत) | 175*(बनाम नेपाल), 2021 |
| वैभव सूर्यवंशी (भारत) | 171 (बनाम यूएई), 2025 |

### वैभव का तूफानी अर्धशतक

वैभव ने मलेशिया के खिलाफ तूफानी पारी खेलते हुए शानदार अर्धशतक जड़ दिया। वैभव ने भारतीय पारी का धमाकेदार अंदाज में आगाज किया और एक छोर से विकेट गिरने के बावजूद क्रीज पर पैर जमाते हुए तेजी से रन बटोरे। वैभव ने 200 के स्ट्राइक रेट से अर्धशतक जड़ने का बड़ा कारनामा किया। 25 गेंदों पर अर्धशतक जड़ने के बाद वैभव की नजरें तेजी से शतक पूरा करने पर लगी थी कि तभी मलेशियाई गेंदबाज मुहम्मद अकरम ने भारत को तीसरा झटका दे दिया।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला जीत पर भारत की नजरें, चौथा टी-20 आज

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

शुभमन गिल का खराब प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन साथ ही खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव भी समीक्षा के दायरे में हैं क्योंकि भारत बुधवार को चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सही संतुलन तलाश कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगा।

तीसरे मैच में सूर्यकुमार के पास वह लय हासिल करने का अच्छा मौका था, जिसने उन्हें दुनिया का शीर्ष बल्लेबाज बनाया था क्योंकि भारत 118 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा किया कर रहा था लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया और सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हो गए।

एक समय उनका दबदबा स्थापित करने वाले शॉट अनियमित परिणाम दे रहे हैं और धर्मशाला में मैच भी अलग नहीं था क्योंकि वह अपना चिर-परिचित पिक-अप शॉट खेलते हुए आउट हुए, जो उनके निरंतर संघर्ष को उजागर करता है।



### द.अफ्रीका ने 28 में से गंवाए 18 मैच

दक्षिण अफ्रीका ने सबसे छोटे प्रारुप में 28 में से 18 मैच गंवाए हैं, जो प्रदर्शन में निरंतरता की कमी को दर्शाता है। दक्षिण अफ्रीका को व्यवस्थित संयोजन की तलाश है और इसके लिए टीम प्रबंधन लगातार बदलाव कर रहा है, जिससे खिलाड़ी लय हासिल नहीं कर पा रहे और टीम को मैच गंवाने पड़े हैं। पिछले सत्र की उपविजेता टीम के पास नौ फरवरी को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच से पूर्व अंतिम एकादश को अंतिम रूप देने के लिए पांच मैच बचे हैं, जिसमें से दो भारत के खिलाफ जबकि तीन घरेलू सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ हैं।

## 26 मार्च से आईपीएल का आगाज, 31 मई को फाइनल

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सत्र का आयोजन 26 मार्च से 31 मई तक किया जाएगा लेकिन यह देखना होगा कि भगदड़ में लोगों की मौत के कारण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सभी बड़े क्रिकेट आयोजन रुकने के बाद गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के घरेलू मैदान को मेजबानी का मौका मिलता है या नहीं। स्थापित नियमों के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी का मौका मिलना चाहिए क्योंकि घरेलू टीम आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था लेकिन जब तक भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पूर्ण कार्यक्रम जारी नहीं करता तब तक स्थिति स्पष्ट होने की संभावना नहीं है। इस साल जून में आरसीबी के जीत के जश्न के दौरान सड़कों पर लाखों लोगों की भीड़ जुटने के बाद आयोजन स्थल पर अराजकता और भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि आयोजन स्थल को कर्नाटक सरकार से सशर्त मंजूरी मिल गई है लेकिन मौतों के बाद इसे आवश्यक सुरक्षा मानकों को पूरा करने की भी आवश्यकता है।


# एडिलेड टेस्ट के लिए कमिंस, लियोन की ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग में वापसी, ख्वाजा बाहर

ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे

एजेंसी ▸▸ एडीलेड

अनुभवी उस्मान ख्वाजा इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकादश में चयन से चूक गए हैं क्योंकि ट्रेविस हेड को जेक वेदराल्ड के साथ पारी का आगाज करने के लिए चुना गया है।

अपने 39वें जन्मदिन से सिर्फ दो दिन दूर ख्वाजा को एडीलेड ओवल में बुधवार से शुरू होने वाले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकादश में जगह नहीं मिली। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है और एडीलेड में जीत या ड्रॉ के साथ एशेज बरकरार रख सकता है। ऑस्टेलियाई टीम में ब्रेंडन डोगेट और माइकल नेसर की जगह कप्तान पैट



कमिंस और नाथन लियोन की गेंदबाजी आक्रमण में वापसी हुई है जबकि शीर्ष सात में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसका मतलब है कि जोश इंग्लिस सातवें नंबर पर बरकरार रहेंगे जबकि ख्वाजा को पीठ की ऐंठन के कारण ब्रिस्बेन टेस्ट में जगह बनाने से चूकने के बाद दोबारा शामिल नहीं किया गया।

**ऑस्टेलियाई टीम**

**ऑस्ट्रेलिया :** जैक वेदराल्ड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड।

टेनिस

# सबालेंका लगातार दूसरी बार बनीं डब्ल्यूटीए की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

एरिना सबालेंका ने लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। उन्हें अमेरिकी ओपन जीतने, दो अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने और सत्र का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करने के लिए मीडिया पैनल से लगभग 80 प्रतिशत वोट मिले।

सबालेंका पिछले 25 वर्षों में सेरेना विलियम्स और इगा स्वियातेक के साथ लगातार दो बार यह सम्मान जीतने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। बेलारूस की 27 साल की सबालेंका 2025 में महिला टेनिस में मैच जीतने (63 जीत, 12 हार), खिताब जीने (चार) और फाइनल में पहुंचने (नौ) में सबसे आगे रहीं। उन्होंने एक करोड़ 50 लाख डॉलर की इनामी राशि जीतकर टूर रिकॉर्ड बनाया।

वह पूरे साल नंबर एक खिलाड़ी रहीं। सबालेंका जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मेडिसन कीज से और जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोको गॉफ से हार गईं थी। वह जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचीं और फिर सितंबर में अमेरिकी ओपन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को हराकर अपने करियर की चौथी ग्रैंड स्लैम एकल ट्रॉफी जीती।

### अनिसिमोवा चुनी गईं सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी

अमेरिका की 24 साल की अनिसिमोवा को विंबलडन और अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने के लिए सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी चुना गया। वह तीन और टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं, जिसमें दोहा और बीजिंग में डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतना भी शामिल है। अनिसिमोवा ने 2024 का अंत रैंकिंग में 36वें स्थान पर किया था लेकिन 2025 के आखिर में नंबर चार पर पहुंच गईं। सोमवार को अन्य पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में विकी म्बोको को साल की सर्वश्रेष्ठ नई खिलाड़ी, बेलिंडा बेनसिक को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और कैटरीना सिनियाकोवा तथा टेलर टाउनसेंड को साल की सर्वश्रेष्ठ युगल टीम चुना गया।

आज से शुरू होगा बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स टूर्नामेंट

# 'ग्रुप ऑफ डेथ' में सात्विक-चिराग की अग्निपरीक्षा

एजेंसी ▸▸ हांगझोउ

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को 17 दिसंबर से शुरू होने वाले सत्रांत बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को उस ग्रुप में जगह मिली है, जिसे 'ग्रुप ऑफ डेथ' (सबसे मुश्किल ग्रुप) माना जा रहा है।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हर वर्ग में आठ शीर्ष खिलाड़ी या जोड़ियां शामिल होती हैं, जिनका चयन विश्व टूर कैलेंडर में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। दुनिया की पूर्व नंबर एक और अब तीसरे नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी इस एलीट प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग को ग्रुप बी में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा क्योंकि इस ग्रुप में कई ओलंपिक पदक विजेता शामिल हैं।



### शीर्ष दो जोड़ियां बनाएंगी सेमीफाइनल में जगह

प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो जोड़ियां सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी और ऐसे में गलती की गुंजाइश बहुत कम है। सात्विक और चिराग ने इस साल कोई खिताब नहीं जीता लेकिन भारतीय जोड़ी ने चोट के कारण ब्रेक के बाद वापसी करते हुए निरंतरता और लचीलापन दिखाया है। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक के साथ फॉर्म में वापसी की और हांगकांग ओपन तथा चीन मास्टर्स में उपविजेता रहे। भारतीय जोड़ी मलेशिया ओपन, इंडिया ओपन, सिंगापुर ओपन, चीन ओपन और डेनमार्क ओपन में भी सेमीफाइनल में पहुंची।

### भारतीय जोड़ी का पहला मैच चीन से

भारतीय जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ करेगी, जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता हैं। इसके बाद उनकी भिड़ंत इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री से होगी। शुक्रवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारतीय जोड़ी अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी आरोन चिया और सोह वूई यिक की मलेशियाई जोड़ी से भिड़ेगी, जो पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता हैं। चिया और यिक को दूसरी वरीयता मिली है। आमने-सामने के रिकॉर्ड की बात करें तो सात्विक और चिराग ने दुनिया की सातवें नंबर की चीन की जोड़ी के खिलाफ तीन मैच जीते हैं जबकि सात मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।




## अपनी विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव इथोपिया पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, यहां उन्हें देश का सबसे बड़ा यानी सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया

# अदीस अबाबा हवाई अड्डे पर हुआ भव्य स्वागत इथोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. अली ने की अगवानी

हवाई अड्डे पर ही पारंपरिक कॉफी समारोह में भाग लेने के बाद पीएम अली के साथ कार में बैठकर विज्ञान संग्रहालय देखने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव इथोपिया पहुंचे। जहां अदीस अबाबा हवाई अड्डे पर लाल नहीं बल्कि प्रकृति के वास्तविक कहे जाने वाले हरे और पीले रंग के मिश्रण वाले एक सुंदर कालीन को बिछाकर उनका जोरदार अंदाज में स्वागत किया गया। जिसके दोनों ओर रखे गए रंग-बिरंगे फूल भी अपनी अनोखी छटा बिखेर रहे थे। इथोपिया के प्रधानमंत्री डॉ.अबी अहमद अली ने व्यक्तिगत रूप से हवाईअड्डे पर पहुंचकर पीएम मोदी की अगवानी की। इसके अलावा वहां पर बड़ी तादाद में मौजूद छात्रों ने अपने हाथों में भारत और इथोपिया के झंडे लेकर भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी इथोपिया की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा के तहत अदीस अबाबा पहुंच गए हैं। हवाई अड्डे पर उनके आगमन के वक्त इथोपिया के प्रधानमंत्री डॉ.अली ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मंत्रालय ने कहा कि भारत और इथोपिया के बीच ऐतिहासिक संबंध हैं। जिनका आधार जन-जन के बीच स्थापित मजबूत संबंध हैं। इथोपियाई नेतृत्व का यह विशेष स्वागत विकासशील देशों के रूप में साझेदार दोनों देशों द्वारा एक-दूसरे को दिए जाने वाले महत्व को दर्शाता है। पूर्व में मंत्रालय ने बताया था कि पीएम की इथोपिया यात्रा के दौरान शीर्ष नेतृत्व से होने वाली बातचीत में द्विपक्षीय के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। 16 से 17 दिसंबर तक पीएम मोदी इस अफ्रीकी देश में रहेंगे। 2011 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इथोपिया की यह पहली राजकीय यात्रा है।

### पीएम का पारंपरिक 'कॉफी स्वागत'

पीएम मोदी ने अपनी कुछ एक्स पोस्ट के जरिए इथोपिया में लैंड करने और वहां मिले बेहतरीन स्वागत की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। सबसे पहली पोस्ट में पीएम ने लिखा, कुछ देर पहले ही अदीस अबाबा पहुंचा हूं। प्रधानमंत्री अली द्वारा हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के भाव से मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इथोपिया एक महान इतिहास और जीवंत संस्कृति वाला देश है। भारत-इथोपिया के बीच गहरे सभ्यतागत संबंध हैं। मैं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए इथोपियाई नेतृत्व के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी लिखते हैं कि अदीस अबाबा हवाई अड्डे पर मैंने प्रधानमंत्री अली के साथ एक पारंपरिक कॉफी समारोह में भाग लिया। यह समारोह इथोपिया की समृद्ध विरासत को दर्शाता है।

### साथ कार में बैठकर गए विज्ञान संग्रहालय

पीएम ने ये भी बताया कि हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के बाद प्रधानमंत्री अली मुझे अपने साथ कार में बैठाकर शहर के विज्ञान संग्रहालय को दिखाने के लिए ले गए। इथोपिया का ये संग्रहालय विज्ञान और नवाचार के तमाम पहलुओं को बखूबी प्रदर्शित करता है। साथ ही यह भी बताता है कि कैसे इनका उपयोग इथोपिया की प्रगति के लिए किया जा सकता है?

---

## खबर संक्षेप

### प्रियंका गांधी से मिले प्रशांत किशोर, दो घंटे हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त झेलने के



बाद जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की है और दोनों के बीच लगभग 2 घंटे तक बैठक चली। दोनों नेताओं की इस मुलाकात को लेकर सियासी गलियारो में अटकलों का दौर शुरू हो गया है। दोनों नेताओं की मुलाकात इसलिए अहम है क्योंकि प्रशांत किशोर के कांग्रेस से पुराने रिश्ते रहे हैं। वहीं, इस मुलाकात को लेकर संसद में जब पत्रकारों ने प्रियंका गांधी से सवाल पूछा तो उन्होंने कहा ये कोई न्यूज है?

### पाक में बंदूक दिखाकर 18 यात्रियों का अपहरण

**इस्लामाबाद।** अज्ञात बंदूकधारियों ने बस में यात्रा कर रहे कम से कम



18 लोगों का अपहरण कर लिया है। जिन लोगों का अपहरण किया गया है वो बस से क्वेटा जा रहे थे। अपहरण की इस घटना के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक घटना सिंध प्रांत के घोटाकी इलाके के पास घटी है। अज्ञात बंदूकधारियों ने योजना के तहत वारदात को अंजाम दिया। बंदूकधारियों ने सिंध और पंजाब बॉर्डर के पास हाईवे लिंक रोड पर रात के समय बस पर फायरिंग की और फिर 18 लोगों का अपहरण कर लिया।

फायरिंग के दौरान बस चालक और कुछ यात्रियों के घायल होने की भी खबर है।

---

## बोले विदेश मंत्री, हनुक्का उत्सव में हुए आतंकी हमले पर जतायी संवेदनाएं, आतंकवाद की साझा चुनौती से निपटने के भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराया

# यरूशलम में इजरायल के विदेश मंत्री से हुई जयशंकर की



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इजरायल के विदेश मंत्रियों के बीच मंगलवार को यरूशलम में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें डॉ.जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया में हनुक्का उत्सव के दौरान हालिया हुए आतंकी हमले को लेकर गहरी संवेदना प्रकट की है। साथ ही आतंकवाद की इस साझा चुनौती से मुकाबला करने के अपने देश के दृढ़ संकल्प को मजबूती के साथ दोहराया। एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा कि बैठक में हमने दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और विभिन्न क्षेत्रों में इसके आगे विकास पर सार्थक चर्चा की है। हमारी वार्ता में क्षेत्रीय घटनाक्रम, गाजा शांति योजना और स्थायी व टिकाऊ शांति प्राप्त करने के प्रयासों पर भी विचार- विमर्श किया गया है।

यहां बता दें कि जयशंकर ने बीते सोमवार को मामले पर ऑस्टेलिया की विदेश मंत्री से भी फोन पर बातचीत कर भारत की ओर से संवेदनाएं प्रकट की थी। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देने की बात कही थी। विदेश मंत्री ने इजरायल के विदेश मंत्री के साथ मीडिया को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा, दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाते हैं।

साथ ही दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी बीते एक दशक में काफी मजबूत हुई है। यहां बता दें कि भारत के विदेश मंत्री की यह इजरायल यात्रा एक ऐसे दौर में हो रही है, जब दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते से लेकर इजरायल के प्रधानमंत्री की प्रस्तावित भारत यात्रा की तैयारियों में लगे हुए हैं।

### डिफेंस सेक्टर में भी सहयोग बढ़ा

*रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग तेजी से बढ़ा है। पिछले महीने भारत और इजराइल ने रक्षा, औद्योगिक और तकनीकी सहयोग को मजबूत करने के लिए एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत मॉडर्न टेक्नीन साझा की जाएगी और डिफेंस सेक्टर में को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन को बढ़ावा मिलेगा। भारत और इजराइल के रिश्ते सांस्कृतिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में भी मजबूत हो रहे हैं। दोनों देशों के बीच फिल्म महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कलाकारों के आदान-प्रदान किए जा रहे हैं। सोमवार को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और तेल अवीव यूनिवर्सिटी के बीच एक समझौता हुआ। जिसके तहत यूनिवर्सिटी में इंडिया चेयर की स्थापना की जाएगी।*

### पुलिस बोली- 27 साल पहले देश छोड़ा आखिरी बार 2022 में भारत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर को सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम भारत का था। 50 साल का साजिद मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था। उसने हैदराबाद से बीकॉम किया और स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवंबर 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं स्थायी रूप से बस गया। साजिद के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था। आतंकी हमले में शामिल साजिद का बेटा नवीद अकरम (24 वर्षीय) ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। साजिद की एक बेटी भी है। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक 1998 से पहले भारत में साजिद के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है।रिपोर्ट के मुताबिक साजिद आखिरी बार 2022 में भारत आया था। बताया गया है कि वह अपने पिता के निधन के समय भी भारत नहीं आया।

---

## गोवा नाइट क्लब, थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसंबर को फुकेट में

# 25 मौतों के 'गुनहगार' लूथरा ब्रदर्स दिल्ली लाए गए पुलिस ने अरेस्ट कर पटियाला हाउस कोर्ट





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा के नाइट क्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाइलैंड से दिल्ली लाया गया है। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्टपर उतरे। दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की एक टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं। क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसंबर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया। आज सुबह उन्हें बैंकॉक से भारत डिपोर्ट किया गया था। उत्तरी गोवा के आरपोरा गांव में स्थित नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' के सह-मालिक सौरभ और गौरव लूथरा ब्रदर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई 6 दिसंबर, 2025 की रात को लगी भीषण आग से संबंधित है। नाइट क्लब में लकड़ी की छत पर आग लग गई थी। धीरे-धीरे ये आग पूरे नाइट क्लब में फैल गई थी। इस भयंकर आग में पर्यटकों और कर्मचारियों सहित 25 लोगों की जान चली गई थी। सूत्रों के अनुसार, 9 दिसंबर को थाई अधिकारियों को पता चला कि भारतीय सुरक्षा एजेसियां जिन भाइयों को ढूंढ रही है, वे फुकेट में छिपे हैं।

भारतीय एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद थाई अधिकारियों ने पहले ही होटलों पर नजर रखनी शुरू कर दी थी। 11 दिसंबर को जब दोनों भाई होटल से बाहर खाना खाने के लिए निकले तो थाई इमिग्रेशन और पुलिस अधिकारियों ने उनकी पहचान और यात्रा की डिटेल्स वेरिफाई कीं और पकड़ लिया। दोनों पर गैर-इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।

### हादसे के बाद तत्काल थाईलैंड के टिकट बुक किए थे

*जांच एजेंसियों के मुताबिक, सौरभ और गौरव लूथरा ने थाईलैंड के लिए फ्लाइट टिकट उस समय बुक किए, जब गोवा में उनके नाइट क्लब में फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने और फंसे हुए लोगों को बचाने की कोशिश कर रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि लूथरा भाइयों ने 6 दिसंबर की रात 1:17 बजे ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी की वेबसाइट पर लॉग इन किया था। दोनों सुबह 5:30 बजे इंडिगो फ्लाइट 6ई1073 से दिल्ली से फुकेट के लिए रवाना हो गए।*

### फर्जी कंपनियों के डायरेक्टर या पार्टनर

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सौरभ और गौरव, बर्च क्लब के अलावा अन्य 42 कंपनियों से भी जुड़े हैं, जिनमें कई सिर्फ कागज पर मौजूद हैं। ये सभी कंपनियां दिल्ली में एक ही पते (2590, ग्राउंड फ्लोर, हडसन लाइन, नार्थ वेस्ट दिल्ली) पर रजिस्टर्ड हैं। कॉर्पोरेट रिकॉर्ड से पता चलता है कि लूथरा भाई फर्जी कंपनियों और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप में डायरेक्टर या पार्टनर के तौर पर लिस्टेड हैं। ऐसी कंपनियों का इस्तेमाल आमतौर पर बेनामी लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जाता है। हालांकि, अभी इसकी जांच होना बाकी है।

---

## रक्षा संपदा दिवस पर आयोजित समारोह में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## रक्षा संपदा के संगठन ने इनोवेशन और नियमित उन्नति की स्थायी संस्कृति के रूप में विकसित किया

# छावनी क्षेत्रों को और अधिक स्मार्ट, ग्रीन और सिटीजन-फ्रेंडली बनाना है मकसद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भविष्य की चुनौतियां हमारे सामने मुंह खोले खड़ी हैं। हमें उन चुनौतियों से भी निपटना है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात मंगलवार को कही। वह रक्षा संपदा दिवस पर आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। यहां उन्होंने इन चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे में एक बुनियादी प्रश्न हमारे सामने खड़ा होता है, कि क्या हम केवल प्रक्रियाओं को चलाने वाले संगठन बने रहेंगे, या एक ऐसे संस्थान बनेंगे जो सीखता भी है, बदलता भी है और रास्ता भी दिखाता है।

उन्होंने रक्षा संपदा के इस संगठन के अंदर इनोवेशन और नियमित उन्नति की एक स्थायी संस्कृति विकसित की। रक्षा मंत्री ने बताया कि



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया संबोधित

आने वाले वर्षों में हमें छावनी क्षेत्रों को और भी अधिक स्मार्ट, ग्रीन और सिटीजन-फ्रेंडली बनाना है। हमें ऐसा प्रशासन विकसित करना है, जो और ज्यादा सरल हो, रिस्पॉन्सिव हो और भविष्य के प्रति सजग हो। रक्षा मंत्री ने कहा कि छावनियों को हरा-भरा और स्वच्छ बनाना, जल संचयन पर काम करना, कचरा प्रबंधन में वैज्ञानिक अप्रोच अपनाना यह दिखाता है कि सुरक्षा और सस्टेनेबिलिटी साथ-साथ चल सकते हैं।

यह आने वाले समय के लिए एक मॉडल बन सकता है। उन्होंने कहा, मुझे इस बात की खुशी है, कि एक संस्था के रूप में रक्षा संपदा संगठन ने ग्राउंड-ऑरियेंटिड संस्थान की भूमिका निभाई है। आपने खुद को केवल फाइल्स, आदेश और नियम पुस्तिका तक सीमित न रखकर, देश के विकास से जोड़ा है। यह अपने आप में, आप सबके लिए, गर्व का विषय है। आज मैं देश के लिए, इंडियन डिफेंस स्टेट सर्विस के योगदान की सराहना करना चाहूंगा।

### असली ताकत हथियारों में नहीं बल्कि उसके सिस्टम में है

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज अगर हमारा रक्षा क्षेत्र इतनी तेजी से प्रगति कर रहा है, तो उसमें आपके इस समर्पण का भी बड़ा योगदान है। किसी भी राष्ट्र की ताकत केवल हथियारों से नहीं मापी जाती। उसकी असली ताकत उसके सिस्टम, उसके प्रशासन और उसके मूल्यों में होती है। प्रशासन अगर ईमानदार, पारदर्शी और संवेदनशील हो, तो वह उस राष्ट्र की सबसे मजबूत ढाल बन जाता है।

### 17 लाख एकड़ से अधिक रक्षा भूमि का प्रबंधन करते हैं

*लगभग दो सौ वर्षों से भी अधिक समय से, इस सर्विस ने जिस परंपरा और जिस विरासत का निर्माण किया है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए, वो कम है। आज हमारी डिफेंस स्टेट का दायरा कितना व्यापक और कितना महत्वपूर्ण है, इसे सिर्फ इस बात से समझा जा सकता है, कि आप लोग 17 लाख एकड़ से भी अधिक रक्षा भूमि का प्रबंधन करते हैं। यह कोई साधारण जिम्मेदारी नहीं है। यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि हमारी जो रक्षा भूमि है, वह महज जमीन का टुकड़ा भर नहीं है।*

---

## सुरक्षा बलों को मिला हथियारों का जखीरा

# मणिपुर में दो प्रतिबंधित संगठनों के 5 उग्रवादी किए गए गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में सुरक्षा बलों के एक संयुक्त अभियान में पिछले 24 घंटों के दौरान तीन अलग-अलग जिलों से दो बैन संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, कुछ हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मणिपुर पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि बैन किए गए पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेइपाक (पीआरईपीएक) और कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के पांच उग्रवादियों को



हथियारों का जखीरा

बिष्णुपुर, इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व जिलों में अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व जिले से सुइमी अवुंगशी (53), जो कामजोंग जिले का रहने वाला है, नाम के एक ड्रग पेडलर को भी एक किलो ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109